नई दिल्ली

बुधवार 28 अक्टूबर 2026

कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
तृतीया वर्ष : 30, अंक : 191
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 29
न्यून. 17

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

उड़ गया न्यूजीलैंड, भारत का सीरीज पर कब्जा

अभिषेक ने 'फोड़ा' सूर्यवंशी ने 'तोड़ा'



अभिषेक ने 38 गेंद में बनाए 113

वैभव ने 19 गेंदों पर 45 रन ठोके

कोहली का रिकॉर्ड तोड़ बने टी20 में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय अभिषेक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अभिषेक शर्मा और वैभव सूर्यवंशी की तूफानी बल्लेबाजी के दम पर भारत ने न्यूजीलैंड को तीसरे टी20 मुकाबले में छह विकेट से हराकर सीरीज में 3-0 की अजेय ▶▶शेष पेज 5 पर

टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन कॉन्क्लेव में बोले पीएम मोदी

हम पहले प्रयास में ही मंगल ग्रह तक पहुंचे, देश के युवा जिस स्किल पर सोच रहे और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहे, वह भी उत्साह जनक दिख रहा

हमारा लक्ष्य- नई टेक्नोलॉजी बनाना, दिशा तय करना और दुनिया की समस्याओं के समाधान देने की शक्ति विकसित करना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम मोदी मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित इमर्जिंग साइंस-टेक्नोलॉजी और इनोवेशन कॉन्क्लेव में में दर्शकों को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत के युवा जिस स्किल पर सोच रहे हैं, जिस आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहे हैं, वह उत्साह बढ़ाने वाला है। आज हम पहले प्रयास में ही मंगल ग्रह तक पहुंचते हैं। हम चंद्रमा के उस दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचते हैं, जहां कोई नहीं पहुंच पाया। दुनिया में कुछ इनोवेटिव होता था ▶▶शेष पेज 5 पर



कोरोना काल में हमें दूसरे देशों को भी वैक्सीन भेजी

पीएम ने कहा कि कोरोना काल में हमने इसका उदाहरण देखा है। जब दुनिया के अनेक देश वैक्सीन की उपलब्धता को लेकर चुनौतियों का सामना कर रहे थे, भारत ने अपनी वैक्सीन विकसित की। भारत ने बड़े स्तर पर वैक्सीनेशन किया और दूसरे देशों को भी वैक्सीन भेजी। यही 21वीं सदी के भारत का आत्मविश्वास है।

ज्ञान और खोज पर आधारित रही है भारत की संस्कृति

प्रधानमंत्री ने कहा कि शून्य की खोज से लेकर संख्या प्रणाली के विकास और खगोल विज्ञान में प्रगति तक, भारत की संस्कृति हमेशा ज्ञान और खोज पर आधारित रही है।

सीएसआईआर का आयोजन

इसका आयोजन वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) कर रही है। यह सम्मेलन ▶▶शेष पेज 5 पर

Dinh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

पत्रकार को धक्का देने में राहुल को नोटिस

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को तीन महीने की गर्भवती महिला पत्रकार की



याचिका पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को नोटिस जारी किया। पत्रकार ने आरोप लगाया है कि सुप्रीम कोर्ट की ओर मार्च के दौरान राहुल गांधी ने उन्हें धक्का दिया था, जिससे वह गिर गईं और उन्हें गंभीर चोटें आईं। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

रिजर्व कोच में चोरी हुई तो यात्री को मिलेगा मुआवजा

नई दिल्ली। ट्रेन के आरक्षित कोच में अनधिकृत लोगों के प्रवेश को रोकना रेलवे की जिम्मेदारी है।



इसमें लापरवाही के कारण यात्री का सामान चोरी होता है, तो रेलवे जवाबदेही से बच नहीं सकता। दिल्ली राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने यह टिप्पणी करते हुए नॉर्दर्न रेलवे की अपील खारिज कर दी।

माइक्रोसॉफ्ट ने 60 हजार कर्मचारियों को दिया ऑफर

नई दिल्ली। माइक्रोसॉफ्ट ने सोमवार को अमेरिका, कनाडा, भारत और ब्रिटेन में वॉलेंटरी



एग्जिट ऑफर शुरू किया है। इसके तहत 70 या उससे कम स्तर के पात्र कर्मचारियों को स्वेच्छा से नौकरी छोड़ने का विकल्प दिया गया है। रिपोर्ट के अनुसार करीब 60 हजार कर्मचारी इसके दायरे में हैं, जो कंपनी के कुल 2.23 लाख कर्मचारियों का 22 प्रतिशत है।

राजधानी के संसद भवन में जारी 12वें ब्रिक्स संसदीय मंच का सफलतापूर्वक हुआ समापन

वैश्विक चुनौतियों का स्थायी समाधान सिर्फ बातचीत और सहयोग से ही संभवः बिरला

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी स्थित संसद भवन में बीते 26 अक्टूबर से जारी दो दिवसीय 12वें ब्रिक्स संसदीय मंच का मंगलवार को औपचारिक रूप से समापन हो गया है। भारत की मेजबानी में हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर के इस आयोजन के दौरान समूह के तमाम भागीदार सदस्य देशों के प्रतिनिधिमंडलों ने सर्वसम्मति के साथ एक संयुक्त घोषणापत्र को स्वीकार किया।

वहीं, मंच के माध्यम से ब्रिक्स ने पश्चिम-एशिया सहित खाड़ी क्षेत्र में लगातार बढ़ते तनाव पर गंभीर चिंता व्यक्त की और अपने-अपने राष्ट्रीय रुख को दोहराते हुए सभी पक्षों से अधिकतम संयम बरतने का आह्वान किया है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अपने समापन भाषण में कहा कि इस घोषणापत्र में पिछले सितंबर महीने हमारे देश की अध्यक्षता में हुए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के अंत में जारी किए गए नई दिल्ली घोषणापत्र में बनी सहमति को मजबूती के साथ दोहराया गया है। सीमापार आतंकवाद, उसके वित्तपोषण, सुरक्षित ▶▶शेष पेज 5 पर

समूह के संसदीय प्रतिनिधिमंडलों ने सर्वसम्मति से जारी किया संयुक्त घोषणा पत्र



लोकसभा अध्यक्ष ने चीन को सौंपी ब्रिक्स संसदीय मंच की अध्यक्षता की जिम्मेदारी

समाधान के लिए शांति, संवाद यूं जरूरी

उन्होंने कहा कि दुनिया के कई भागों में चल रहे संघर्षों का शांतिपूर्ण ढंग से स्थायी समाधान युद्ध में नहीं बल्कि संबंधित पक्षों के बीच संवाद, शांति और प्रतिस्पर्धा में नहीं बल्कि सहयोग में है। यह घोषणापत्र ही है, जिसमें संयुक्त राष्ट्र के सिद्धांतों, संप्रभु समानता, परस्पर सम्मान, विकास के बराबर अवसरों की मौजूदगी सहित आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने को लेकर समूह देशों की प्रतिबद्धता मौजूद है। विकासात्मक-जलवायु एजेंडे के साथ ही डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर रिपॉजिटरी का विस्तार, नैतिक एआई, समान लेकिन पृथक उत्तरदायित्वों के सिद्धांतों के पालन जैसे मुद्दे भी घोषणापत्र का हिस्सा बने हैं।

युवाओं की नजर में होगा मूल्यांकन

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि मेरी राय में वैश्विक शांति का वास्तविक रूप में अर्थ सुरक्षा, सम्मान, न्याय और सभी के लिए खासकर युवा पीढ़ी के लिए एक बेहतर भविष्य का आश्वासन है। भावी पीढ़ियां आज के नेताओं का मूल्यांकन उसी सुरक्षा, समृद्धि के तहत करेंगे। जो वह अपने पीछे छोड़कर जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि भागीदार देशों की पृष्ठभूमि, परिस्थितियां और चुनौतियां अलग-अलग हैं। बावजूद इसके मानवता के कल्याण, शांति-समृद्धि के लिए सभी की समूह के लिए साझा प्रतिबद्धता गठबंधन की शक्ति है।

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने ब्रिक्स संसदीय मंच को वैश्विक सहयोग का बताया अहम स्तंभ



नई दिल्ली(ब्यूरो)। राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन ने मंगलवार को संसद भवन में 12वें ब्रिक्स संसदीय मंच में भाग लेने आए सदस्य और साझेदार देशों के पीठासीन अधिकारियों तथा प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों के सम्मान में दोपहर भोज का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने ब्रिक्स को वैश्विक सहयोग का महत्वपूर्ण स्तंभ बताते हुए कहा कि यह मंच विविध संस्कृतियों, समृद्ध इतिहास और गतिशील अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों को संतुलित, समावेशी और समृद्ध विश्व ▶▶शेष पेज 5 पर

भाजपा का लक्ष्य 2027 में कमल खिलाना और विकसित गोवा के संकल्प को साकार करनाः नवीन

कहा, कांग्रेस के लिए संविधान का कोई महत्व नहीं है, गांधी परिवार जो निर्णय लेता है, वे उसी को देश का संविधान बनाना चाहते हैं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने मंगलवार को गोवा के चिंबल में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित किया और कहा कि संविधान और लोकतंत्र की दुहाई देने वाली कांग्रेस ने ही आपातकाल लगाकर लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर किया था। कांग्रेस की राजनीति में परिवारवाद और तुष्टीकरण हावी है, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार सेवा, समर्पण, विकास और जनकल्याण के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। नवीन ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री प्रमोद सावंत के नेतृत्व में भाजपा सरकार वर्ष 2037 तक विकसित गोवा का लक्ष्य पूरा करेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दामोदर नाइक, भाजपा के राष्ट्रीय सह-संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं गोवा प्रभारी भारती पवार, सह-प्रभारी अनिल एंटनी, राज्यसभा सांसद सदानंद तानावड़े सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

अध्यक्ष ने गिनाए खुशी के 3 कारण

नवीन ने कहा कि जब तक भाजपा का कार्यकर्ता उत्साह और ऊर्जा के साथ जमीन पर संघर्ष करता रहेगा, तब तक कोई प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को हिला नहीं सकता। आज भारतीय जनता पार्टी, गोवा प्रदेश की कार्यसमिति की बैठक में मुझे तीन बातों से बड़ी खुशी हो रही है। पहली, गोवा के इस कार्यालय का नाम अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर रखा गया है। इसके निर्माण में सहयोग करने वाले सभी लोगों और मजदूरों का मैं अभिनंदन करता हूँ। दूसरी, सभागार का नाम मनोहर पर्रिकर के नाम पर रखा गया है, जिसके लिए गोवा प्रदेश की पूरी टीम बधाई की पात्र है। कार्यकर्ताओं के चेहरों पर दिख रहा विश्वास मुझे आश्वस्त कर रहा है कि गोवा में 2027 में हर बूथ पर कमल खिलेगा। गोवा की टीम ने तय कर लिया है कि इस बार केवल सरकार ही नहीं बनानी है, बल्कि मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत के नेतृत्व ▶▶शेष पेज 5 पर

चुनाव आयोग का सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामा भ्रामक भी है और छलपूर्ण भी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि उच्चतम न्यायालय में सोमवार शाम दाखिल किया गया उसका हलफनामा भ्रामक, छलपूर्ण और दोहरी नीयत से भरा है। उन्होंने इसे चुनाव आयोग के लिए भी बेहद नुकसानदेह बताया। रमेश ने मतदाता पंजीकरण प्रपत्र में कथित गैरकानूनी संशोधन, विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया, चुनाव आयुक्तों की आपत्तियों और मतदाता सूची के प्रबंधन में तकनीकी तंत्र ▶▶शेष पेज 5 पर

जयराम रमेश ने विशेष गहन पुनरीक्षण, मतदाता सूची में संशोधन और तकनीकी तंत्र के इस्तेमाल को लेकर आयोग पर लगाए गंभीर आरोप

मतदाता पंजीकरण प्रपत्र-6 में संशोधन को लेकर सवाल

रमेश ने आरोप लगाया कि मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए इस्तेमाल होने वाले प्रपत्र-6 के साथ नए अनिवार्य घोषणा-पत्र को लेकर चुनाव आयोग ने विरोधाभासी दावे किए हैं। उनके अनुसार, पहले आयोग ने दावा किया था कि इस घोषणा-पत्र को उच्चतम न्यायालय ने सही ठहराया है, लेकिन बाद में अदालत ने इस दावे का खंडन किया। उन्होंने ▶▶शेष पेज 5 पर

मुख्य चुनाव आयुक्त के फैसलों पर उठाए सवाल

कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग विशेष गहन पुनरीक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण आदेशों को तीनों चुनाव आयुक्तों की मंजूरी मिलने का दावा कर मामले को दूसरी दिशा में ले जाने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि दोनों चुनाव आयुक्तों ने मुख्य चुनाव आयुक्त के आदेशों से जुड़े ▶▶शेष पेज 5 पर

ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग पर विपक्ष की 1 नवंबर को बड़े प्रदर्शन और मार्च की तैयारी

रामलीला मैदान को लेकर कांग्रेस की 'लीला'

दिल्ली पुलिस पर वेणुगोपाल ने भी लगाया रोकने टोकने का आरोप, पुलिस का इनकार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग को



लेकर विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' और केंद्र सरकार के बीच टकराव तेज हो गया है। कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर विपक्ष की आवाज दबाने का आरोप लगाते हुए कहा कि गठबंधन के 21 राजनीतिक दलों ने ज्ञानेश कुमार के खिलाफ सार्वजनिक महाभियोग कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई थी, लेकिन दिल्ली में कार्यक्रम की तैयारियों को रोकने की कोशिश की गई। वेणुगोपाल के अनुसार, यह कार्यक्रम 1 नवंबर को प्रस्तावित बड़े प्रदर्शन और मार्च से पहले आयोजित किया जाना था। इसके लिए पहले अशोक होटल में आयोजन की अनुमति मांगी गई थी, लेकिन वहां अनुमति नहीं ▶▶शेष पेज 5 पर

30 अक्टूबर को प्रतीकात्मक महाभियोग, 1 नवंबर को महारैली

कांग्रेस की योजना के अनुसार, 30 अक्टूबर को मुख्य निर्वाचन आयुक्त के खिलाफ प्रतीकात्मक सार्वजनिक महाभियोग की कार्यवाही आयोजित की जानी है। इसके बाद 1 नवंबर को रामलीला मैदान में महारैली और मार्च प्रस्तावित है। विपक्ष इस अभियान के माध्यम से मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण और कथित चुनावी अनियमितताओं के मुद्दे को प्रमुखता से उठाना चाहता है।

दिल्ली पुलिस ने आरोपों पर दी अलग सफाई

दूसरी ओर, दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने स्पष्ट किया है कि रामलीला मैदान में 1 नवंबर को होने वाली कांग्रेस की महारैली की अनुमति वापस नहीं ▶▶शेष पेज 5 पर

चीता स्टेट मप्र का ये पहला मामला

कूनो के 19 माह के चीते को गोली मारी, मिले छर्रे

बछड़ों का शिकार करने के बाद चीते पर हमला हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कूनो नेशनल पार्क से निकलकर मुरैना पहुंचे 19 महीने के मादा चीते को गोली मार दी गई। गोली लगने से चीते की मौत हो गई है।

रविवार को बछड़ों का शिकार करने के बाद चीते पर हमला किया गया था। पहले जानकारी सामने आई थी कि ग्रामीणों ने चीते को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया था। हालांकि, अब जबलपुर वेटरनरी कॉलेज की डॉक्टर डॉ.



शोभा जावरे ने चीते को गोली लगने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन के दौरान चीते के शरीर से छर्रे निकाले गए हैं। देश में किसी चीते को गोली मारने का यह दूसरा मामला है। कूनो नेशनल पार्क के चीतों की सुरक्षा पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है।

पार्क से बाहर निकलने वाले चीते सुरक्षित नहीं हैं। इन चीतों को कॉलर आईडी लगाई गई है, वन विभाग की टीमें लगातार उनकी निगरानी कर रही हैं। इसके बावजूद मादा चीते को गोली मार दी गई। वाइल्ड लाइफ एक्टिविस्ट अजय दुबे का कहना है कि कूनो नेशनल पार्क के चीतों की लगातार ट्रैकिंग की जाती है। वन विभाग की टीमें भी उन पर नजर रखती हैं। इसके बावजूद चीते पर हमला होना गंभीर लापरवाही है। इस मामले की सीबीआई जांच होना चाहिए।

लिप सिंकिंग और वॉयस क्लोनिंग का उपयोग होता है

अरुणाचल प्रदेश में चीन के कब्जे वाले सोशल मीडिया वीडियो की सेना ने खोली पोल

वीडियो को बताया पूरी तरह से गलत और भ्रामक, नागरिकों से की अतिरिक्त सतर्कता बरतने की अपील

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

क्या देश की पूर्वी सीमा से जुड़े अरुणाचल प्रदेश के कुछ इलाकों पर इन दिनों चीन का कब्जा है? क्या चीन की पीएलए सेना के कब्जे की वजह से ही भारतीय सेना राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनात अपने जवानों तक जरूरी रसद भी नहीं पहुंचा पा रही है? क्या पूर्वोत्तर में चीन के सैन्य वाहन भारत की सीमा में जबरन प्रवेश के साथ घुस आए हैं? ये वो बड़े और गंभीर सवाल हैं, जिनका जन्म बीते कुछ दिनों से सोशल ▶▶शेष पेज 5 पर



कालिया के बयान को तोड़ा-मरोड़ा गया

सेना ने एक्स पर अपने अकाउंट '@Mythbusterxx' के जरिए बताया कि सोशल मीडिया में प्रसारित हो रहे तमाम वीडियो को डिजिटल रूप से भ्रामक तरीके से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का इस्तेमाल कर तैयार किया गया है। आम बोलचाल की भाषा में इसे 'सिंथेटिक जनरेटेड इनफारमेशन' के नाम से जाना जाता है। जिसमें मूल वीडियो की जगह पर एआई से जुड़ी लिप सिंकिंग और वॉयस क्लोनिंग का उपयोग होता है। वीडियो में लेफ्टिनेंट जनरल गिरीश कालिया ये कहते हुए सुनाई ▶▶शेष पेज 5 पर

चार साल पुरानी ब्रीफिंग आतंकवाद पर थी

सेना ने ये भी बताया कि वीडियो में जनरल कालिया की जिस मीडिया ब्रीफिंग को आधार बनाकर यह झूठ परोसा जा रहा है। उसका संबंध लगभग चार साल पहले 27 अक्टूबर 2023 को जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में हुई वरिष्ठ सैन्य अधिकारी की एक प्रेस ब्रीफिंग से जुड़ा हुआ है। जिसमें उन्होंने अरुणाचल का किसी भी रूप में जिक्र नहीं किया। बल्कि उनका पूरा संबोधन सिर्फ और सिर्फ जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में भारत-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा (एलओसी) से जुड़े आतंकवाद रोधी अभियानों और आतंकी घुसपैठ ▶▶शेष पेज 5 पर

अपुष्ट सामग्री को लेकर चौकन्ने रहें

सेना ने आमजनता से भी यह अपील की है कि वो सोशल मीडिया पर आने वाली किसी भी जानकारी पर आंख बंद कर भरोसा न करे। किसी भी प्रकार के अपुष्ट वीडियो या दावों को बिना जांचे परखे आगे न बढ़ाएं? ऐसा कोई भी कदम उठाने से पहले आधिकारिक स्रोतों से मिल रही सूचना पर ही विश्वास करें।

26 लाख रुपये से अधिक नकद तथा एक पिस्तौल बरामद

44 लाख की लूट में छह गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



शाहदरा जिले में दिनदहाड़े हुई 44 लाख रुपये की लूट के मामले में मुख्य आरोपी समेत सभी छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से 26 लाख रुपये से अधिक नकद तथा एक पिस्तौल बरामद की गई।

डीसीपी राजेंद्र प्रसाद मीणा के अनुसार लूट की यह वारदात 27 अगस्त को मानसरोवर पार्क थाना क्षेत्र में हुई थी। पिस्तौल के बल पर शिकायतकर्ता का 44 लाख रुपये से भरा बैग छीन लिया गया था। मुख्य आरोपी सत्यम विश्वकर्मा उर्फ डेविल को उत्तर प्रदेश से दिल्ली लाए जाने के बाद 16 अक्टूबर को औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया गया और अदालत की मंजूरी के बाद चार दिन तक हिरासत में रखकर पूछताछ की गई। विश्वकर्मा की निशानदेही पर पुलिस ने लूट में इस्तेमाल किया गया हथियार बरामद किया। पिस्तौल और उसकी मैगजीन 18 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले में एक स्थान पर झाड़ियों से बरामद की गई। आरोपी ने भागते समय इसे कथित तौर पर वहां फेंक दिया था। केस में गिरफ्तार किए गए अन्य पांच आरोपियों के नाम प्रांजल तिवारी, सरब तिवारी उर्फ प्रफुल्ल, अमरीश तिवारी उर्फ चंचल, गौरव तिवारी और रामजीत हैं। प्रांजल ने नकदी ले जाने के समय के बारे में अन्य आरोपियों को जानकारी दी थी, जिससे लूट की वारदात को अंजाम दिया जा सका। पुलिस ने बताया कि सरब ने लूट को अंजाम देने वालों और मुख्य आरोपी के बीच समन्वय का काम किया, जबकि अमरीश लूट के दौरान मुख्य आरोपी के साथ मौजूद था। गौरव ने आरोपियों के ठहरने की व्यवस्था की और रामजीत ने भागने के लिए वाहन मुहैया कराया और उन्हें गिरफ्तारी से बचने में मदद की थी। डीसीपी मीणा के अनुसार पुलिस ने शुरू में 3.90 लाख रुपये बरामद किए और अपराध में इस्तेमाल की गई एक कार तथा तीन मोबाइल फोन जब्त किये। सुल्तानपुर में एक अन्य अभियान के दौरान पुलिस ने मुख्य आरोपी की 19 वर्षीय बहन के पास से 22.51 लाख रुपये की नकदी बरामद की। आरोपी की बहन को चोरी की रकम छुपाने में मदद करने के आरोप में नामजद किया गया है। मामले में कुल 26,41,500 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। मुख्य आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, आरोपियों का उत्तर प्रदेश में आपराधिक इतिहास रहा है और वे मारपीट, आपराधिक धमकी और धोखाधड़ी से संबंधित कई अपराध में शामिल रहे हैं।

मेट्रो की एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर फिर पोस्टर मिला, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मेट्रो की एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर शिवाजी स्टेडियम मेट्रो स्टेशन की दीवारों पर पोस्टर चिपकाए जाने और काली स्याही से कुछ लिखे जाने की एक और घटना के बाद सामने आई है। इसे लेकर एक नया मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह घटना 24 अक्टूबर को तब सामने आई जब आपातकालीन गेट संख्या पांच के पास एक दीवार पर पोस्टर चिपके हुए मिले थे। जबकि गेट संख्या सात के पास एक 'शाफ्ट' की दीवार पर काली स्याही से कुछ लिखा हुआ पाया गया था। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डा मेट्रो पुलिस ने दिल्ली संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम और मेट्रो रेलवे अधिनियम के तहत अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। यह घटना एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन की एक ट्रेन के भीतर केंद्र सरकार के पिछले कुछ वर्षों के प्रदर्शन पर सवाल उठाने वाले दो पोस्टर चिपके मिलने के कुछ दिन बाद हुई है। पुलिस शिकायत के अनुसार, पिछली घटना 20 अक्टूबर को सामने आई थी, जब एक ट्रेन संचालक ने नई दिल्ली से यशोभूमि स्टेशन पहुंचने के बाद ट्रेन का निरीक्षण करते समय एक सीट पर पोस्टर देखे थे। ए4 साइज के कागज पर काले और सफेद रंग में छपे इन पोस्टर में विभिन्न मुद्दे उठाए गए थे और क्यूआर कोड के जरिए लोगों को एक ऑनलाइन समूह से जुड़ने के लिए आमंत्रित किया गया था। इनमें से एक पर 'असंतुष्ट हैं? आप अकेले नहीं हैं' शीर्षक था और उसमें हाल के वर्षों में देश में हुए बदलावों को लेकर नौ दावे सूचीबद्ध थे। दूसरे पोस्टर में सामूहिक भागीदारी और समुदाय निर्माण का आह्वान किया गया था। पोस्टर पुलिस को सौंपे गये थे। इसके बाद पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। पुलिस सूत्रों ने बताया था कि जांच में स्पेशल सेल को भी शामिल किया गया है।

दो मादक पदार्थ तस्कर दबोचे, डोडा पोस्त बरामद



नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने आनंद विहार आईएसबीटी के पास दो मादक पदार्थ तस्करों से 7.4 किलो डोडा पोस्त बरामद किया है। दोनों आरोपियों को गश्त के दौरान आनंद विहार आईएसबीटी के प्रवेश द्वार के पास प्लास्टिक का बड़ा थैला ले जाते हुए देखा गया था। उन्होंने पुलिस को देखकर भागने की कोशिश भी की लेकिन नाकामयाब रहे। पकड़े गए आरोपियों के नाम विशाल गुप्ता (28) और शिवम साहू (19) बताये गये हैं। दोनों उत्तर प्रदेश के बरेली जिले के रहने वाले हैं और दिहाड़ी मजदूरी करते थे। इस संबंध में पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र थाने में एनडीपीएस अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है।

स्पेशल स्टाफ के हत्थे चढ़ा हिमांशु भाऊ गैंग का शूटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



बाहरी जिले के स्पेशल स्टाफ ने 'हिमांशु भाऊ गैंग' के एक सक्रिय बदमाश को पकड़ा है। इसे आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया। बदमाश के पास से दो देसी कट्टे और तीन कारतूस बरामद हुये।

सीनियर अफसरों के अनुसार स्पेशल स्टाफ की टीम सुल्तानपुरी इलाके में गश्त कर रही थी। इसी दौरान 'हिमांशु भाऊ गैंग' के एक सक्रिय सदस्य के बारे में पुख्ता और विश्वसनीय सूचना मिली। बताया गया कि वह व्यक्ति अवैध हथियार के साथ सुल्तानपुरी के ए-ब्लॉक स्थित फूल पार्क में मौजूद है। इस सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए टीम ने बताई गई जगह पर छापा मारा, जहां एक व्यक्ति को बैग लिए हुए देखा गया। पुलिस को देखकर उसने भागने की कोशिश की, लेकिन टीम ने उसे दबोच लिया। पूछताछ के दौरान उसने अपनी पहचान यशपाल के रूप में बताई। कड़ी पूछताछ में आरोपी ने 'हिमांशु भाऊ गैंग' से अपने जुड़ाव की बात कबूली। उसकी तलाशी लेने हथियार और कारतूस बरामद हुये।

यशपाल गुरुग्राम के सोहना का रहने वाला है। अवैध हथियारों के स्रोत का पता लगाने और इस नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों की पहचान करने के लिए आगे की जांच जारी है।

185 दोपहिया वाहन हुये बरामद

ऑपरेशन चक्र में फंसे 46 वाहन चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पश्चिमी जिले की पुलिस ने 'ऑपरेशन चक्र' के तहत गत चार दिनों में चोरी के 185 दोपहिया वाहन बरामद किए हैं। इस सिलसिले में 46 वाहन चोरों को गिरफ्तार किया गया।

डीसीपी हरेश्वर वी. स्वामी ने मंगलवार को पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक प्रेसवार्ता में कहा कि चोरी के वाहनों का पता लगाने के लिए 30 टीमों का गठन किया गया था। 21 से 24 अक्टूबर तक यह अभियान चलाया गया। बरामद किए गए 185 वाहनों में से 91 पश्चिम जिले से चोरी हुए थे, जबकि बाकी अन्य जिलों में दर्ज मामलों से जुड़े हैं। बरामद किए गए अधिकांश वाहन स्कूटर हैं। इस अभियान के दौरान पुलिस ने वाहन चोरों की पहचान करने और उनका पता लगाने के लिए उन इलाकों के सीसीटीवी फुटेज का गहन विश्लेषण किया था जहां से वाहन चोरी हुए थे। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए कई लोगों का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड मिला है। एक आरोपी के खिलाफ 38 मामले दर्ज पाये गये हैं।

एटीएम धोखाधड़ी के दो आरोपी चढ़े द्वारका पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



द्वारका जिले के स्पेशल स्टाफ ने एटीएम धोखाधड़ी के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पांच लोहे की पट्टियां, तीन डेबिट कार्ड, दो मोबाइल फोन और छेड़छाड़ की गई नंबर प्लेट वाली एक डिजायर कार बरामद की गई। इस गिरफ्तारी से डाबड़ी थाना क्षेत्र के एटीएम धोखाधड़ी मामले का खुलासा हुआ। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों को तब पकड़ा गया, जब वे इसी तरह की एक और वारदात को अंजाम देने जा रहे थे। पुलिस के अनुसार 21 अक्टूबर को एक्सिस बैंक के मुंबई स्थित कंट्रोल रूम से सूचना मिली थी कि डाबड़ी इलाके में महावीर एन्क्लेव, पार्ट-2, गली नंबर 37, प्लॉट नंबर सी-3बी पर स्थित एक एटीएम में चोरी करने की कोशिश की गई है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर तुरंत कार्रवाई करते हुए द्वारका जिले के स्पेशल स्टाफ की एक टीम मौके पर पहुंची। हालांकि तब तक आरोपी वहां से भाग चुके थे। इसके बाद पालम इलाके में भी इसी तरह की एक घटना सामने आई थी, जिसमें कथित तौर पर इन्हीं आरोपियों के हाथ का पता चला था।

तकनीकी निगरानी के बाद पुलिस ने याकूब खान के बेटे जमील खान और महावीर के बेटे विनय को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों को द्वारका के सेक्टर-26 से पकड़ा गया।

PUBLIC NOTICE

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

VEHICLES FOR SALE

1) 1)TATAMOTORS TATA_INTRA REG. NO.DL1LAM4251- YOM 2024

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT BRANCH ADDRESS: KOTAK MAHINDRA BANK 3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR CONTACT : PUNIT PARASHAR KOTAK MAHINDRA BANK LTD. CONTACT NO. 8377988238 EMAIL-punit.parashar@kotak.com

पूर्वोत्तर रेलवे

ई–टेंडरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता/पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। **कार्य का नाम** : उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल के रोजा–लखनऊ खंड में, इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन पावर सप्लाई इंस्टॉलेशन की क्षमता बढ़ाने के काम के लिए, EPC मोड पर 2x25 KV AT ट्रैक्शन फीडिंग सिस्टम हेतु ट्रैक्शन सब–स्टेशनों और उनसे जुड़े स्विचिंग पोस्ट की डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य **ई–निविदा सूचना सं0** : EPC-PSI-ROZA-LKO-NER **अनुमानित लागत (रु)** : 206,71,67,185 **बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) (रु.)**: 4,13,43,400 **निविदा बन्द होने की तिथि**: 01.12.2026 **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि**: 24 महीने। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट **www.ireps.gov.in.** पर देखें। यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंगेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंगेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मुजाघि/विद्युत–240 — मुख्य विद्युत अभियंता/लखनऊ

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

जामिया में छात्रों का प्रदर्शन 16वें दिन भी जारी चुनाव की निश्चित तारीख घोषित करने की मांग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



जामिया मिल्लिया इस्लामिया छात्र संघ (जेएमआईएसयू) की बहाली की मांग को लेकर जारी प्रदर्शन मंगलवार को 16वें दिन भी जारी रहा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्र संघ के संविधान को मंजूरी मिलने के 15 दिन के भीतर चुनाव कराने का फैसला किया है, लेकिन छात्रों ने इसके बावजूद अपना आंदोलन समाप्त करने से इनकार कर दिया है। प्रदर्शनकारी छात्र इस बात पर अड़े हैं कि प्रशासन चुनाव की एक निश्चित तारीख घोषित करे तथा संविधान को मंजूरी देने के लिए समय-सीमा तय करे। विश्वविद्यालय में 2006 से छात्र संघ के चुनाव नहीं हुए हैं।

विश्वविद्यालय ने एक दिन पहले ही आदेश जारी कर कहा था कि छात्र संघ के संविधान को मंजूरी मिलने के 15 दिन के भीतर चुनाव कराए जाएंगे, लेकिन इसके बावजूद छात्रों का प्रदर्शन जारी है। विश्वविद्यालय के इस आदेश के तहत मौजूदा प्रदर्शन के दौरान छात्रों को जारी किए गए निलंबन आदेश और कारण बताओ नोटिस भी वापस ले लिए गए। इसके अलावा, आंदोलन के दौरान सुरक्षाकर्मियों के आचरण की जांच के लिए एक समिति गठित करने का भी प्रावधान किया गया। हालांकि, छात्रों का कहना है कि यह फैसला पूरी तरह उनकी मांगों के अनुरूप नहीं है। उन्होंने संविधान को मंजूरी देने की समयसीमा तय न होने पर सवाल उठाए हैं। अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे विद्यार्थियों में से एक रेहान खान ने सोमवार को कहा कि हमारी पहली मांग यह थी कि छात्र संघ चुनाव बहाल किए जाएं और चुनाव की तारीखों का ऐलान किया जाए। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सोमवार देर रात खान को एक आदेश जारी कर प्रदर्शन स्थल तुरंत खाली करने को कहा और ऐसा नहीं करने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी। विश्वविद्यालय के आदेश में यह भी कहा गया कि प्रदर्शनकारी छात्र आंदोलन के दौरान प्रशासन के खिलाफ दिए गए मानहानिकारक बयानों, कृत्यों या सोशल मीडिया पोस्ट के लिए संवाददाता सम्मेलन में सार्वजनिक रूप से माफी मांगने पर सहमत हुए थे। आदेश में ऐसे पोस्ट तुरंत हटाने के निर्देश देते हुए कहा गया था कि आदेश जारी होने के बाद प्रदर्शन समाप्त कर दिया जाएगा। सोमवार को परिसर में सुरक्षा बढ़ाए जाने के बाद प्रदर्शनकारी छात्रों और अर्धसैनिक बलों के जवानों के बीच झड़प भी हुई। तनाव के बीच सभी पाठ्यक्रमों की कक्षाएं ऑनलाइन कर दी गईं। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय में प्रवेश नहीं करने दिया। सोमवार को जामिया नगर स्थित सैयदा मंजिल में 'जामिया कलेक्टिव' द्वारा आयोजित संवाददाता सम्मेलन में पूर्व छात्रों, विश्वविद्यालय के संस्थापक परिवारों के सदस्यों, कलाकारों, वकीलों और छात्र प्रतिनिधियों ने प्रदर्शनकारियों के साथ एकजुटता जताई और परिसर में लोकतांत्रिक स्थानों की बहाली की मांग की।

हमारा प्रयास साझा लोकतांत्रिक मानकों को मजबूत करना होना चाहिए : विजेन्द्र गुप्ता



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

एकरूप नियमों का अर्थ एक जैसे नियम नहीं है। हमारा प्रयास साझा लोकतांत्रिक मानकों को मजबूत करना होना चाहिए, साथ ही प्रत्येक विधायिका की संवैधानिक स्वायत्तता और विशिष्ट पहचान को भी सुरक्षित रखा जाना चाहिए। यह बात दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने भारत की विधायी संस्थाओं में कार्य संचालन और प्रक्रिया की एकरूपता के लिए मॉडल नियम बनाने संबंधी समिति की बैठक में दिल्ली की ओर से सुझाव प्रस्तुत करते हुए कही। यह बैठक मंगलवार को दिल्ली के ताज होटल में आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि विधायी नियमों में महिला और पुरुष दोनों के लिए समानता पर आधारित भाषा का इस्तेमाल होना चाहिए। सामान्य खंड अधिनियम, 1897 से जुड़ी पुरानी परंपराओं के कारण नियमों में प्रचलित पुरुषवाचक शब्दों के स्थान पर ऐसी भाषा अपनाई जानी चाहिए, जो आज के लोकतांत्रिक मूल्यों को दर्शाए। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति का सम्मान भारत की लोकतांत्रिक संस्थाओं के नियमों में भी दिखाई देना चाहिए। इस बैठक की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना द्वारा की गई। बैठक में महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर, हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया और कर्नाटक विधानसभा के अध्यक्ष जी.एस. पाटिल सहित वरिष्ठ विधायी अधिकारी और प्रतिनिधि उपस्थित थे। सभी पीठासीन अधिकारियों का स्वागत करते हुए विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि मॉडल नियमों में दिल्ली, पुडुचेरी और जम्मू-कश्मीर की अलग-अलग कानूनी व्यवस्थाओं को ध्यान में रखा जाना चाहिए। इन क्षेत्रों की विधायिकाएं संवैधानिक प्रावधानों और विशेष कानूनों के तहत काम करती हैं। इनमें राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार अधिनियम, 1991 भी शामिल है। उन्होंने अध्यक्ष और उपाध्यक्ष जैसे पीठासीन पदों के चुनाव, सभापति तालिका के नामांकन तथा अध्यक्ष के कार्यों को अन्य अधिकारियों को सौंपने की प्रक्रिया को स्पष्ट करने की आवश्यकता भी बताई। उन्होंने कहा कि सदन की गणपूर्ति यानी कोरम से संबंधित नियमों में बदलाव केवल कानून के माध्यम से ही किया जा सकता है।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P.C देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नामः **विकास, पुत्रः गीता राम, निवासीः मकान संख्या 227, टाइप–II, आयकर कॉलोनी, पीतमपुरा, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) इसके विरुद्ध **FIR No.573/17 U/S 186/353/323 IPC** के तहत एक मामला **थाना मौर्य एन्क्लेव, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **विकास** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **विकास** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा है कि **FIR No.573/17 U/S 186/353/323 IPC, थाना मौर्य एन्क्लेव, दिल्ली** के अभियुक्त **विकास** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए दिनांक **08.12.2026** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, सुश्री अनुराधा जिंदल,
एसीजेएम, उत्तर पश्चिम
कोर्ट नंबर 101, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/15406/NW/2026
(अदालती मामला)

संगठन ने किया 29 को प्रदर्शन का ऐलान

पुलिस से विवाद के बाद सड़क पर उतरे वकील

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



शाहदरा पुलिस स्टेशन में गत दिनों हुई एक घटना को लेकर एक बार फिर वकील व पुलिस आमने सामने आ गए है। पुलिस के खिलाफ मंगलवार को सड़कों पर उतरे वकील अब आर पार के मूड में दिखाई दे रहे है। इस मुददे पर ऑल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट बार एसोसिएशन ऑफ दिल्ली के वकीलों की कॉर्डिनेशन कमेटी ने पर मंगलवार को एक बैठक की। इस बारे में कमेटी के चेयरमैन नीरज ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय के बाद कमेटी ने घोषणा की कि दोषी एसीपी मानस्वी, संबंधित थाने के एसएचओ व अन्य पुलिस कर्मियों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड किया जाए। इसके अलावा कमेटी ने सभी बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों और अधिवक्ताओं से अनुरोध किया है कि वे बुधवार 28 अक्टूबर को सुबह 11 बजे अपने-अपने जिला न्यायालयों के बाहर इकट्ठा हों, ताकि आम जनता के खिलाफ पुलिस के अत्याचारों के बारे में जागरूकता फैलाई जा सके। उन्होंने बताया कि इसके अलावा, समिति ने अधिवक्ताओं से गुरुवार, 29 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे पटियाला हाउस कोर्ट में इकट्ठा होने का आह्वान किया है। यहाँ से पुलिस मुख्यालय दिल्ली तक एक शांतिपूर्ण विरोध मार्च निकाला जाएगा, ताकि ऊपर बताई गई मांगों को पूरा करने के लिए दबाव डाला जा सके। उन्होंने बताया कि कॉर्डिनेशन कमेटी सभी सदस्यों से अपील करती है कि संगठित होकर व शांतिपूर्ण तरीके से मार्च निकालेगें। इस मुददे पर वरिष्ठ वकील प्रवीन कुमार त्यागी ने बताया कि पुलिस अगर वकीलों को नहीं छोड़ रही तो आम इंसान की क्या हालत होती होगी। त्यागी ने कहा कि डिस्ट्रिक्ट कोर्ट बार एसोसिएशन पूरी तरह से कॉर्डिनेशन कमेटी के साथ है और किसी भी तरह से पीछे हटने वाले नहीं है। हमारी मांग साफ व स्पष्ट है कि जब तक दोषी ए.सी.पी. मानस्वी वशिष्ठ, एसएचओ व अन्य को तुरंत सस्पेंड नहीं किया जाएगा तब तक हमारा विरोध ऐसे ही जारी रहेगा।

वकीलों के समर्थन में उतरी आप, भारद्वाज ने सभी को एक मंच पर आने का किया आह्वान

पुलिस व वकीलों के विवाद में आम आदमी पार्टी वकीलों के समर्थन में उतर गई है। दिल्ली प्रदेश आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने वकीलों के समर्थन में कहा कि पुलिस की बर्बरता और सरकार के अहंकार के खिलाफ अब सभी वकीलों को एकजुट होना चाहिए। उन्होंने कहा कि शाहदरा पुलिस थाने में पुलिस द्वारा वकीलों की कथित पिटाई के बाद वकील हड़ताल पर हैं। वकीलों का आरोप है कि पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार नहीं करने के बदले रिश्वत ली। पुलिस ने एसएचओ के खिलाफ मामला दर्ज करने के बजाय वकीलों के खिलाफ ही एफआईआर दर्ज कर ली। भारद्वाज ने कहा कि पुलिस की यह कार्रवाई उस घटना की याद दिला रही है, जब पत्रकारों ने एसीपी विवेक भगत के खिलाफ छेड़छाड़ के मामले में एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी। लेकिन वहां बाद में पुलिस ने पत्रकार के खिलाफ ही एसीपी पर जातिसूचक टिप्पणी करने के आरोप में एफआईआर दर्ज कर ली। उन्होंने कहा कि उस समय बार काउंसिल को भी अपनी आवाज उठानी चाहिए थी। आज भी बार काउंसिल को न्याय के लिए खड़ा होना चाहिए। क्योंकि हमारे स्वतंत्रता आंदोलन का नेतृत्व भी वकीलों ने ही किया था। भारद्वाज ने बताया कि मैं खुद वकालत पढ़ चुका हूं और मेरे दादाजी के समय से ही घर में बहुत सारे वकील हैं। इसलिए वकीलों पर मेरा हक है। इसी हक से मैं अपने वकील भाइयों और बहनों को कहना चाहता हूं कि कुछ दिन पहले एक विरोध प्रदर्शन को कवर करने वाली महिला पत्रकार के साथ पुलिस के एसीपी स्तर के अफसर द्वारा बदसलूकी और छेड़छाड़ करने की बात सामने आई थी।

पदयात्रा का विरोध कर रहे हैं विपक्षी: मल्होत्रा

नई दिल्ली। 'जिन लोगों ने कभी छात्रों के नाम पर, कभी चुनाव आयुक्त को हटाने के नाम पर दिल्ली के व्यापार और आम जनता को बंधक बना कर रखा, आज वे सिर्फ 2 घंटे की सांकेतिक पदयात्रा का विरोध कर रहे हैं, यह विरोध नहीं, पाखंड है'। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी द्वारा भाजपा की 'लोकतंत्र बचाओ - अराजकता हटाओ पदयात्रा' के विरोध पर यह कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। मल्होत्रा ने तर्क देते हुए कहा कि विपक्ष और भाजपा के आंदोलन में जमीन-आसमान का अंतर है। मल्होत्रा ने कहा कि 'उनकी पहचान' देश विरोधी नारे, हिंसा, पथराव और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने तक है।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जोगिंदर सिंह उर्फ काका, पुत्रः कुलदीप सिंह, निवासीः 10/68, सुभाष नगर, दिल्ली** ने **FIR No.: 443/96, U/s: 304/34 IPC, पुलिस थाना राजौरी गार्डन, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **जोगिंदर सिंह उर्फ काका** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **जोगिंदर सिंह उर्फ काका** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना राजौरी गार्डन, दिल्ली** के अभियुक्त **जोगिंदर सिंह उर्फ काका** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 04.12.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री संदीप गुप्ता
कमरा नंबर–आर5,
उच्च न्यायालय, नई दिल्ली

DP/15461/WD/2026

'सुरक्षा और सपनों के साथ खड़ी है सरकार'

दिल्ली की हर बेटी निडर होकर बढ़े आगे: रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की हर बेटी निडर होकर आगे बढ़े, उसकी सुरक्षा और सपनों के साथ दिल्ली सरकार खड़ी है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता मंगलवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के दौलत राम कॉलेज में सेंटेनरी शैक्षणिक भवन, कंप्यूटर केंद्र और कौशल विकास केंद्र के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान यह बात कही।

इस अवसर पर छात्राओं से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने उन्हें आत्मविश्वास, साहस और दृढ़ संकल्प के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली की बेटियों को अपनी क्षमता पर भरोसा रखना चाहिए। उन्हें किसी भी परिस्थिति में घबराने की जरूरत नहीं है, क्योंकि उनकी सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों के लिए दिल्ली सरकार उनके साथ खड़ी है। आधुनिक शिक्षा के साथ तकनीकी ज्ञान और व्यावहारिक कौशल छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री हासिल करना नहीं, बल्कि युवाओं को जीवन की चुनौतियों का सामना करने और अपने पैरों पर खड़े होने के लिए सक्षम बनाना है।मुख्यमंत्री ने छात्राओं से अपने फैसले स्वयं लेने का साहस विकसित करने, सही-गलत की अपनी समझ पर भरोसा रखने और आत्मविश्वास के साथ अपने चुने हुए रास्ते पर आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह, दौलत राम कॉलेज की प्राचार्या प्रो. सविता रॉय, कॉलेज की गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष मुकुल गुप्ता, विजय शंकर तिवारी सहित अन्य गणमान्यजन, शिक्षकगण और छात्राएं उपस्थित थीं।

'मिस डीआरसी टैलेंट हंट' का किया शुभारंभ

मुख्यमंत्री ने 'मिस डीआरसी टैलेंट हंट' का शुभारंभ कर छात्राओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और आत्मविश्वास के साथ मंच पर आगे आने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही कॉलेज परिसर में फैकल्टी रीडिंग रूम, सेमिनार रूम, पुस्तकालय में श्री रामालय, रीसाइक्लिंग यूनिट और बेकरी यूनिट का निरीक्षण कर शैक्षणिक, व्यावहारिक प्रशिक्षण एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने ऑडिटोरियम के नवीनीकरण की आवश्यकता पर चर्चा करते हुए सहयोग का आश्वासन दिया।



महिला सुरक्षा के लिए स्मार्ट स्ट्रीट लाइट और कैमरों पर जोर

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि दिल्ली में एक लाख स्मार्ट स्ट्रीट लाइट लगाने और उन्हें कंट्रोल एंड कमांड सेंटर से जोड़ने की दिशा में काम किया जा रहा है ताकि खराब लाइटों की तुरंत पहचान कर निर्धारित समयसीमा में उन्हें ठीक कराया जा सके और डार्क स्पॉट कम कर सार्वजनिक स्थानों को सुरक्षित बनाया जा सके। साथ ही 50 हजार नए सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना पर भी काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि इन पहलों का उद्देश्य निगरानी व्यवस्था मजबूत करना और महिलाओं सहित सभी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री ने जोर दिया कि लड़कियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी केवल उन पर डालना उचित नहीं है। समाज को अपनी सोच बदलनी होगी और लड़कियों पर प्रतिबंध लगाने के बजाय लड़कों और पुरुषों को महिलाओं का सम्मान करना सिखाना होगा।

खबर संक्षेप

महिला मंडल ने 'नारी महोत्सव' का किया आयोजन

नई दिल्ली। नारी सशक्तीकरण का अर्थ केवल सम्मान देना नहीं, बल्कि महिलाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और समाज में स्वतंत्र पहचान बनाने के अवसर उपलब्ध कराना भी है। महिला मंडल पंजाबी बाग (पंजी.) की संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ. मीना सुभाष गुप्ता ने मंगलवार को 'पंखुड़ी एक उड़ान' के अंतर्गत 'नारी महोत्सव एवं डांडिया उत्सव' के आयोजन पर यह बात कही। ब्रिटानिया चौक के पास एक बैंक्वेट हाल में यह उत्सव आयोजित किया गया। समारोह में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सांस्कृतिक परंपराओं और आपसी मेलजोल का आनंद लिया। महिला मंडल की संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ. मीना सुभाष गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में नीमा अग्रवाल, राजीव अग्रवाल और डॉ. अनिल कुमार मित्तल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर डांडिया नृत्य, मनोरंजक खेल, विभिन्न स्टॉल, नए सदस्यों का सम्मान और आकर्षक उपहार आयोजन के प्रमुख आकर्षण रहे। इन गतिविधियों ने महिलाओं को अपनी रुचियों और प्रतिभाओं को सामने लाने के साथ नए लोगों से जुड़ने का अवसर दिया।

अजय कुमार गुप्ता ने संभाली डीटीएल की जिम्मेदारी

नई दिल्ली। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अजय कुमार



गुप्ता ने मंगलवार को दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड (डीटीएल) के प्रबंध निदेशक (एमडी) का कार्यभार विधिवत तरीके से संभाल लिया। पद संभालने के बाद अजय कुमार गुप्ता ने कहा कि वह पूरी ईमानदारी, निष्ठा व मेहनत से अपनी नई जिम्मेदारी को निभाएगें। इस बारे में ट्रांसको के प्रवक्ता डॉ. ऋषि राज ने बताया कि विविध शैक्षणिक पृष्ठभूमि वाले एक कुशल प्रशासक आईएएस अजय कुमार गुप्ता ने अपने तीन दशकों से अधिक के प्रशासनिक करियर के दौरान विभिन्न जिम्मेदारियों को बेहतरीन तरीके से निभाया है। इनमें दमन और दीव, दादरा और नगर हवेली, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह जैसे केंद्र शासित प्रदेशों और दिल्ली सरकार में विभिन्न पदों पर कार्य किया है।

मुख्यमंत्री ने छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर की समीक्षा बैठक

'श्रद्धालुओं की सुरक्षा में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा, स्वच्छता और सुचारु व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। किसी भी तरह की लापरवाही मिली तो बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को आगामी छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर संबंधित विभागों, जिला प्रशासन और विभिन्न एजेंसियों के अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक के दौरान यह स्पष्ट निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूरी की जाएं और केवल कागजी प्रगति के बजाय प्रत्येक घाट पर जाकर व्यवस्थाओं का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया जाए। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस बार छठ पर्व पर पहले से अधिक घाट विकसित किए जाएंगे। साथ ही, महापर्व के अवसर पर अवकाश रहेगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि छठ महापर्व लाखों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्व है।

ऐसे में सरकार की जिम्मेदारी है कि व्रतियों और उनके परिवारों को पूजा के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण मिले। उन्होंने निर्देश दिए कि पूजा से दो दिन पहले सभी प्रमुख व्यवस्थाएं पूरी होनी चाहिए। इस विशेष बैठक में कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा, छठ पूजा समिति के पदाधिकारी विधायक अभय वर्मा, चंदन कुमार चौधरी, संदीप सहरावत, राजस्व विभाग, दिल्ली पुलिस, ट्रैफिक पुलिस, दिल्ली जल बोर्ड, नगर निगम, नई दिल्ली पालिका परिषद, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग, अग्निशमन सेवा और अन्य संबंधित एजेंसियों के अधिकारी उपस्थित थे।

सार्वजनिक अवकाश और परिवहन केंद्रों पर भी तैयारी

बैठक में छठ पूजा के अगले दिन उषा अर्घ्य के बाद श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सार्वजनिक अवकाश किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने सोमवार, 16 नवंबर को अवकाश घोषित करने के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश जाने वाले यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए त्योहार के दौरान रेलवे स्टेशनों पर बढ़ती हुई भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेल मंत्रालय के साथ समन्वय पर कार्य किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि बसों से यात्रा करने वाले लोगों की सुविधा को भी समान रूप से ध्यान में रखा जाए। आईएसबीटी पर आवश्यक सूचना, बैनर और भीड़ प्रबंधन की व्यवस्था की जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर सिविल डिफेंस के कर्मियों की मदद ली जाए।



'छठ पूजा का कार्यक्रम और तैयारियों की समयसीमा तय'

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष छठ पूजा की शुरुआत 13 नवंबर से शुरू होगी जो 16 नवंबर तक रहेगी। मुख्यमंत्री ने नवंबर माह में संभावित सर्दी को ध्यान में रखते हुए विशेष व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में मौसम की परिस्थितियां अलग हैं, इसलिए बड़े और मध्यम आकार के घाटों पर आवश्यकतानुसार पर्याप्त कवर वाले टेंट लगाए जाएं। मंच के पीछे, मुख्य पूजा स्थल और अन्य आवश्यक स्थानों पर भी टेंट की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बड़े मॉडल घाटों पर आवश्यकता के अनुसार अधिक टेंट लगाने के निर्देश दिए गए।

1400 से अधिक घाट बनाए जाने की संभावना

बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली में इस वर्ष छठ पूजा के लिए लगभग 1400 से अधिक घाट बनाए जाने की संभावना हैं। पिछले वर्ष 1326 घाट बनाए गए थे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि घाटों की मूलभूत तैयारियां 6 नवंबर तक इस स्तर पर पूरी कर ली जाएं कि बाद में केवल पानी भरने, टेंट लगाने और अंतिम सफाई जैसे कार्य शेष रहें। उन्होंने जिला प्रशासन और संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्र के घाटों का नियमित निरीक्षण करें और कमियों को मौके पर ही दूर कराएं।

पर्याप्त शौचालय व चेंजिंग रूम की व्यवस्था के निर्देश

नई दिल्ली। बैठक में मुख्यमंत्री ने शौचालयों और महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और कहा कि यह पर्व शुद्धता से जुड़ा है, इसलिए इन सुविधाओं का विशेष ध्यान रखना होगा। उन्होंने संबंधित विभागों को घाटों के साथ-साथ उनके आसपास के पूरे क्षेत्र में स्वच्छता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा संध्या अर्घ्य से पहले, शाम की पूजा के बाद रात में और सुबह उषा अर्घ्य के बाद तत्काल सफाई की व्यवस्था होनी चाहिए। 15 और 16 नवंबर को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सफाई कर्मचारी और अतिरिक्त टीमें 24 घंटे सक्रिय रहें। पर्याप्त संख्या में बड़े डस्टबिन लगाए जाएं और कूड़ा जमा होने की प्रतीक्षा किए बिना उसे लगातार हटाया जाए।

'मरम्मत, धूल नियंत्रण और लाइट की समुचित व्यवस्था'

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने संबंधित विभागों को घाटों तक पहुंचने वाली सड़कों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रास्तों पर गड्ढे, कंकड़, मलबा या अन्य बाधाएं नहीं होनी चाहिए। सड़कें दुरुस्त हों और धूल-मुक्त वातावरण बनाए रखने के लिए पानी के छिड़काव की व्यवस्था लगातार की जाए। उपलब्ध स्प्रिंकलर और अन्य मशीनरी का पूरा उपयोग किया जाए। मशीनों को केवल स्टैंडबाय रखने के बजाय आवश्यकता के अनुसार लगातार काम में लगाया जाए। सड़क के बीच बने सेंट्रल वर्ज और मरम्मत स्थलों पर पड़े पुराने पत्थरों तथा मलबे को भी हटाया जाए। मुख्यमंत्री ने घाटों तक आने वाले मार्गों पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि किसी भी रास्ते पर अंधेरा या डार्क स्पॉट नहीं रहना चाहिए।

'सुरक्षा के लिए सीसीटीवी और फायर सर्विस की तैनाती'

मुख्यमंत्री ने बड़े और भीड़भाड़ वाले घाटों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी सुनिश्चित करने तथा दिल्ली पुलिस, जिला प्रशासन और संबंधित एजेंसियों को समन्वय से काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने ऐसे घाटों के पास फायर टेंडर तैनात रखने, जबकि ट्रैफिक पुलिस को स्थानीय आयोजकों के साथ समन्वय कर पार्किंग, ट्रैफिक डायवर्जन और जरूरत के अनुसार सड़क बंद करने की जानकारी पहले से साझा करने को कहा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा और आपातकालीन सहायता सहित सभी व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित हों ताकि आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई की जा सके और अंतिम समय में निर्णय लेने की जरूरत न पड़े।

यादव ने रामलीला मैदान में होने वाली 'महारैली की तैयारियों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भाजपा द्वारा 28 अक्टूबर को लाल किला से टाउन हाल तक 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान मार्च वोट चोरी और सीनाजोरी का पुख्ता उदाहरण है। यह बात मंगलवार को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी (अध्यक्ष) के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कही है। उन्होंने कहा कि जब देश की जनता भाजपा की वोट चोरी के विरोध में सड़कों पर उतरकर वोट चोरी को अंजाम देने वाले मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर 1 नवंबर को रामलीला मैदान में महागठबंधन की 'वोट बचाओ, देश बचाओ' महारैली को समर्थन दे रही है।

गौरतलब है कि यादव ने कांग्रेस केन्द्रीय नेतृत्व के वरिष्ठ नेताओं के साथ 1 नवंबर को होने वाली महागठबंधन की 'वोट बचाओ, देश बचाओ' महारैली की तैयारियों का जायजा लेने के लिए



मंगलवार को रामलीला मैदान का दौरा किया। यादव ने कहा कि करवा चौथ वाले दिन चांदनी चौक जैसे एशिया के बड़े व्यापारिक बाजार में मार्च निकाल कर भाजपा अपना राजनीतिक दोगलापन दिखा रही है। एक तरफ व्यापारियों की हितेषी बनती है और दूसरी तरफ भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में राजनीतिक प्रदर्शन मार्च निकाल कर सभी नियमों का सीधे तौर पर उलंघन कर रही है।

एनडीएमसी ने सरकारी आवास आवंटन प्रक्रिया की शुरू

नई दिल्ली। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने मंगलवार से अपने कर्मचारियों के लिए सरकारी आवास आवंटन प्रक्रिया को शुरू कर दिया है। इस बात की जानकारी मंगलवार को एनडीएमसी की संयुक्त निदेशक अनु फोगाट ने एक सर्कुलर जारी कर दी है। इस सर्कुलर में कहा गया है कि एनडीएमसी के आवास विभाग ने अक्टूबर 2026 महीने के लिए सरकारी आवासों के आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सक्षम प्राधिकारी की पूर्व स्वीकृति के बाद, ई-आवास पोर्टल के माध्यम से सरकारी आवासों को चुनने का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। सर्कुलर के अनुसार क्वार्टर का चयन ई-आवास पोर्टल पर 27 अक्टूबर 2026 से 05 नवंबर 2026 तक किया जा सकता है। सर्कुलर के अनुसार एनडीएमसी के पात्र कर्मचारी 5 नवंबर 2026 तक ई-आवास पोर्टल पर लॉगिन करके अपनी पसंद के क्वार्टर का चयन कर सकते हैं। सर्कुलर में सभी पात्र कर्मचारियों को सलाह दी गई है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय रहते पोर्टल पर अपनी प्राथमिकताएं दर्ज करा लें।

शिक्षा समिति ने लिए कई अहम फैसले, छात्रों के लिए बुनियादी सुविधाओं पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की शिक्षा समिति की मंगलवार को हुई बैठक में छात्रों के लिए बुनियादी सुविधाओं सहित संस्कारयुक्त शिक्षा पर जोर रहा। मंगलवार को हुई बैठक में निगम विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, विद्यार्थियों के दाखिले बढ़ाने, बच्चों को संस्कार युक्त एवं मूल्य आधारित शिक्षा प्रदान करने, विद्यालयों में आधुनिक सुविधाओं का विस्तार करने तथा स्वच्छता, सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत बनाने सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए समिति अध्यक्ष योगेश वर्मा



ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि निगम स्कूलों में सबसे अहम है छात्रों को बुनियादी सुविधाओं सहित संस्कार युक्त शिक्षा मुहैया कराना। बैठक में निगम विद्यालयों को जीरो-वेस्ट बनाने की पहल, माइनर रिपेयर का फंड 15 दिनों में जारी करना, लगभग 2,800 कर्मचारियों की भर्ती संबंधी प्रक्रिया तेज करना, ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी जल्द लागू करना व तमाम विसंगतियां दूर करना और फाइलों का निस्तारण ई-ऑफिस के माध्यम से करने जैसे अहम मुद्दों पर गंभीर चर्चा हुई। इन मुद्दों को लेकर समिति अध्यक्ष योगेश वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन पर जल्द से जल्द कार्य शुरू करना है। उन्होंने कहा कि स्कूल चलो अभियान के तहत 50 हजार नए दाखिलों का लक्ष्य प्राप्त करना है।

जबकि मूल्य आधारित शिक्षा के लिए शिक्षाविदों की एक समिति गठित होने के बाद एक महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। जिसमें नैतिक मूल्यों, अनुशासन, सामाजिक जिम्मेदारी, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्यों एवं अन्य उपयोगी गतिविधियों को विद्यालयी शिक्षा में शामिल करने के सुझाव दिए जाएंगे।

'एशियन गेम्स 2026 में कबड्डी खेल में जीता स्वर्ण पदक'

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय खेल मंच पर तिरंगे का मान बढ़ाने वाले खिलाड़ियों का सम्मान केवल उनका हौसला नहीं बढ़ाता, बल्कि नई पीढ़ी को भी खेलों में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। एशियन गेम्स 2026 में कबड्डी में स्वर्ण पदक जीतने वाले दिल्ली के नरेला निवासी गौरव खत्री के सम्मान में मंगलवार को नरेला स्थित जाट धर्मशाला में कार्यक्रम आयोजित किया गया। पाना उद्यान के गणमान्य लोगों ने गौरव को सम्मानित करते हुए 'एक लाख एक हजार रुपये का चेक' सौंपा और उनके उज्ज्वल खेल भविष्य की कामना की। सम्मान समारोह में लववंशीय खत्री खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी रणबीर सिंह, नरेला जोन में वार्ड समिति के उपाध्यक्ष दिनेश भारद्वाज, आप नेता कमल खत्री, रजनीश खत्री, धर्मवीर खत्री, पंकज खत्री और बलवान सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने गौरव को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उभरते हुए खिलाड़ी गौरव खत्री की इस उपलब्धि से नरेला क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इससे पहले भी उनकी जीत के उपलक्ष्य में क्षेत्र में जश्न मनाकर उन्हें सम्मानित किया गया था। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में लोगों ने उनकी सफलता को क्षेत्र और देश के लिए गौरव का विषय बताया।

मंडावली की सड़क का बुरा हाल

रोजाना साफ नहीं होने से नालियां रहती हैं जाम, सड़क पर भर जाता है पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पटपड़गंज विधानसभा क्षेत्र के मंडावली हिस्से की सड़क पर नालियां रोजाना साफ न होने से जाम रहती हैं। इस सड़क का करीब 500 मीटर का हिस्सा काफी समय से जर्जर पड़ा है।

हालांकि लक्ष्मीनगर साइड की सड़क और नाली बन गई है। लेकिन यह काम नहीं होने से पूरी सड़क का बनना एक तरीके का अधूरा लगता है जिससे लोगों को काफी परेशानी होती है। गौरतलब है कि मंडावली क्षेत्र दो विधानसभाओं पटपड़गंज और लक्ष्मीनगर में आता है। दोनों ही विधानसभाओं में भाजपा के ही विधायक हैं। पटपड़गंज के विधायक रवि सिंह नेगी हैं जबकि लक्ष्मीनगर के विधायक अभय वर्मा हैं। अभय वर्मा ने



अपने क्षेत्र की आने वाली सड़क को नया बना दिया है। लेकिन पटपड़गंज क्षेत्र में आने वाली इस सड़क का हिस्सा जर्जर पड़ा हुआ है। लोगों का कहना है कि अगर यह हिस्सा भी बन जाए तो पूरी सड़क नई बन जाएगी और लोगों की समस्या कम हो जाएगी। उनका कहना है कि सड़क और नाली न बनने से यहां आए दिन सड़क पर पानी भर जाता है। चूंकि मुख्य सड़क होने के कारण यहां के कारोबारी भी इसको लेकर परेशान हैं। सुपर कलेक्शन शो रूप के पास से आशाराम गली तक तो रोड पूरा उखड़ा पड़ा हुआ है। यहां वाहनों को निकलने में भी परेशानी आती है। ई रिक्शा और रिक्शा चालक तो जर्जर सड़क के चलते सवारियों को बैठाने से भी मना कर देते हैं।

वह कहते हैं कि सड़क का बुरा हाल है। हमारे रिक्शे खराब हो जाते हैं। लोगों का कहना है कि अब तो दोनों विधायक एक ही पार्टी भाजपा के हैं और दोनों आपसी सामंजस्य बनाकर इस सड़क के छोटे से हिस्से को जल्द से जल्द बनाकर जनता की समस्या का समाधान कर सकते हैं।

गत 3 साल की सबसे ठंडी सुबह रही मंगलवार

नई दिल्ली। सर्दियां अभी सही तरीके से आई भी नहीं है, लेकिन गुलाबी सर्दी अपनी मौजूदगी का अहसास करा रही है। इसी बीच मंगलवार 27 अक्टूबर की सुबह ने गत 3 साल की सबसे ठंडी सुबह के रूप में राजधानी का स्वागत किया। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार अक्टूबर महीने के आंकड़ों के अनुसार मंगलवार की सुबह गत 3 साल में सबसे कम 15.3 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम पारे के साथ दर्ज हुई। इससे पहले दिल्ली में 27 अक्टूबर 2023 को सबसे कम न्यूनतम तापमान 15.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। आईएमडी के अनुसार, सफदरजंग में न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.9 डिग्री कम यानी 15.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं पालम में यह सामान्य से 2.3 डिग्री कम 15.5 डिग्री सेल्सियस, जबकि लोधी रोड में सामान्य से 0.4 डिग्री कम 15.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रिज क्षेत्र में न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.3 डिग्री कम 16.2 डिग्री सेल्सियस, जबकि आया नगर में सामान्य से दो डिग्री कम 15.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं दिल्ली का अधिकतम तापमान 31.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से महज 0.1 डिग्री नीचे है। आईएमडी ने आने वाले तीन चार दिनों के बारे में अनुमान व्यक्त किया कि अब दिन में भी तापमान में गिरावट देखने को मिल सकती है। आसमान साफ लेकिन 29 अक्टूबर से दो दिन हल्की बारिश की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

भारत की संस्कृति में तमिलनाडु का है बड़ा योगदान: प्रो. योगेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

तमिलनाडु का देश की संस्कृति में बड़ा योगदान है। तमिलनाडु में भारत की विशिष्ट सभ्यता और इतिहास विद्यमान है। तमिल भाषा प्राचीनतम भाषा है। तमिलनाडु में असाधारण साहित्य, शास्त्रीय संगीत, भक्ति और परम्पराओं आदि की विशिष्ट विशेषताएं हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने तमिलनाडु से डीयू पहुंचे विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए मंगलवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि आप किसी अलग स्थान पर नहीं आए हैं, आप भारत के एक सुंदर हिस्से से दूसरे हिस्से में आए हैं। डीयू प्रसासन से मिली जानकारी के अनुसार, भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' पहल के तहत 'युवा संगम फेज 7' के अंतर्गत केंद्रीय विश्वविद्यालय तमिलनाडु (सीयूटीएन) के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का एक दल दिल्ली



विश्वविद्यालय पहुँचा। युवा संगम के इस चरण का उद्घाटन समारोह डीयू के वाइस रीगल लॉज में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि दिल्ली, बिहार, उत्तर प्रदेश और गुजरात आदि देश के किसी भी हिस्से में जाएँ, वहाँ अभिव्यक्तियां अलग हो सकती है, भाषाएं अलग हो सकती हैं; लेकिन हर जगह देश वही है, लोग वही हैं; यही हमारे देश की खूबसूरती है। प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि दिल्ली समूचे भारत का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप तमिलनाडु के विभिन्न भागों से देश की राजधानी में आए हैं।

खबर संक्षेप

धीरज कुमार ने निशानेबाजी में जीता स्वर्ण

फरीदाबाद। गांव प्याला के निशानेबाज धीरज कुमार ने देहरादून, उत्तराखंड में आयोजित



ऑल इंडिया जी. वी. मावलंकर शूटिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर हरियाणा का नाम रोशन किया है। उन्होंने वरिष्ठ वर्ग की 25 मी.पिस्टल स्पर्धा में 300 में से 284 अंक अर्जित कर यह उपलब्धि हासिल की। मुकेश वशिष्ठ ने कहा कि धीरज की उपलब्धि क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है।

फ कुरैशी बने अल्पसंख्यक मोर्चा के महामंत्री

फरीदाबाद। भाजपा ने संगठन को मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए गांव धौज निवासी युवा



भाजपा नेता आसिफ इसराईल कुरैशी को हरियाणा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया है। प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में उनकी सक्रियता और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।

वाहन चोरी की एक गैंग का भंडाफोड़

फरीदाबाद। अपराध शाखा एनआईटी ने वाहन चोरी की गैंग का भंडाफोड़ करते हुए उसके दो



सदस्यों को गिरफ्तार किया है। साथ ही चोरी की बाइक खरीदने वाले व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया। गैंग के सदस्यों की पहचान मोहित व सुमित के रुप में हुई है। चोरी की बाइक खरीदने वाला अनुराग भी मेवला महाराजपुर का रहने वाला है।

फोन हैक कर 65 हजार की ठगी, गिरफ्तार

फरीदाबाद। फरीदाबाद पुलिस द्वारा साइबर अपराधियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है, जिस पर



सोहना गुरुग्राम निवासी एक व्यक्ति से फोन हैक कर 65000 रुपए की ठगी के मामले में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना एनआईटी ने खाताधारक नितिनको गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि नितिन मामले में खाताधारक है जिसके खाता में ठगी के रुपए आए थे। आरोपी 12वीं पास है।

जेसीबी के पाट्रस चोरी करने वाली दो गिरफ्तार

फरीदाबाद। सेक्टर.5 स्थित एक कंपनी के गेट के बाहर से जेसीबी के पाट्रस चोरी करने के मामले में



क्राइम ब्रांच सेक्टर-16 की टीम ने दो महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी किए गए जेसीबी के आठ पाट्रस बरामद किए हैं। मामले में ऑटो चालक को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। दोनों महिलाओं को अदालत में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

380 ग्राम गांजा बरामद एक गिरफ्तार

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच उंचा गांव की टीम ने अवैध नशा पर कार्रवाई करते हुए 26 अक्टूबर को 380



ग्राम गांजा सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान तरुण वासी सारन फरीदाबाद के रुप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 26 अक्टूबर को क्राइम ब्रांच उंचा गांव की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना पर कार्रवाई करते हुए तरुण को 380 ग्राम गांजा सहित काबू किया।

कांग्रेस के पूर्व सांसद ने कार्यकर्ताओं की बैठक में जिम्मेदारी सौंपी

1 नवंबर की दिल्ली महारैली में बदलेगी राजनीतिक फिजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं फरीदाबाद जिला प्रभारी डा. अशोक तंवर ने जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय पर आगामी एक नवम्बर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित वोट बचाओ-देश बचाओ रैली की तैयारियों को लेकर बैठक ली। इस मौके पर फरीदाबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलजीत कौशिक ने कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं फरीदाबाद जिला प्रभारी डा. अशोक तंवर का स्वागत किया। डॉ. तंवर ने जिले के तमाम कांग्रेसी नेताओं से रूबरू हो प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से भारी संख्या में लोगों को दिल्ली रैली में ले जाने की जिम्मेदारी लगाई। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी देश में जनता की आवाज बन गए है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार भाजपा के पदाधिकारी के रूप में कार्य कर रहे है। यह सार्वजनिक हो चुका है। राहुल गांधी यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक ज्ञानेश कुमार इस्तीफा नहीं दे देते। उन्होंने दावा किया कि एक नवम्बर को दिल्ली की रैली एक महारैली में तब्दील होगी।

साइबर सेल की तकनीकी कार्रवाई सफल

डिजिटल ट्रैकिंग की मदद से पुलिस ने बरामद किए, 9 लाख कीमत के 30 गुमशुदा मोबाइल

साइबर सेल ने तकनीकी दक्षता और डिजिटल ट्रैकिंग के प्रभावी उपयोग से 9 लाख रुपए से अधिक कीमत के 30 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए हैं। डीसीपी एनआईटी उत्तम ने अपने कार्यालय में बरामद मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे...

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

एनआईटी जोन साइबर सेल ने तकनीकी दक्षता व डिजिटल ट्रैकिंग के उपयोग से 9 लाख से अधिक कीमत के 30 गुमशुदा मोबाइल बरामद किए हैं। डीसीपी उत्तम ने कार्यालय में बरामद मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे। पुलिस प्रवक्ता अनुसार गुमशुदा मोबाइल की बरामदगी के लिए एनआईटी जोन की साइबर सेल ने केंद्र सरकार के सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का विश्लेषण किया। तकनीकी जांच के दौरान मोबाइल के



आईएमईआई नंबर नेटवर्क संबंधी जानकारी, डिजिटल ट्रैकिंग व उपलब्ध तकनीकी इनपुट का उपयोग कर मोबाइल की पहचान की गई।

फोन मालिकों ने जताया आभार

लोकेशन से संबंधित जानकारी के आधार पर कार्रवाई की गई, परिणामस्वरूप पुलिस टीम 30 मोबाइल फोन बरामद करने में सफल रही। बरामद मोबाइल फोन की कुल अनुमानित कीमत 9 लाख रुपए से अधिक है। मोबाइल फोन मालिकों ने पुलिस की तकनीकी कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए पुलिस का आभार व्यक्त किया।

सहमति बनाने के उद्देश्य से करीब पांच घंटे तक मंथन

डिप्टी मेयर व सीनियर डिप्टी मेयर की रेस के लिए भाजपा में 4 नामों पर चर्चा

फरीदाबाद में सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर के खाली पड़े पदों को भरने की कवायद तेज हो गई है। भाजपा की बैठक में दोनों पदों के लिए चार नाम सामने आए। इन नामों को अंतिम निर्णय के लिए प्रदेश नेतृत्व के समक्ष रखा जाएगा...

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

नगर निगम में सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर के रिक्त पदों को भरने के लिए भाजपा ने एक बार फिर कवायद तेज कर दी है। इसे लेकर सोमवार को सेक्टर-15 स्थित पार्टी कार्यालय अटल कमल में दोनों पदों के लिए नामों पर सहमति बनाने के उद्देश्य से करीब पांच घंटे तक मंथन चला। बैठक में दोनों पदों के लिए चार नाम सामने आए। इन नामों को अंतिम निर्णय के लिए प्रदेश नेतृत्व के समक्ष रखा जाएगा। पार्टी नेतृत्व की मंजूरी के बाद ही दोनों पदों के लिए नामों की घोषणा होगी।

सोमवार को सेक्टर-15 भाजपा कार्यालय में दूसरी बार डिप्टी मेयर और सीनियर डिप्टी मेयर के चुनाव को लेकर बैठक हुई। इस दौरान दोनों पदों के लिए नाम तय करने के लिए प्रदेश सरकार की ओर से हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के चेयरमैन वेदपाल, विधायक घनश्याम अरोड़ा और पूर्व मेयर अवनीत कौर को पर्यवेक्षक के रूप में भेजा गया था। बैठक में केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल और अन्य विधायक भी मौजूद रहे। इसके अलावा गुर्जर और गोयल खेमे के पार्षदों ने भी बैठक में हिस्सा लिया।

मंत्री गुर्जर व गोयल के समर्थक पार्षदों की ओर से पेश नामों पर चर्चा



दो बार पहले भी नहीं बन पाई सहमति

दोनों पदों के लिए नाम तय करने की कोशिश पहले भी दो बार हो चुकी है। 11 अगस्त 2025 को निगम सदन की बैठक बुलाई गई थी। उस समय भाजपा ने कैबिनेट मंत्री कृष्णलाल पंवार को पर्यवेक्षक बनाकर भेजा था। हालांकि, संबंधित नेताओं की गैरमौजूदगी और पार्टी स्तर पर चल रही बैठक के कारण बैठक स्थगित करनी पड़ी थी। अप्रैल 2026 में प्रदेश सरकार ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली को पार्षदों के बीच सहमति बनाने की जिम्मेदारी सौंपी थी। उस दौरान 33 पार्षदों की मौजूदगी के बावजूद दोनों पदों के लिए नामों पर सहमति नहीं बन पाई थी।

डेढ़ साल से पद खाली

नगर निगम के 46 वार्डों के लिए दो मार्च 2025 को चुनाव हुए थे। भाजपा ने 39 वार्डों में जीत दर्ज की थी, जबकि 6 निर्दलीय और एक कांग्रेस पार्षद चुना गया था। 31 मार्च 2025 को मेयर और पार्षदों ने पदभार संभाला था। इसके बावजूद सीनियर व डिप्टी मेयर के पद अब तक खाली हैं।

पर्यवेक्षकों ने पार्षदों की राय जानी

बैठक के दौरान पर्यवेक्षकों ने पार्षदों से दोनों पदों के लिए उनकी राय जानी। बताया जा रहा है कि सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर पद के लिए दो-दो नाम सुझाए गए हैं। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर के समर्थक पार्षदों की ओर से पहले से चर्चा में रहे नामों की पैरवी की गई, जबकि कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल के समर्थक पार्षदों की ओर से दो नए नाम सामने रखे गए। अब सभी नामों पर पार्टी के वरिष्ठ नेता विचार करेंगे।

11वां वीकेंड अभियान, 3 दिन में 131 गिरफ्तार

अपराधियों व जमानत पर फरार आरोपियों पर पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

अपराधियों पर शिकंजा कसने और जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए फरीदाबाद पुलिस का विशेष



वी कें ड अ भि या न लगातार प्रभावी कार्रवाई के साथ आगे बढ़ रहा है। पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के निर्देशन में 24 से 26 अक्टूबर तक चलाए गए तीन दिवसीय अभियान के दौरान पुलिस ने विभिन्न मामलों में 131 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इसके साथ ही 24 उद्घोषित अपराधियों एवं जमानत पर फरार आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई, जबकि 26 गुमशुदा लोगों को तलाश कर सकुशल उनके परिजनों से मिलाया गया।

अभियान के तहत जिले के विभिन्न थानों, अपराध शाखाओं और विशेष टीमों ने समन्वित रूप से कार्रवाई करते हुए अपराधियों, नशा तस्करों, अवैध शराब बेचने वालों तथा जुआ खेलने और खिलाने वालों के खिलाफ शिकंजा कसा। विशेष अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 50 बोतल देसी शराब, 14 बोतल अंग्रेजी शराब और 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की। वहीं नशे के अवैध कारोबार पर कार्रवाई करते हुए 380 ग्राम गांजा भी बरामद किया गया। इसके अतिरिक्त जुआ खेलने और खिलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई के दौरान 8600 रुपये की नकदी बरामद की गई। पुलिस प्रवक्ता अनुसार फरीदाबाद पुलिस ने जुलाई 2026 से अब तक 11 वीकेंड अभियान चलायें हैं।

इस दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए 2100 से अधिक लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, 1006 उद्घोषित अपराधियों व जमानत पर फरार अपराधियों पर कार्रवाई की गई है। पुलिस द्वारा 68 देसी कट्टा, 2 पिस्टल, 32 कारतूस तथा 4 मैगजीन बरामद की है। इसी प्रकार आबकारी अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए 3667 बोतल देशी शराब, 797 बोतल अंग्रेजी बरामद की गई हैं वहीं 50 किलोग्राम के करीब गांजा, 1.588 किलोग्राम अफीम तथा 8000 से अधिक प्रतिबंधित टैबलेट्स कैप्सूल बरामद किए हैं।

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की समीक्षा

सभी ग्राम पंचायतों में ठोस कचरा प्रबंधन की व्यवस्था करें अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



राज्य स्तरीय टास्क फोर्स, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, हरियाणा के वाईस चैयरमेन रविन्द्र जागलान द्वारा खण्ड कार्यालय बल्लभगढ में संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ गत दिवस स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में उन्होने कहा कि सभी ग्राम पंचायतों में ठोस कचरा प्रबंधन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि सभी गांव साफ-सुथरे दिखाई दे। इस कार्य में गावं के युवाओं के युवा ग्रुपों को स्वच्छता के कार्यों में हिस्सा लेने के लिए जागरुक करने के साथ-साथ प्रोत्साहित भी किया जाए।

इस अवसर पर उन्होंने एसडीओ पंचायती राज को निर्देशित किया कि वह ग्रे.वाटर मैनेजेमेंट के तहत तैयार किए जा रहे तालाबो के पानी रि.यूज के मॉडल तैयार करें एवं इन तालाबो में मत्सय विभाग मछली पालन के लिए ग्राम पंचायतों को मोर्टीवेट करे ताकि ग्राम पंचायतो में आय के साधनो में वृद्धि हो सके। स्वास्थ्य विभाग मेडिकल वेस्ट के उचित प्रबंधन की व्यवस्था एवं उसका रिकार्ड मैनटेन करे। कृषि विभाग किसानों को जैविक खेती के लिए प्रोत्साहित करें, महिला एवं बाल विकास विभाग खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारियों के साथ समन्व्य स्थापित करते हुए सभी आगंनवाडी केन्द्रो पर शौचालय की व्यवस्था तथा उनका रख.रखाव सुनिश्चत करें।

अ.भारतीय सेवा संघ फीमेल विंग मनाया दीपोत्सव

रामायण, एक अनंत गाथा की शानदार प्रस्तुति और बच्चों की नृत्य ने दर्शकों का जीता दिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



अखिल भारतीय सेवा संघ फीमेल विंग फरीदाबाद की ओर से सेक्टर-28 स्थित ज़ही ओपस, सॉल्ट स्टेज़ में दीपावली के अवसर पर दीपोत्सव 2026 का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में भारतीय संस्कृति, संगीत, नृत्य और सामाजिक सेवा का सुंदर संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम का शुभारंभ ढोल की गूंज और अतिथियों के भव्य स्वागत के साथ हुआ। आयोजन स्थल को फूलों और दीपावली की आकर्षक सजावट से सजाया गया था, जिसे महिला सदस्यों ने अपनी रचनात्मकता से तैयार किया। समारोह का मुख्य आकर्षण रामायण, एक अनंत गाथा पर आधारित संगीतमय नृत्य नाटिका रही। इसमें प्रेम, भक्ति, मर्यादा और बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश दिया गया। संघ की अध्यक्ष डॉ. प्रियंका कोचर ने प्रभावशाली कथा-वाचन के माध्यम से रामायण के विभिन्न प्रसंगों को प्रस्तुत किया। बाल कलाकारों श्यामक, शयोवी, अनिका, अद्विका, मेहर, वसव और हान्वी ने नृत्य एवं संगीत की मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ मनोरंजक खेलों का भी आयोजन किया गया, जिनमें सदस्यों और अतिथियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एसोसिएशन फॉर द वेलफेयर ऑफ हैंडीकैप्ड, फरीदाबाद की मार्गदर्शक श्रीमती हिमानी उपस्थित रहीं। इनके अलावा रोटेरियन नरेश वर्मा, योगराज गुप्ता, पूनम गुप्ता, अनीता गोस्वामी, प्रिया आनंद, चारु लांबा और विजया चोपड़ा सहित अनेक गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

संघ की अध्यक्ष डॉ. प्रियंका कोचर ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दीपावली केवल दीप जलाने का पर्व नहीं, बल्कि प्रेम, एकता और दूसरों के जीवन में खुशियों का उजाला फैलाने का संदेश भी देती है। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता का श्रेय सांस्कृतिक टीम के सहयोग और समर्पण को दिया। उत्साह, उल्लास, संगीत और सामाजिक सरोकारों से भरपूर दीपोत्सव 2026 सभी के लिए यादगार बन गया।

लॉरेंस विश्नोई के नाम पर धमकी देने वाला आरोपी को किया काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

अपराध शाखा पुलिस ने मंगलवार को लॉरेंस विश्नोई के नाम पर जान से मारने की धमकी देने वाले शातिर अभियुक्त अंशु प्रजापति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की उम्र 20साल है। वह अमौनी, भोया, थाना महाराजगंज, जनपद फैजाबाद का रहने वाला है।उसने पत्रकार को 18. आरव शर्मा निवासी प्रताप विहार, विजयनगर, गाजियाबाद को उनके मोबाइल पर अज्ञात नम्बर द्वारा व्हाट्सअप पर ऑडियो मैसेज के माध्यम से अपने आप को लॉरेंस विश्नोई गैंग का सदस्य बताते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। जिसके संबंध में थाना विजय नगर पर अभियोग अन्तर्गत धारा 351(4) बी0एन0एस0 बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था।

प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट गाजियाबाद महोदय द्वारा अपराध शाखा गाजियाबाद को घटना के शीघ्र अनावरण व अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था।

फ्लाइट से ओडिशा जाकर तय की थी डील

गुरुग्राम में 1.25 करोड़ का गांजा पकड़ा, दो काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम



सेक्टर-65 क्राइम ब्रांच ने अंतरराज्यीय गांजा तस्करी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए 673 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। राजीव चौक के पास पकड़े गए टाटा ट्रक में गांजे के 23 कट्टे प्लास्टिक दानों से भरे बैगों के नीचे छिपाए गए थे। पुलिस के अनुसार, बरामद गांजे की अनुमानित कीमत करीब 1.25 करोड़ रुपये है। मामले में राजस्थान के खैरथल जिले के रहने वाले ट्रक मालिक एवं चालक साबिर (34) और क्लीनर सनावर (19) को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ओडिशा से गांजा लाकर राजस्थान के भिवाड़ी में सप्लाई करने जा रहे थे।

प्लास्टिक दानों की आड़ में ट्रक से ले जा रहे थे 673 किलो गांजा

एसीपी क्राइम नवीन शर्मा ने बताया कि सेक्टर-65 क्राइम ब्रांच के इंचार्ज सब-इंस्पेक्टर अरुण के नेतृत्व में पुलिस टीम आधी रात को राजीव चौक के पास गश्त कर रही थी। इसी दौरान राजस्थान नंबर के एक ट्रक में नशीला पदार्थ ले जाए जाने की सूचना मिली। पुलिस ने घेराबंदी कर ट्रक को रुकवाया। तलाशी लेने पर उसमें प्लास्टिक के दानों से भरे 767 बैग और 15 पोट मिले। इनके नीचे छिपाकर रखे गए गांजे के 23 कट्टे बरामद हुए, जिनका कुल वजन 673 किलोग्राम था।

डील तय होने पर ट्रक से गांजा भिवाड़ी पहुंचाने के लिए निकला था

पूछताछ में सामने आया कि मुख्य आरोपी साबिर गांजे की खेप का सौदा तय करने और माल लोड करवाने के लिए फ्लाइट से ओडिशा गया था। डील तय होने के बाद वह ट्रक से गांजा भिवाड़ी पहुंचाने के लिए निकला। पुलिस के मुताबिक, खेप पहुंचाने के बदले आरोपियों को उनके अन्य साथियों से दो लाख रुपए मिलने थे। साबिर ने सनावर को 20 हजार रुपए मासिक वेतन पर क्लीनर रखा हुआ था। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने इसी तरीके से पहले भी दो बार गांजे की खेप सप्लाई करने की बात कबूल की है। इस बार उनकी तीसरी खेप पकड़ी गई।

DISTRICT CONSUMER DISPUTES REDRESSAL COMMISSION, THANE ADDITIONAL
Room no. 428 and 429, Konkan Bhavan Annex Building, 4th Floor, C.B.D. Belapur, Navi Mumbai 400 614
Under the Consumer Protection Act, 2019
IA NO. 25/2025
IN
RA.No. 3/2025
IN
RBT/CC/330/2018

Outward No.DCDRC/TH-ADDU 897
Date: 23/10/2026

Mrs. Pramilla Allan Rebello Mrs. Sujata Murli Koneru Complainant/Appellant

Versus

1. Usha (India) Ltd and other 1 Opposite Party/Respondent

Opposite Party/Respondent

To
1/4. Neeraj Kumar
R/at: 2/382A, Ward No 19, Shiv Durga, vihar Lakarpur, Faridabad, Haryana, India - 111009.

PUBLICATION NOTICE

Applicant (original complaint) has filed the above mentioned review application under Section 40 of the consumer protection act, before this Commission, and also filed the above mentioned application for condoning the delay in filing the said review application. The notices sent to the respondent (original opposite party) was not received by them/unreachable due to change in address by them. Therefore, as per request of the applicant respondent is notified through this public notice to appear before this Commission on Dated 08/12/2026 at 10.30 a.m. at above mentioned address of commission, in person or through their advocate/authorized representative to give their written reply. If they do not appear in person or through their advocate/authorized representative and not file their reply on the above mentioned date, the commission has all rights and powers to pass order as per available record.

(By order of the District Consumer Disputes Redressal Commission, Thane Additional)

SEAL

(Apurva Pendharkar)
Incharge Registrar,
District Consumer Dispute Redressal Commission,
Thane Additional

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी/84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आसिफ पुत्रः मोहम्मद रजित पताः आम बागीची, झुग्गी सी–ब्लॉक, जेजे कॉलोनी, बवाना, दिल्ली** ने case **FIR No. 255/2019 U/s 33 Delhi Excise Act, थानाः नरेला इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आसिफ** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आसिफ** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 255/2019 U/s 33 Delhi Excise Act, थानाः नरेला इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **आसिफ** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 05.12.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री साहिल गुप्ता
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–07
उत्तर, रूम नं. 6, भूतल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/15450/ON/2026 (Court Matter)

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C./84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **मुन्ना अली पुत्रः अब्दुल खालिक पताः आर–17/6, मॉडल टाउन–III, दिल्ली FIR No. 535/20 U/s 27/61/85 NDPS Act थानाः जहांगीरपुरी दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मुन्ना अली** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गए है कि उक्त अभियुक्त **मुन्ना अली** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 535/20 U/s 27/61/85 NDPS Act थानाः जहांगीरपुरी दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मुन्ना अली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.12.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री साहिल गुप्ता
जेएमएफसी–07, कमरा नंबर 6, ग्राउंड फ्लोर
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/15208/NW/2026 (Court Matter)

खबर संक्षेप

रात 11 से सुबह 5 बजे तक बंद रहेंगे चार्जिंग प्वाइंट

रांची। ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों को अब रात 11 बजे से सुबह 5 बजे तक मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट की सुविधा नहीं मिलेगी। रेलवे बोर्ड ने यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी जोनल रेलवे को इस समयावधि में कोचों के मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट बंद रखने का निर्देश दिया है। किसी भी तरह की छूट न देने को कहा है। रेलवे बोर्ड ने दक्षिण पूर्व रेलवे में हुई एक घटना का उल्लेख किया।



छठ पर बिहार आने का हवाई किराया 30 हजार

पटना। दिवाली व छठ जैसे बड़े पर्व पर महानगरों से इन त्योहारों में घर आने की इच्छा रखने वालों के लिए सफर बेहद महंगा हो चुका है। मुंबई से पटना का हवाई करिया तो लगभग 30 हजार रुपया पहुंच चुका है। बेलगाम हवाई किराये की वजह से इस दिवाली और छठ में अन्य शहरों से पटना आना मुश्किल है। बेंगलुरु, नई दिल्ली, मुंबई, कोलकाता आदि से किराया चार गुना तक महंगा हो गया है।



यूपी में सरेआम युवक की ईंटों से कूचकर हत्या

मुजफ्फरनगर। यहां खतौली में चूना भट्टी पर बाइक सवार युवक की सरेआम ईंटों से कूचकर हत्या कर दी। युवक अपने दोस्त के साथ एक दुकान पर था। तीन नकाबपोश युवकों ने हमला कर दिया। इस दौरान मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई, लेकिन किसी ने उसे बचाने का प्रयास नहीं किया। युवक ने करीब डेढ़ साल पहले पड़ोस में रहने वाली युवती से प्रेम विवाह किया था।



सपा ने पिछड़े वर्ग के लोगों को न्याय न मिलने का आरोप भी लगाया

सपा अध्यक्ष अखिलेश बोले - कांति सिंह की सीट पर 97 बूथों पर बिना फोल्ड किए मिले वोट

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विधान परिषद चुनाव में सपा प्रत्याशी कांति सिंह की सीट पर मतदान को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि 97 बूथों पर बिना फोल्ड किए हुए वोट मिले हैं। अखिलेश ने कहा कि ऐसा लग रहा है कि पूरा डिब्बा वोट डालकर लाया गया होगा। उन्होंने भाजपा पर चुनाव में बेईमानी कराने का आरोप लगाया।

वहीं, धर्मेंद्र कश्यप ने पिछड़े वर्ग के लोगों को न्याय नहीं मिलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कश्यप समाज के एक दर्जन से ज्यादा लोगों की हत्या हो चुकी है और इन घटनाओं में जाति विशेष के लोगों का हाथ है। कश्यप ने कहा कि अखिलेश यादव जरूरी हैं और वह सपा को मजबूत करने का काम करेंगे। वहीं सपा अध्यक्ष ने कीर्ति कश्यप को बिथरी से प्रत्याशी घोषित किया।

धर्मेंद्र कश्यप के आने से पीडीए का संघर्ष मजबूत होगा

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर चुनाव में बेईमानी करने का आरोप लगाया। उन्होंने विधान परिषद चुनाव में बैलेट बॉक्स में बिना फोल्ड किए बैलेट मिलने का दावा करते हुए चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाए। अखिलेश ने धर्मेंद्र कश्यप और उनकी बेटी कीर्ति कश्यप का सपा में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र कश्यप के आने से पीडीए का संघर्ष मजबूत होगा और भाजपा चुनाव हारेगी।

'गोरखपुर में बिना सील का बॉक्स मिला'

अखिलेश यादव ने दावा किया कि गोरखपुर में बिना सील का बॉक्स मिला है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा चुनाव जीतने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। उन्होंने चुनाव आयोग की कार्रवाई पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि छोटी कार्रवाई के पीछे किसी बड़ी साजिश की आशंका को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है।

भाजपा ने सीपीआई से छीना तिरहुत

शिक्षक एमएलसी सीट पर नरेंद्र सिंह ने 594 वोटों से संजय सिंह को हराया

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधान परिषद की तिरहुत शिक्षक एमएलसी सीट पर भाजपा ने जीत दर्ज की है। एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी नरेंद्र प्रसाद सिंह उर्फ एनपी सिंह ने लेफ्ट पार्टी सीपीआई के कैंडिडेट संजय सिंह को लगभग 594 वोटों से हरा दिया।

संजय सिंह तिरहुत शिक्षक से लगातार दो बार के एमएलसी थे। मंगलवार को हुई मतगणना में पहले वरीयता के मतों की गिनती में नतीजा नहीं निकलने पर दूसरी वरीयता के वोट गिने गए। उसमें भी नतीजा नहीं निकला तो एलिमिनेशन राउंड से परिणाम घोषित किया गया। भाजपा के एनपी सिंह को 2945 वोट मिले, जबकि दूसरे नंबर पर निर्दलीय भूषण झा रहे। झा को 2351 वोट मिले।



वोटों की गिनती मुजफ्फरपुर में हुई

वोटों की गिनती मंगलवार को प्रमंडलीय मुख्यालय मुजफ्फरपुर में हुई। पहली वरीयता के मतों की गिनती में बीजेपी के नरेंद्र प्रसाद सिंह ने 138 वोटों की बढ़त बना ली। इसके बाद दूसरी वरीयता के मतों की गिनती हुई तो बीजेपी ने 159 वोटों की लीड ले ली। हालांकि, दूसरे राउंड तक भी कोई प्रत्याशी चुनाव आयोग के तय कोटा (आधे से ज्यादा वोट) का आंकड़ा हासिल नहीं कर पाया।

बिहार में भाजपा की पदयात्रा आज से

लोकतंत्र बचाओ... अभियान पटना से सीएम शुरुआत करेंगे

एजेंसी ▶▶ पटना



बिहार में भाजपा विपक्ष के खिलाफ पदयात्रा निकालने जा रही है। इसे लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान नाम दिया गया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी बुधवार को राजधानी पटना से इस पदयात्रा की शुरुआत करेंगे।

इसमें बीजेपी के दिग्गज नेता शामिल होंगे। पटना के गांधी मैदान से करगिल चौक तक यह मार्च निकाला जाएगा। इसके बाद राज्य के अन्य सभी प्रमुख शहरों में यह पदयात्रा होगी। दूसरे चरण में जिला स्तर पर मार्च का आयोजन किया जाएगा। भाजपा ने विपक्ष पर झूठा नैरेटिव सेट करना का आरोप लगाया और कहा कि इस पदयात्रा के तहत पार्टी जनता के पास जाकर इंडिया गठबंधन के दावों की असलियत बताएगी।

भाजपा का विपक्ष पर आरोप

सरावगी ने कहा कि इसके तहत विपक्ष की राजनीति का जवाब देने के लिए बीजेपी अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष हमेशा ऐसे मुद्दे उठाता है, जिन्हें देश की जनता पहले ही नकार चुकी है। वह चुनाव आयोग और संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाकर जनता के बीच भ्रम फैलाने का प्रयास करती है।

इंडिया गठबंधन देश में झूठा नैरेटिव स्थापित

बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने जारी बयान में आरोप लगाया कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पूरे देश में झूठा नैरेटिव स्थापित करने की कोशिश कर रहा है। इसके विरोध में बीजेपी ने यह कार्यक्रम चलाने का फैसला लिया है। उन्होंने बताया कि इस पदयात्रा का पहला चरण देश भर में 5 नवंबर तक आयोजित होगा।

योगी कैबिनेट के 22 प्रस्तावों की मंजूरी

17,542 करोड़ से बनेंगे 4 लिंक एक्सप्रेसवे टेक्सटाइल पार्क को मंजूरी,निवेश व रोजगार को मिलेगी रफ्तार

टी एन मिश्र ▶▶ लखनऊ

प्रदेश में 17,542 करोड़ रुपये से चार नए लिंक एक्सप्रेसवे बनाए जाएंगे, जबकि लखनऊ-हरदोई में पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क के विकासकर्ता के चयन को मंजूरी मिली है...

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने कैबिनेट बैठक में विकास, रोजगार और जनसुविधाओं से जुड़े कई अहम फैसले लिए हैं। प्रदेश में 17,542 करोड़ रुपये से चार नए लिंक एक्सप्रेसवे बनाए जाएंगे, जबकि लखनऊ-हरदोई में पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क के विकासकर्ता के चयन को मंजूरी मिली है।

ग्रेटर नोएडा में अत्याधुनिक रोबोटिक्स पार्क बनेगा और चार कंपनियां 1,709 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेंगी। माध्यमिक और बेसिक शिक्षा के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा मिलेगी। बुंदेलखंड में 65 हजार मीट्रिक टन क्षमता के गोदाम बनेंगे। वहीं, सरकारी डिजिटल ढांचे की सुरक्षा के लिए साइबर सिक्योरिटी सेंटर स्थापित होगा।

रोबोटिक्स पार्क और चार ग्लोबल कंपनियों के प्रस्ताव मंजूर

योगी सरकार देगी गाय खरीदने के लिए 40 हजार



4 कंपनियों के 1,709.84 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव

जीसीसी नीति के तहत हैवेल्स, अमेरिप्राइज, मेटलाइफ और एलजी सॉफ्ट इंडिया के निवेश प्रस्तावों को मंजूरी मिली। गौतम बुद्ध नगर में प्रस्तावित इन परियोजनाओं का कुल निवेश 1,709.84 करोड़ रुपये है। इससे तकनीकी सेवाओं, अनुसंधान, डिजिटल परिचालन और उच्च कौशल वाले रोजगार के अवसरों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

ग्रेटर नोएडा में बनेगा प्रगति रोबोटिक्स पार्क

ग्रेटर नोएडा में 69.52 एकड़ भूमि पर प्रगति रोबोटिक्स पार्क विकसित होगा। यहां रोबोटिक्स परीक्षण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, प्रोटोटाइप निर्माण और डेटा प्रयोगशालाओं की सुविधाएं मिलेंगी। परियोजना के पूर्ण विस्तार पर एक लाख से अधिक रोजगार व प्रदेश की अर्थव्यवस्था में सालाना 2,000 करोड़ के मूल्यवर्धन का अनुमान है। इसके अलावा लखनऊ-हरदोई सीमा पर 1,000 एकड़ में बनने वाले पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क के मास्टर डेवलपर के रूप में मैसर्स रामकी इंफ्रास्ट्रक्चर लि.को प्रेफर्ड बिडर चुना गया है। 1,947 करोड़ की इस परियोजना से वस्त्र उद्योग में निवेश बढ़ेगा और करीब एक लाख युवाओं को रोजगार मिलने की संभावना है।

सैनिक स्कूल मैनपुरी को 9.524 हेक्टेयर भूमि मुफ्त

कैबिनेट ने सैनिक स्कूल मैनपुरी के विकास के लिए ग्राम सभा नौनेर की 9.524 हेक्टेयर भूमि निशुल्क देने को मंजूरी दी। इससे कैडेटों और कर्मचारियों के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाओं के निर्माण का रास्ता साफ होगा। भूमि रक्षा मंत्रालय की सैनिक स्कूल सोसाइटी को हस्तांतरित की जाएगी। साथ ही इलाहाबाद हाईकोर्ट के अफसरों के लिए प्रयागराज में 543.4075 करोड़ रुपए की लागत से 845 सरकारी आवास बनाए जाएंगे। देवघाट झलवा में टाइप-3 के 533 और टाइप-4 के 312 आवास बनेंगे। कैबिनेट ने परियोजना को मंजूरी दी, जिससे आवासों की कमी दूर होगी।

पेज एक का शेष

हम पहले प्रयास ...

तो कुछ सालों बाद वो तकनीक हम तक पहुंचती थी। हम उसे अपनाते थे या उसमें कुछ सुधार करके आगे बढ़ाते थे। लेकिन आज 21वीं सदी का भारत एक नई सोच और नए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है।अब हमारा लक्ष्य भारत के लिए, दुनिया के लिए, आज के लिए, आने वाले कल के लिए नई टेक्नोलॉजी बनाना, उसकी दिशा तय करना और दुनिया की समस्याओं के समाधान देने की शक्ति विकसित करना है।

इसरो अगली पीढ़ी के भारी प्रक्षेपण यान का मॉडल दिखाएगा: भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) सम्मेलन में अपनी उभरती तकनीकों और भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों को प्रदर्शित करेगा। इसरो अध्यक्ष वी. नारायणन ने सम्मेलन से पहले बताया कि एजेंसी अपने प्रस्तावित अगली पीढ़ी के भारी प्रक्षेपण यान का मॉडल दिखाएगी। इसे पृथ्वी की निचली कक्षा में 30,000 किलोग्राम से अधिक वजन वाले पेलोड ले जाने के लिए तैयार किया जा रहा है। प्रदर्शनी में चंद्रयान-4 और चंद्रयान-5 मिशनों को भी प्रमुखता से दिखाया जाएगा।

इन 12 क्षेत्रों पर रहेगा फोकस : सम्मेलन में विज्ञान और तकनीक से जुड़े 12 प्रमुख क्षेत्रों पर चर्चा की जाएगी। इनमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), जैव प्रौद्योगिकी, उन्नत सामग्री, विनिर्माण, स्वास्थ्य, ऊर्जा, जलवायु विज्ञान और समुद्र अनुसंधान जैसे विषय शामिल हैं। इन क्षेत्रों में शोध की प्राथमिकताएं तय करने और देश की वैज्ञानिक क्षमताओं को मजबूत करने पर जोर दिया जाएगा। प्रयोगशालाओं में होने वाली नई खोजों को वास्तविक जीवन में इस्तेमाल करने योग्य बनाया जाए। इससे तकनीकी विकास को उद्योगों और आम लोगों की जरूरतों से जोड़ने के अवसर तलाशे जा सकेंगे।

स्टार्टअप प्रतिभागी और विशेषज्ञ होंगे शामिल : सम्मेलन में विज्ञान और तकनीक से जुड़ी बड़ी प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इसमें भारत की स्वदेशी वैज्ञानिक उपलब्धियों और नई तकनीकों को प्रदर्शित किया जाएगा। करीब 150 डीप-टेक स्टार्टअप अपने स्टॉल लगाएंगे और आधुनिक तकनीकों के साथ उनके संभावित इस्तेमाल की जानकारी देंगे। कार्यक्रम में भारत और विदेश के शैक्षणिक संस्थानों, शोध संगठनों तथा उद्योगों से जुड़े 300 से अधिक आमंत्रित प्रतिभागियों के शामिल होने की उम्मीद है।

सीएसआईआर का...

भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार कार्यालय के मार्गदर्शन में आयोजित हो रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य देश के विज्ञान, तकनीक और नवाचार तंत्र को मजबूत करना है। सम्मेलन में शोध संस्थानों, उद्योगों और नीति निर्माताओं के बीच सहयोग बढ़ाने पर जोर रहेगा यह पहल विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के अनुरूप भारत के दीर्घकालिक वैज्ञानिक और तकनीकी विकास को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से की गई है।

अभिषेक ने 'फोड़ा'...

बढ़त बना ली। अभिषेक ने महज 35 गेंदों में शतक पूरा किया और 38 गेंदों पर 113 रन की विस्फोटक पारी खेली। उन्होंने नौ चौके और 11 छक्के लगाए। वैभव के साथ उनकी आक्रामक शुरुआत ने भारत की जीत की राह आसान कर दी। वैभव ने 19 गेंदों में 45 रन बनाए। वेलिंगटन के हेगले स्टेडियम में खेले गए इस मैच में अभिषेक ने इस प्रदर्शन के साथ विराट कोहली को पीछे छोड़ते हुए पुरुष टी20 क्रिकेट में सर्वाधिक शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बनने का रिकॉर्ड बनाया। वह टी20 क्रिकेट में अब तक 11 शतक लगा चुके हैं, जबकि कोहली के नाम 10 शतक हैं। इस प्रारूप में उनसे आगे पाकिस्तान के बाबर आजम 13 और वेस्टइंडीज के क्रिस गेल 22 शतकों के साथ हैं। टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भी अभिषेक ने अपना चौथा शतक लगाकर सूर्यकुमार यादव की बराबरी कर ली। इस प्रारूप में रोहित शर्मा और ग्लेन मैक्सवेल पांच-पांच शतकों के साथ शीर्ष पर हैं। इससे पहले न्यूजीलैंड ने डेरिल मिशेल के नाबाद 89 रन की बदौलत 198 रन बनाए थे, लेकिन भारतीय बल्लेबाजों के आक्रामक अंदाज के सामने उसका लक्ष्य नाकाफी साबित हुआ।

वैश्विक चुनौतियों का...

ठिकानों की सख्त अंदाज में की गई निंदा, आतंकवाद के खिलाफ शून्य सहिष्णुता की नीति को अपनाने व दोहरे मापदंडों से दूरी बनाने, अंतरराष्ट्रीय शासन में ग्लोबल साउथ देशों के अधिक प्रतिनिधित्व तथा यूएनएससी में सुधारों पर भी इसमें काफी जोर दिया गया है। लोकसभा अध्यक्ष ने आयोजन के समापन के बाद अगले वर्ष 2027 के लिए चीन को मंच की अध्यक्षता की जिम्मेदारी सौंपते हुए बधाई दी है।

एआई का जिम्मेदारी से हो इस्तेमाल: लोकसभा अध्यक्ष ने तकनीक और एआई का जिम्मेदारी से इस्तेमाल की वकालत करते हुए कहा कि यह और कुछ नहीं, संसदों को मजबूती, सांसदों की क्षमता में बढ़ोतरी कर सकता है। बिरला के मुताबिक, ये दोनों ऐसे मुद्दे हैं, जिनका उपयोग संसदीय कार्यप्रणाली को सुगम बनाने के साथ ही इसमें नागरिकों की भागीदारी को बढ़ा सकता है। लेकिन यहां यह बेहद जरूरी है कि इसका विकास मानवीय मूल्यों, नैतिकता, पारदर्शिता और जवाबदेही के हिसाब से होना चाहिए। ब्रिक्स संसदीय मंच की सफलता इस बात में है कि हमें सदस्य देशों की प्रगति से आगे बढ़कर व्यापक वैश्विक समुदाय को लाभ पहुंचाना चाहिए।

कानून बनाने वाली संस्था नहीं संसद: बिरला ने वर्तमान के अस्थिरता, आर्थिक अनिश्चितता और क्षेत्रीय संघर्षों के जटिल माहौल के बीच भारत के दर्शन का उल्लेख करते हुए कहा कि संसदें केवल कानून बनाने वाली संस्थाएं ही नहीं हैं। ये बातचीत, आम सहमति, जवाबदेही और जनविश्वास के जीवंत केंद्र हैं। वैश्विक विधानमंडलों से भारत के लोकसभा अध्यक्ष ने पहले के मुकाबले अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जन केंद्रित बनकर बदलते वक्त के मुताबिक अपने आपको को परिवर्तित करने का आग्रह किया। जनता के विश्वास को सुरक्षित रखने के लिए संसदों को पारदर्शी, जन केंद्रित संस्थानों के रूप में विकसित होने पर भी उन्होंने बल दिया है।

उपराष्ट्रपति सीपी...

व्यवस्था के साझा संकल्प के साथ जोड़ता है। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, ब्रिक्स सदस्य एवं साझेदार देशों की संसदों के अध्यक्ष और पीठासीन अधिकारी, केंद्रीय मंत्री, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, लोकसभा और राज्यसभा के महासचिव तथा विभिन्न देशों के अधिकारी और अन्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे।

प्रतिनिधिमंडलों का स्वागत करते हुए राधाकृष्णन ने कहा कि भारतीय संसद देश के संसदीय लोकतंत्र का केंद्र है, जिसकी जड़ें समाज के निचले स्तर से लेकर सर्वोच्च संस्थाओं तक फैली हुई हैं। उन्होंने कहा कि भारत में लोकतंत्र की परंपरा प्राचीन काल से रही है। उत्तर भारत में वैशाली जैसे स्थानों पर लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के प्रमाण मिलते हैं, जबकि दक्षिण भारत में चोल शासकों के समय 'कुडवोलाई' प्रणाली के माध्यम से प्रतिनिधियों के चयन की व्यवस्था प्रचलित थी। इसी समृद्ध ऐतिहासिक विरासत के कारण भारत को लोकतंत्र की जननी कहा जाता है।

ब्रिक्स के बढ़ते महत्व का उल्लेख करते हुए राज्यसभा सभापति ने कहा कि 12वें ब्रिक्स संसदीय मंच की चर्चाएं वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए सदस्य और साझेदार देशों की सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। उन्होंने कहा कि आपसी एकजुटता, संवाद और विश्वास के माध्यम से ही वैश्विक समस्याओं का प्रभावी समाधान निकाला जा सकता है। सितंबर 2026 में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का उल्लेख करते हुए राधाकृष्णन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिक्स देशों को वैश्विक नवाचार और समाधान के महत्वपूर्ण केंद्रों के रूप में उभरने की बात कही थी। उन्होंने विश्वास जताया कि 12वां ब्रिक्स संसदीय मंच सदस्य और साझेदार देशों के बीच सहयोग को और मजबूत करेगा तथा नवाचार के नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त करेगा। भारतीय आतिथ्य परंपरा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि अतिथियों के साथ दोपहर का भोजन साझा करना महज औपचारिकता नहीं, बल्कि आत्मीयता और पारस्परिक सम्मान की अभिव्यक्ति है। ऐसे अवसरों पर प्रतिनिधि औपचारिक चर्चाओं से आगे बढ़कर व्यक्तिगत संबंधों को मजबूत कर सकते हैं, जो अंतरराष्ट्रीय सहयोग की महत्वपूर्ण आधारशिला हैं। राधाकृष्णन ने उम्मीद जताई कि यह आयोजन प्रतिनिधियों को अनौपचारिक रूप से विचारों के आदान-प्रदान और आपसी संबंधों को प्रगाढ़ करने का अवसर देगा। उन्होंने अतिथियों के भारत प्रवास को यादगार बनाने की कामना करते हुए कहा कि भारतीय भोजन, आतिथ्य और यहां बिताए गए सुखद पल उनके मन में भारत की स्थायी छाप छोड़ेंगे।

अध्यक्ष ने गिनाए...

में राज्य में जो विकास की गति बनी है, उसे आगे बढ़ाते हुए 2037 तक 'विकसित गोवा' बनाने के संकल्प को भी पूरा करना है। कांग्रेस पर हमला करते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस अपने राज्यों में जनता से किये गए वादों को भी पूरा नहीं कर रही है। पड़ोसी राज्य कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार के तीन साल पूरे होने जा रहे हैं, लेकिन वहां किए गए वादे पूरे नहीं हुए हैं। इसी तरह, हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार के घोषणा-पत्र में किए गए वादों के बारे में भी सवाल पूछे जाने चाहिए। इसके विपरीत, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, राजस्थान और गोवा में भाजपा की सरकारें अपने संकल्पों को सिद्धि तक पहुंचाती हैं। यही भाजपा के कार्यकर्ताओं के काम करने की शैली है। आज गोवा को पुलों का राज्य कहा जा रहा है। एक समय था, जब उत्तर गोवा और दक्षिण गोवा को अलग-अलग माना जाता था, लेकिन भाजपा सरकार ने दोनों क्षेत्रों के बीच की दूरियों को कम करने का काम किया है। नवीन ने कहा कि भाजपा की खूबसूरती यही है कि नीचे बैठा कोई भी कार्यकर्ता शीर्षस्थ पद तक पहुंच सकता है। पिछली बार मैंने प्रदेश अध्यक्ष और उनकी टीम से कहा था कि लोकसभा चुनाव में पार्टी को 50 प्रतिशत से अधिक मत मिलते हैं, लेकिन विधानसभा चुनाव में कुछ कमी रह जाती है। इस बार हमने तय किया है कि विधानसभा चुनाव में भी 50 प्रतिशत से अधिक वोट हासिल कर सरकार बनायेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि देश के नेता प्रतिपक्ष को कभी विकास के मुद्दों पर सवाल उठाते हुए नहीं देखा जाता। उनकी आवाज देश में अराजकता फैलाने के लिए उठती है। विकास की इतनी बड़ी लकीर खींची गई है कि कांग्रेस के नेता उसके आसपास भी नजर नहीं आते।

चुनाव आयोग का ...

के इस्तेमाल को लेकर आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। जयराम रमेश ने सामाजिक माध्यम पर जारी अपने बयान में छह प्रमुख मुद्दे उठाते हुए आरोप लगाया कि चुनाव आयोग अपने रुख में लगातार बदलाव कर रहा है और नियमों के उल्लंघन पर पर्दा डालने की कोशिश कर रहा है।

तकनीकी तंत्र के जरिए अधिकारों के केंद्रीकरण का आरोप: रमेश ने चुनाव आयोग के तकनीकी मंच के इस्तेमाल पर भी सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि इसके माध्यम से मतदाता सूचियों पर नियंत्रण केंद्रीकृत किया जा रहा है और वैधानिक अधिकार रखने वाले निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों के फैसलों को दरकिनार किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि जिन राज्यों में विशेष गहन पुनरीक्षण हुआ है, वहां निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों के फैसलों को पलटने के उदाहरण सामने आए हैं। उन्होंने गोवा, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड का उल्लेख करते हुए कहा कि इस व्यवस्था को लेकर दोनों चुनाव आयुक्तों ने आधिकारिक अभिलेखों में अपनी चिंताएं दर्ज कराई थीं।

चुनाव आयोग के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल: कांग्रेस नेता ने चुनाव आयोग के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की कार्यप्रणाली को भी अपारदर्शी बताते हुए आरोप लगाया कि विभाग अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर काम करता है और बिना अनुमति के फैसले लेता है। उनके अनुसार, दोनों चुनाव आयुक्तों ने तकनीकी मंच और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के कामकाज को लेकर अपनी चिंताओं से मंत्रिमंडल सचिव को भी अवगत कराया था। रमेश ने दावा किया कि इसके बाद भी विभाग की कार्यप्रणाली में कथित अव्यवस्था को दूर करने के लिए कोई प्रभावी बदलाव नहीं किया गया और न ही इन मुद्दों पर कार्रवाई हुई।

विशेष गहन पुनरीक्षण में प्रपत्र-7 के दुरुपयोग का आरोप: विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए रमेश ने आरोप लगाया कि विभिन्न राज्यों में मतदाताओं के नाम बड़े पैमाने पर हटाने के लिए प्रपत्र-7 का दुरुपयोग किया गया है। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया के दौरान कई जगह नियमों के उल्लंघन और कथित गैरकानूनी कार्रवाइयों के मामले सामने आए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव आयोग के हलफनामे में समाचार माध्यमों में लगातार सामने आ रहे खुलासों की सच्चाई से इनकार नहीं किया गया है। रमेश के मुताबिक, यह स्थिति मुख्य चुनाव आयुक्त की कार्यप्रणाली में कथित गड़बड़ियों और कानूनी उल्लंघनों को लेकर उठाए गए सवालों को और गंभीर बनाती है।

चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर उठाया सवाल: जयराम रमेश ने अपने बयान के अंत में कहा कि झूठ बोलने वाला व्यक्ति धीरे-धीरे अपने ही बुने जाल में उलझ जाता है और लंबे समय तक ऐसा करने पर उसकी सच्चाई सामने आ जाती है। उन्होंने चुनाव आयोग के हलफनामे और उसकी कार्यप्रणाली को लेकर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि इन मामलों में नियमों का पालन, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए।

मुख्य चुनाव आयुक्त...

कथित गंभीर उल्लंघनों और गैरकानूनी कार्रवाइयों पर आधिकारिक अभिलेखों में आपत्तियां दर्ज कराई थीं। रमेश के अनुसार, इन आपत्तियों को नजरअंदाज किया गया और दोनों चुनाव आयुक्तों को संबंधित फैसलों की जानकारी तक नहीं दी गई। उन्हें इन निर्णयों के बारे में समाचार माध्यमों से पता चला। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति को सर्वसम्मति से लिया गया फैसला नहीं कहा जा सकता।

मतदाता पंजीकरण ...

कहा कि अब आयोग यह दलील दे रहा है कि नया घोषणा-पत्र अलग है और प्रपत्र-6 में कोई संशोधन नहीं किया गया। रमेश के मुताबिक, घोषणा-पत्र भरे बिना ऑनलाइन प्रपत्र-6 जमा करना संभव नहीं था। उन्होंने यह भी दावा किया कि 26 सितंबर 2026 को आयोग ने घोषणा-पत्र को प्रपत्र-6 के साथ जोड़े जाने की बात कही थी, जबकि अब वह इसे प्रपत्र का हिस्सा मानने से इनकार कर रहा है। उन्होंने इसे निर्वाचक पंजीकरण नियमावली, 1960 के कथित उल्लंघन पर पर्दा डालने की कोशिश बताया।

दिल्ली पुलिस पर ...

मिली। इसके बाद रामलीला मैदान में कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई गई। वेणुगोपाल का दावा है कि रामलीला मैदान में आयोजन के लिए आवश्यक अनुमतियां पहले ही मिल चुकी थीं, इसके बावजूद दिल्ली पुलिस ने कार्यक्रम की तैयारियां करने से रोक दिया। कांग्रेस नेता ने इस घटनाक्रम को लोकतंत्र और विपक्ष की आवाज से जुड़ा गंभीर मामला बताते हुए आरोप लगाया कि पहले चुनाव व्यवस्था को कमजोर किया जा रहा है और अब लोकतंत्र को बचाने के लिए आवाज उठाने वालों को रोकने के लिए तरह-तरह के तरीके अपनाए जा रहे हैं। वेणुगोपाल ने चेतावनी दी कि यदि सरकार और पुलिस ने उनके आंदोलन को रोकने की कोशिश जारी रखी, तो विपक्षी दल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के आवास के बाहर भी बड़े धरने पर बैठेंगे। उन्होंने कहा कि गठबंधन अपने अभियान को उसके लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए अंत तक संघर्ष करेगा।

दिल्ली पुलिस ने ...

ली गई है। पुलिस के अनुसार, इस आयोजन के लिए 25 अक्टूबर से 3 नवंबर तक की अवधि का अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी किया गया है। अशोक होटल में प्रस्तावित कार्यक्रम के संबंध में पुलिस का कहना है कि यह होटल के परिसर में आयोजन से जुड़ा मामला है और इसमें पुलिस की भूमिका नहीं है।

अरुणाचल प्रदेश में ...

मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर प्रचारित-प्रसारित हो रहे कुछ वीडियो के माध्यम से हुआ। लेकिन सेना ने अपने आधिकारिक फेक्ट चेक से इन्हें दो टूक अंदाज में खारिज करते हुए पूरी तरह से एआई की मदद से तैयार की गई गलत और भ्रामक जानकारी करार दिया है। साथ ही नागरिकों को ये चेतावनी दी है कि वो सोशल मीडिया पर ऐसे किसी भी वीडियो या अन्य पोस्ट में दी गई सामग्री पर बिना आधिकारिक स्रोतों की पुष्टि के बिना कोई फारवर्ड या रीपोस्ट न करें। वहीं, मामले को लेकर केंद्र की ओर से केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री, अरुणाचल प्रदेश से भाजपा के मौजूदा सांसद किरण रिजिजू ने मोर्चा संभाला और मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया मंच पर आई किसी भी जानकारी पर आंख मूंदकर भरोसा करने, उसके इस्तेमाल के जरिए आम जनमानस के बीच भ्रम की स्थिति उत्पन्न करने को लेकर कांग्रेस पार्टी को देश से माफी मांगनी चाहिए। गौरतलब है कि ये पूरा घटनाक्रम हाल ही में सामने आए आईटीबीपी डीजी के बयान के बाद सामने आया है।

माओवादी अभियान को बताया झड़प: सेना ने फेक्ट चेक में कई सोशल मीडिया खातों द्वारा साझा किए जा रहे एक अन्य वीडियो जिसमें ये दावा किया जा रहा था कि भारत की सेना के जवान चीन की सेना के साथ हुई झड़प के बाद अपने घायल कर्मियों को ले जा रहे हैं। सेना ने बताया, मूल वीडियो छत्तीसगढ़ में चलाए गए ऑपरेशन करेगुट्टा का है। जो कि एक माओवाद विरोधी अभियान था और उसमें माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी विस्फोट में कई कर्मी घायल हो गए थे। जिन्हें लेकर जाया जा रहा था। जबकि अब इस फुटेज का इस्तेमाल कुछ खातों के जरिए चीनी सेना के साथ हुई कथित झड़पों में घायल हुए सैनिकों के साथ जोड़कर प्रसारित करने के लिए किया जा रहा है। एक अन्य झूठे वीडियो में भारत-चीन सीमा पर ड्रैगन के वाहनों को अवैध प्रवेश के रूप में दिखाया गया है। साथ ही मुख्यधारा के मीडिया पर ये आरोप भी लगाया गया है कि वो जानबूझकर इस खबर को नहीं दिखा रहा है। जबकि सच्चाई इससे कोसों दूर है।

कालिया के बयान ...

दे रहे हैं कि चीन ने अरुणाचल प्रदेश के आसफिला, लोंगजू और ताक्सिंग सर्कल पर कब्जा कर लिया है। जिसकी वजह से भारत की सेना तक आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई नहीं पहुंच पा रही है।

चार



90 के दशक की यादें ताजा कर रहा सूर्या का 'सुनियो जरा'

नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल की आगामी फिल्म 'सूर्याः अंत से आरंभ तक' को लेकर दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ रही है। फिल्म के मेकर्स ने मंगलवार सुबह इसका नया गाना 'सुनियो जरा' रिलीज कर दिया है। इस गाने की खास बात यह है कि इसे हिंदी संगीत जगत के दिग्गज गायक उदित नारायण और कुमार सानू ने अपनी आवाज दी है। उनके साथ अनुपम अमोद भी इस म्यूजिकल कोलैबोरेशन का हिस्सा हैं। दोस्ती और पुराने रिश्तों की गर्माहट को समर्पित यह गाना सुनने वालों को भावुक करने के साथ-साथ 90 के दशक की पुरानी यादों में ले जाने की कोशिश करता है। यह फिल्म 20 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

लाइफ Style

सैयामी

इंटरनेशनल फिल्म में निभाएंगी किरदार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अब खबर आ रही है कि सैयामी आने वाले समय में विदेशी सिनेमा में अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरती हुईं नजर आएंगी। कलाकार को कुछ न कुछ नया करते रहना चाहिए। इसी दिशा में अभिनेत्री सैयामी खेर अपने कॅरियर में एक नया अध्याय जोड़ने जा रही हैं। वह निर्देशक मैक्सिम कुजनेत्सोव की आगामी इंडो-रूसी ड्रामा फिल्म से अंतरराष्ट्रीय सिनेमा में कदम रखेंगी। इस फिल्म में भारत और रूस के कलाकार व क्रिएटिव टीम के सदस्य साथ काम कर रहे हैं। फिल्म की कहानी ड्रामा पर आधारित है, जो सिनेमा के जरिए दो अलग-अलग संस्कृतियों को जोड़ने का प्रयास करेगी।

भारत और रूस में शूट हुई इस फिल्म के दौरान सैयामी को एक नए सिनेमाई माहौल में काम करने का अवसर मिला। विदेशी क्रू के साथ काम करने का उनका पहला अनुभव था। सैयामी कहती हैं- उनके साथ काम करना शानदार अनुभव था। रूस में शूटिंग हुई है, जहां मैं पहली बार गई थी। मास्को बेहद खूबसूरत शहर है। वहां काम करने का माहौल मेरे अब तक के अनुभवों से काफी अलग था। उम्मीद है कि यह मेरे लिए ऐसे कई और अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट का पहला कदम साबित होगा।

सुपरस्टार अक्षय कुमार की फिल्म हैवान को बीते महीने सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म फ्लॉप रही, लेकिन उसमें नजर आने वालीं अभिनेत्री सैयामी खेर ने अपनी अदाकारी से सबका दिल जीता था।



हॉलीवुड मसाला



नहीं मिल रहीं गॉडजिला को स्क्रीनिंग

नई दिल्ली। रणबीर कपूर की सुपरहिट फिल्म रामायण पार्ट 1 की वजह से हॉलीवुड की सबसे सफल फ्रेंचाइजी वाली फिल्म गॉडजिला को भारत में रिलीज करने का इरादा मेकर्स को टालना पड़ा है। 6 नवंबर को वर्ल्डवाइड रिलीज होने जा रही गॉडजिलाः माइनस जीरो' की रिलीज डेट को मेकर्स आगे खिसकाने की प्लानिंग कर रहे हैं। रणबीर कपूर की माइथोलॉजिकल फिल्म रामायणम पार्ट 1 दीपावली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। ठीक उसी समय पर गॉडजिलाः माइनस जीरो भी आ रही है।



वरुण व कृति डब करेंगे ऑब्सेशन का हिंदी वर्जन

नई दिल्ली। अभिनेता वरुण धवन और कृति सेन हॉलीवुड की ब्लॉकबस्टर हॉरर फिल्म 'ऑब्सेशन' के हिंदी वर्जन से जुड़े हैं। दोनों सितारे इसके हिंदी वर्जन में मुख्य किरदारों को अपनी आवाज देंगे। यह फिल्म बेयर नाम के एक म्यूजिक स्टोर वर्कर की कहानी है, जिसे अपनी कलीग निक्की से प्यार हो जाता है। उसकी जिंदगी में एक बुरा मोड़ तब आता है, जब वह 'वन विश विलो' नाम के एक अजीब खिलौने का इस्तेमाल करके उसे अपने प्यार में डाल देता है। हालांकि, उसकी इस इच्छा से कुछ अनचाही और डरावनी घटनाएं होती हैं, क्योंकि निक्की उसके लिए और ज्यादा ऑब्सेस्ड हो जाती है। कृति सेनन ने कहा कि उन्हें कहानी पसंद आई और उन्हें यह रोल काफी उत्साहित करने वाला लगा, साथ ही चैलेंजिंग भी।



30 को आएगा श्रद्धा की ईठा का ट्रेलर...

नई दिल्ली। श्रद्धा कपूर और रणदीप हुड्डा की अपकमिंग फिल्म 'ईठा' का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। इससे पहले मेकर्स ने इस फिल्म के ट्रेलर के रिलीज डेट को लेकर जानकारी दी है। हाल ही में जारी हुए फिल्म के टीजर में श्रद्धा कपूर का शानदार लुक देखने को मिला था। अभिनेत्री अपने डांस से दर्शकों को अपना दीवाना बनाने वाली हैं। मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो क्लिप शेयर की है। इसमें देखा जा सकता है कि गांव का माहौल है। बहुत से लोग रात के वक्त जमा हुए हैं। इन लोगों के बीच में एक महिला खड़ी है। उसके आस-पास सभी लोग जोर-जोर से ईठा-ईठा के नारे लगा रहे हैं। वीडियो क्लिप के बैकग्राउंड का संगीत अच्छा समा बांध रहा है। श्रद्धा कपूर ने वीडियो क्लिप शेयर करते हुए लिखा, 'बिखरेगा जलवा इस शुक्रवार।



'लॉन्ग...' में साथ नजर आएंगे सैफ-विद्या

मुंबई। अभिनेता सैफ अली खान और विद्या बालन जल्द ही एक नई फिल्म में साथ नजर आने वाले हैं। 'द लंचबॉक्स' जैसी चर्चित फिल्म बना चुके डायरेक्टर रितेश बत्रा अपनी अगली फिल्म 'लॉन्ग इयर्स अगो' लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म को जियो स्टूडियोज का साथ मिला है, जिसकी कमान ज्योति देशपांडे संभाल रही हैं। ज्योति इससे पहले फिल्म 'धुरंधर' के प्रोडक्शन से भी जुड़ी रही हैं। इस फिल्म में सैफ और विद्या के साथ फ्रेंच एक्ट्रेस मेलानी लॉरेंट भी अहम भूमिका निभाएंगी। यह एक फैमिली कॉमेडी-ड्रामा फिल्म होगी, जिसकी कहानी साल 1991 में सेट की गई है। फिल्म की ज्यादातर शूटिंग मुंबई में की जाएगी। बता दें कि अभिनेता सैफ अली खान और अभिनेत्री विद्या बालन इससे पहले साल 2005 में आई फिल्म 'परिणीता' और 'एकलव्यः द रॉयल गार्ड' में साथ काम कर चुके हैं।

टीवी मसाला

बिग बॉस से बाहर होते ही मैरी कॉम ने खोली सबकी पोल!

नई दिल्ली। कलर्स टीवी के बहुचर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' के 'वीकेंड का वार' में भारत की स्टार बॉक्सर मैरी कॉम का सफर खत्म हो गया। घर से एविक्ट होने के बाद मैरी कॉम ने एक बातचीत में बिग बॉस के घर के अंदर बीते दिनों, कंटेस्टेंट्स के असली चेहरों और खुद पर उठे सवालों पर बेबाकी से जवाब दिए हैं। माही को मैरी कॉम ने घर का सबसे बड़ा दिमाग और मास्टरमाइंड बताया। काजी को मैरी कॉम ने इस टैग के लिए चुना और कहा कि माही और काजी का कनेक्शन काफी गहरा है। मैरी कॉम ने बिना सोचे अरिश्फा का नाम लिया और कहा कि वह कैमरा और फुटेज के लिए सबसे ज्यादा नाटक करती है। मैरी कॉम ने आसिफ खान को घर का सबसे 'दोगला' सदस्य बताया। मैरी कॉम के मुताबिक घर में गुल्लू की दोस्ती सबसे सच्ची लगती है। मैरी कॉम का मानना है कि अमृपाली दुबे और माही में विनर बनने की क्वालिटी है क्योंकि दोनों खेल को दिमाग से खेल रही हैं.भविष्य में फिर से किसी रियलिटी शो में जाने के सवाल पर मैरी कॉम ने मुस्कुराते हुए कहा कि वे इस पर विचार करेंगी. उन्होंने अपने तमाम फैंस का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि बिग बॉस के सफर में मिले प्यार के लिए वे हमेशा आभारी रहेंगी। 28 सालों तक रिंग में देश का नाम रोशन करने वाली मैरी कॉम ने बताया कि टेलीविजन का यह अनुभव उनके खेल जीवन से बिल्कुल अलग था और वे यहां सिर्फ एक नया अनुभव हासिल करने आई थीं। उन्होंने कहा, मैं एक स्पोर्ट्सपर्सन हूं और मैंने पिछले 20 सालों में देश के लिए काफी योगदान दिया है। लेकिन टेलीविजन और इस तरह के रियलिटी शोज का मुझे कोई अनुभव नहीं था। ब्रांड्स के शूट तो कुछ घंटों के होते हैं, पर 24 घंटे कैमरों के बीच रहना और शो को प्रमोट करना बिल्कुल अलग अनुभव है।



2 कंटेस्टेंट्स ने पार की हदें, सौरव गुस्से से हुए लाल

नई दिल्ली। रिएलिटी शो बिग बॉस एक ऐसा शो है, जो देश में इस वक्त करीब 6 भाषाओं में चल रहा है। इसका हिंदी वर्जन सबसे ज्यादा हिट है, जिसे सलमान खान होस्ट करते हैं। वहीं बिग बॉस को एक बार फिर सौरव गांगुल होस्ट कर रहे हैं। पर बिग बॉस बांग्ला में इस बार दो कंटेस्टेंट्स ने ऐसी हदें पार की हैं, कि इसकी चर्चा पूरे देश में होने लगी। फैमिली शो में दो कंटेस्टेंट्स के इंटिमेट होने पर शो के होस्ट सौरव गांगुली का पारा सातवें औसमान पर पहुंच गया और दोनों को लास्ट वार्निंग दे डाली। बिग बॉस बांग्ला के कई वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहे हैं। ये वीडियो राजवीर डे और नंदिनी गुप्ता के हैं। वीडियो में दिख रहा है कि राजवीर और नंदिनी सैकड़ों कैमरो के बीच भी कभी लिप लॉक कर रहे हैं तो कभी एक-दूसरे के साथ इंटिमेट हो रहे हैं। दोनों का ये रोमांस इंटरनेट पर आग की तरह फैल गया है और लोग सवाल पूछ रहे हैं कि फैमिली शो में ये सब कैसे हो रहा है।



बहन की मौत का रहस्य सुलझा रहीं शनाया

मुंबई। बड़े पर्दे के बाद अब 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर'की दुनिया ओटीटी पर आ गई है। करण जौहर ने अपनी इस फिल्म को वेब सीरीज के तौर पर बनाया है, जिसका नाम 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर- आफ्टर डार्क' रखा गया है। जियो हॉटस्टार की इस सीरीज में शनाया कपूर लीड रोल में नजर आ रही हैं और मंगलवार को इस सीरीज का पहला ट्रेलर मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर- आफ्टर डार्क' में शनाया कपूर अपनी बहन (आयशा मलिक) की रहस्यमयी मौत का राज़ पता करने की कोशिशों में लगी हैं। 1 मिनट 50 सेकेंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि शनाया बहन की मौत की वजह से जानने के लिए हर हाद पार करने को तैयार है। इसमें शनाया की मां का किरदार शीबा चड्ढा ने निभाया है। शनाया ने सीरीज में डबल रोल निभाया है। यानी सीरीज में वो जुड़वा बहनों के किरदार में दिखाई देंगी। ट्रेलर की शुरुआत में दिखाया जाता है कि शनाया कपूर की बहन आयशा मलिक की लाश बर्फ से एक जमें बाराखली झील से मिलती है। मौत हादसा थी या हत्या? इसका पता करने के लिए शनाया खुद ही



सेंट टेरेसा हेरिटेज स्कूल पहुंच जाती हैं। वहां उनकी मुलाकात अलग अलग किरदारों से होती है। एक बेस्ट फ्रेंड जो आयशा से जलती थी. वो खुद को आयशा की बहन जैसा मानती है, लेकिन हादसे वाली रात उसे अकेला छोड़ दिया था। फिर शनाया की मुलाकाज आयशा के रिजेक्टेड लवर से होती है, जो खुद को उसका बेस्ट फ्रेंड बताता है। फिर रूम मेट से मिलती हैं जो साइको है और आयशा से नफरत करती थी. और एक बॉयफ्रेंड, जो कुछ ज्यादा ही परफेक्ट है।

साइकोलॉजिकल थ्रिलर गोंधल का धांसू ट्रेलर रिलीज मन में छिपे सच को लेकर छोड़ती है कई सवाल

नई दिल्ली। संतोष दावखर की फिल्म 'गोंधल' 13 नवंबर को सात भाषाओं- हिंदी, मराठी, तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ और अंग्रेजी में दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। यह एक ऐतिहासिक कदम है, क्योंकि पहली बार किसी मराठी फिल्म को वर्ल्डवाइड लेवल पर सात भाषाओं में दोबारा रिलीज किया जा रहा है। फिल्म भारत, अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया, दुबई और अफ्रीका सहित कई क्षेत्रों में रिलीज होगी। 99वें अकादमी पुरस्कारों के लिए भारत की ऑफिशियल एंट्री संतोष दावखर की फिल्म 'गोंधल' का ग्लोबल ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर इस साइकोलॉजिकल थ्रिलर की एक प्रभावशाली झलक पेश करता है। भव्य सीन, सांस्कृतिक परिवेश और रहस्य की परतों में बुनी कहानी फिल्म की उस बेचैन कर देने वाली दुनिया की ओर संकेत करती है, जिसने इसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर चर् छेड़ दी है।



क्या है गोंधल की कहानी?

महाराष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत की पृष्ठभूमि पर आधारित 'गोंधल' सुमन नाम की लड़की की कहानी है जो नवविवाहिता है और अपनी शादीशुदा जिंदगी में खुश नहीं है। सुमन के घर में पारिवारिक परंपरा के अनुसार देवी की आराधना का पारंपरिक लोक अनुष्ठान गोंधल चल रहा होता है और फिर कहानी में मोड़ तब आता है जब गोंधली कलाकार से सुमन की नजदीकियां बढ़ने लगती है। वह अपनी बोरिंग शादीशुदा जिंदगी से बाहर निकलना चाहती है। एक रात में चल रही इस कहानी में लालच, धोखा, हेरफेर, रिश्तों की कड़वाहट का ऐसा जाल बनता है कि एक तरफ भक्ति चल रही होती है और एक तरफ अन्य किरदार अपनी दबी हुई इच्छाओं, डर, वासना और स्वार्थ से जूझते हैं। ट्रेलर अपने रहस्यमय सीन्स और ऐसे रिश्ते की झलकियों के जरिए उत्सुकता बढ़ाता है, जो निजी इच्छाओं और गहरे दायित्वों के बीच फंसा हुआ है। यह कहानी दर्शकों के मन में परत के नीचे छिपे सच को लेकर कई सवाल छोड़ जाती है।

रामानंद सागर की रामायण में शबरी का किरदार निभाया था सरिता ने

200 से ज्यादा फिल्मों में काम, फिर भी नहीं मिली पहचान

नई दिल्ली। रामानंद सागर की रामायण के हर एक किरदार को देशभर में पहचान मिली थी। आज हम आपको रामायण के एक ऐसे किरदार के बारे में बता रहे हैं जो केवल एक एपिसोड में थीं, लेकिन उन्हें भी इस सीरियल ने असल मायनों में पहचान दिलाई।



कौन थीं शबरी?

हम जिस किरदार की बात कर रहे हैं उनका नाम है शबरी। शबरी की बात करें तो वो भगवान राम की सबसे बड़ी भक्त कही जाती हैं। वनवास के दौरान भगवान राम अपनी सबसे बड़ी भक्त से मिले थे। ऐसी कथाएं प्रचलित हैं कि जब भगवान राम आए तो शबरी ने उन्हें बेर खिलाए थे। बेर खट्टे न हों, ये देखने के लिए शबरी पहले खुद बेर चखती थीं और फिर वही भगवान राम को खिलाती थीं।

1947 में अपने करियर की शुरुआत की थी

रामानंद सागर की रामायण में शबरी का किरदार एक्ट्रेस सरिता देवी ने निभाया था। सरिता देवी राजस्थान से आती थीं। उन्होंने साल 1947 में अपने करियर की शुरुआत की थी। सरिता देवी ने अपने करियर में 200 से ज्यादा फिल्में की थीं, लेकिन उन्हें किसी भी फिल्म से वो पहचान नहीं मिल पाई जो रामायण के एक एपिसोड ने उन्हें दिला दी थी।

कभी बनीं बुआ, कभी भाभी तो कभी चाची

उन्होंने कभी मेन लीड की रोल की मां का किरदार निभाया, तो कभी भाभी का तो कभी चाची का। सरिता ने फिल्म टैक्सी ड्राइवर में देव आनंद की मां का रोल निभाया था। 1953 में आई परिणीता में उन्होंने भाभी की भूमिका निभाई थी। आई मिलन की बेला में उन्होंने बुआ का किरदार निभाया था। 1955 में आई देवदास में उन्होंने पारो की दादी का रोल निभाया था और आए दिन बहार के में उन्होंने मौसी का किरदार निभाया था।

सरिता को हमेशा मिले सपोर्टिंग रोल

मीडिया में मौजूद जानकारी के मुताबिक, सरिता देवी का जन्म 23 नवंबर, 1925 को जोधपुर में हुआ था। वो राजस्थान की पहली कैरेक्टर एक्ट्रेस थीं। मात्र 22 साल की उम्र में सरिता ने अपने करियर की शुरुआत की थी। सरिता देवी ने अपने करियर की शुरुआत भले ही 22 साल की उम्र में की हो, लेकिन अपने इतने लंबे करियर में उन्हें केवल सपोर्टिंग रोल ही मिले।

बॉलीवुड के दिग्गजों के साथ किया काम

सरिता ने अपने करियर में अमिताभ बच्चन, दिलीप कुमार, धर्मेंद्र, देवानंद, राजकपूर और मनोज कुमार जैसे कलाकारों के साथ काम किया। उन्होंने न केवल भारतीय फिल्मों के लिए काम किया बल्कि रूसी फिल्मों के लिए डबिंग भी की। सरिता को सात रूसी फिल्मों को हिन्दी में डब करने के लिए भी चुना गया था। रूसी फिल्म 'पेडेनिये बर्लिना' के लिए डायमंड पिक्चर्स की ओर से उन्हें सम्मानित भी किया गया था।

12 साल की उम्र में हुई थी पहली शादी

सरिता की निजी जिंदगी में काफी दर्द रहा। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया जाता है सरिता का बाल विवाह हुआ था। जब सरिता 12 साल की थीं तब उनकी शादी हो गई थी। हालांकि, शादी के दो महीने बाद ही उनके पति की मौत हो गई थी। इसके बाद उन्होंने ड्रामा कंपनी के मालिक लालजी गोहिल से शादी की थी। इस शादी से उन्हें दो बेटे और एक बेटी हुई थी। लेकिन, साल 1990 में उनके दूसरे पति की भी मौत हो गई थी। पति के निधन के कुछ सालों बाद उनके बड़े बेटे ने भी दुनिया को अलविदा कह दिया था। सरिता अब इस दुनिया में नहीं हैं। उन्होंने 78 साल की उम्र में आखिरी सांस ली थी। साल 2001 में पार्किंसन्स बीमारी के कारण सरिता का निधन हुआ था।



किफायती आवास और जल सुरक्षा की नई नीतियों के प्रारूप का होगा विमोचन

अर्बन ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0 में शहरी विकास, निवेश, आधुनिक अधोसंरचना को मिलेगी एक नई पहचान, सीएम होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



नगरीय विकास एवं आवास विभाग 28 अक्टूबर बुधवार को इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में अर्बन ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0 का आयोजन करने जा रहा है। कॉन्क्लेव में प्रदेश में शहरी विकास, निवेश संवर्धन, आधुनिक नगरीय अधोसंरचना, डिजिटल गवर्नेंस, किफायती आवास और जल सुरक्षा से जुड़ी संभावनाओं पर मंथन होगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल होंगे।

नगरीय विकास एवं आवास विभाग आयुक्त संकेत भोंडवे ने बताया कि अर्बन ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0 प्रदेश के शहरों को आधुनिक, सुविधायुक्त और निवेश के लिए अनुकूल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण मंच होगा। कॉन्क्लेव 2.0 के माध्यम से नगरीय विकास से जुड़ी परियोजनाओं, नीतिगत पहलों और नवाचार आधारित समाधानों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

नगरीय विकास परियोजनाओं का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण

कॉन्क्लेव के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश में विभिन्न नगरीय विकास परियोजनाओं का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण करेंगे। इनमें प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत निर्मित आवासों के साथ पुनर्घनत्वीकरण, कम्प्रेस्ड बायोगैस संयंत्र, जलप्रदाय, सीवरेज और नगरीय अधोसंरचना विकास से संबंधित कार्य शामिल हैं। इन परियोजनाओं से शहरों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार, आवासीय आवश्यकताओं की पूर्ति और नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार की दिशा में कार्य होगा।

आवास और जल की दिशा में नई पहल

मप्र अर्बन अफोर्डेबल हाउसिंग एंड हैबिटेट पॉलिसी, 2026 के प्रारूप का मुख्यमंत्री डॉ. यादव की ओर से विमोचन किया जाएग । नीति का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में किफायती आवासों की उपलब्धता बढ़ाना और आवास क्षेत्र में निजी निवेश को प्रोत्साहित करना है। इसके तहत किराए के आवास, पुनर्विकास, शासकीय भूमि के बेहतर उपयोग तथा आधुनिक नगर नियोजन के माध्यम से आवासीय सुविधाओं के विस्तार पर जोर दिया जाएगा। मप्र ट्रीटेड वेस्टवॉटर रिसाइक्लिंग एंड रीयूज पॉलिसी, 2026 के प्रारूप का विमोचन भी होगा इसके माध्यम से उपचारित अपशिष्ट जल के पुनः उपयोग को प्रोत्साहित किया जाएगा। लैंडस्केपिंग और अन्य गैर-पेय उपयोगों में उपचारित जल का इस्तेमाल बढ़ाकर ताजे जल स्रोतों पर निर्भरता कम करने की दिशा में काम किया जाएगा।

डिजिटल गवर्नेंस और आधुनिक नगर नियोजन पर फोकस

कॉन्क्लेव में शहरी शासन व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, प्रभावी और नागरिक-केंद्रित बनाने के लिए डिजिटल तकनीक के उपयोग पर चर्चा की जाएगी। पुनर्घनत्वीकरण, पुनर्विकास, ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट और ट्रांसफरेबल डेवलपमेंट राइट्स जैसे आधुनिक नियोजन साधनों पर विशेषज्ञ अपने विचार साझा करेंगे। अपशिष्ट से संसाधन निर्माण और सर्कुलर इकोनॉमी के माध्यम से सतत शहरी विकास को प्रोत्साहित करने पर भी चर्चा होगी। डिजिटल तकनीक और आधुनिक नियोजन पद्धतियों के माध्यम से नगरीय सेवाओं को अधिक सुगम और प्रभावी बनाने की संभावनाओं पर विचार किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव निवेशकों से करेंगे वन टू वन चर्चा

सीएम चयनित निवेशकों और उद्योग प्रतिनिधियों के साथ वन-टू-वन बैठकें भी करेंगे। इनमें आवास, शहरी अधोसंरचना, अक्षय ऊर्जा, जल प्रबंधन और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश एवं सहयोग की संभावनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अधोसंरचना के विकास में निवेश के नए विकल्पों और वित्तीय संस्थानों की भागीदारी को प्रोत्साहित करना कॉन्क्लेव का प्रमुख उद्देश्य है। इसके माध्यम से प्रदेश में चल रही निवेश एवं वित्तपोषण की संभावनाओं को साझा मंच उपलब्ध कराया जाएगा।

प्रभावी प्रबंधन भविष्य की शहरी आवश्यकताओं के लिए महत्वपूर्ण

आयुक्त भोंडवे ने बताया कि किफायती आवास और जल संसाधनों का प्रभावी प्रबंधन भविष्य की शहरी आवश्यकताओं के लिए महत्वपूर्ण है। नई नीतियों के माध्यम से आवास की उपलब्धता बढ़ाने, निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित करने और जल के वैकल्पिक स्रोतों के उपयोग को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जामली के गायत्री धाम में गायत्री परिवार के साथ किया योगाभ्यास

परमात्मा ने हम सभी के मन में जो दीप प्रज्ज्वलित किया है, वह हमारे जीवन भर ऊर्जा का स्रोत बना रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार सुबह बड़वानी जिले के जामली (सेंधवा) के गायत्री धाम में गायत्री परिवार के सदस्यों के साथ योगाभ्यास किया। उन्होंने योग, आध्यात्मिक चेतना, सकारात्मक विचारों और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को सद्भावना एवं सत्कर्मों के मार्ग पर चलने का संदेश दिया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शरद पूर्णिमा के साथ आज से वास्तव में दीपावली का शुभारंभ हो गया है। परमात्मा ने हम सभी के मन में जो दीप प्रज्ज्वलित किया है, वह जीवन भर ऊर्जा का स्रोत बना रहे। हमारा शरीर जब तक साथ दे, तब तक हमारे हाथों से सत्कर्म होते रहें, मन में सद्भावना बनी रहे और दुर्विचार समाप्त हों। उन्होंने सभी को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मनुष्य का जन्म लेना और जीवन यात्रा पूर्ण करना, सब ईश्वर की कृपा से निर्धारित समय का हिस्सा है। महाकाल, भगवान श्रीकृष्ण और मां गायत्री की कृपा से हमें जो जीवन मिला है, उसका अधिकतम सदुपयोग करना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन के समय का श्रेष्ठतम उपयोग करते हुए अच्छे कार्य करने और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए।



गायत्री धाम में गायत्री परिवार के साथ सीएम ने किया योगाभ्यास।

शरीर से आगे आत्मा की यात्रा का आध्यात्मिक महत्व

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारतीय दर्शन के प्रसिद्ध वैदिक वाक्य 'यत पिण्डे तत ब्रह्माण्डे' का उल्लेख करते हुए कहा कि जो तत्व हमारे शरीर में विद्यमान हैं, उन्हीं का व्यापक स्वरूप ब्रह्मांड में भी दिखाई देता है। प्रकृति, वनस्पति, पंचतत्व और प्राणतत्व का मानव जीवन में विशेष महत्व है। पंचमहाभूतों के माध्यम से सृष्टि और जीवन की संरचना को समझा जा सकता है। उन्होंने कहा कि शरीर से आगे आत्मा की यात्रा का आध्यात्मिक महत्व भी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि परमात्मा की कृपा से हम सभी को अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। जीवन में आध्यात्मिक चेतना, सद्भावना और सत्कर्मों को अपनाकर समाज एवं राष्ट्र के कल्याण में योगदान देना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने नरसिंहपुर जिले में हुए बलराम कृषि महोत्सव को वीसी से

किसानों की समृद्धि और कृषि विकास पर है विशेष फोकस

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को कृषि उपज मंडी समिति प्रांगण नरसिंहपुर में हुए बलराम कृषि महोत्सव को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) से संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने बलराम कृषि महोत्सव आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि नरसिंहपुर जिला खेती-किसानी और उन्नत कृषि पद्धतियों के लिए विशेष पहचान रखता है। यहां की कृषि और किसानों की मेहनत के उदाहरण देशभर में देखने को मिलते हैं। बलराम कृषि महोत्सव किसानों के सम्मान, कृषि विकास और उनकी समृद्धि के संकल्प को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण अवसर है।

खेतों-खलिहानों को समृद्ध बनाने का आव्हान

सीएम ने कहा कि किसानों की समृद्धि के लिए कृषि के साथ-साथ सिंचाई, जल संसाधनों के बेहतर उपयोग और आधुनिक कृषि तकनीकों को बढ़ावा देना आवश्यक है। सरकार नदी जोड़ो अभियान सहित विभिन्न क्षेत्रों में कृषि एवं इससे जुड़े व्यवसायों के विकास के प्रयास कर रही है। कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने और किसानों के जीवन में खुशहाली लाने के लिए प्रयास जारी हैं। उन्होंने बलराम कृषि महोत्सव को किसानों के बीच कृषि संबंधी जानकारी, आधुनिक तकनीकों और उन्नत खेती के तरीकों को साझा करने का महत्वपूर्ण मंच बताकर किसानों से नई कृषि पद्धतियों को अपनाने को कहा। सीएम ने किसानों से परम्परागत खेती के स्थान पर अब अधिक आमदनी देने वाली उन्नत खेती कर खेतों-खलिहानों को समृद्ध बनाने का आह्वान किया।

दीपावली की अग्रिम शुभकामनाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नरसिंहपुर जिले से उनका विशेष स्नेह रहा है। मुख्यमंत्री ने सभी के कल्याण एवं समृद्धि की कामना की तथा किसानों को दीपावली की अग्रिम शुभकामनाएं भी दीं। बलराम कृषि महोत्सव को मप्र राज्य सहकारी बैंक (अपैक्स बैंक) के प्रशासक महेंद्र सिंह यादव ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि किसान देश का अन्नदाता है और उसकी समृद्धि से ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। भगवान बलराम की जयंती को किसान दिवस के रूप में मनाने की पहल किसानों के सम्मान और कृषि विकास को प्रोत्साहित करने का महत्वपूर्ण प्रयास है।

प्राकृतिक खेती एवं आधुनिक कृषि यंत्रों की लगी प्रदर्शनी

नरसिंहपुर मंडी प्रांगण में आधुनिक कृषि यंत्रों, ड्रिप-स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणालियों एवं कृषि नवाचारों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इनमें ग्राम चीलाचौनकला, विकासखंड नरसिंहपुर के इन्द्रपाल पटेल शामिल हैं। इसी प्रकार विकासखंड चीचली के ग्राम पुसारिया की श्रीमती शिवानी कौरव प्राकृतिक खेती एवं केंचुआ खाद इकाई के माध्यम से कृषि को प्रोत्साहित कर रही हैं। विकासखंड गोटेगांव के ग्राम रीछा के लक्ष्मण पटेल कृषक एवं प्राकृतिक ढाई/ड्रिप-डाल उत्पादन से संबंधित गतिविधियों में अपने अनुभव साझा किए।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने प्रदेश कोर कमेटी की बैठक के बाद की मीडिया से चर्चा

मल्लिकार्जुन की टिप्पणी कांग्रेस की राजनीतिक मर्यादा पर सवालः हेमंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित प्रदेश कोर कमेटी की बैठक के बाद मीडिया से चर्चा की। इस दौरान खंडेलवाल ने कहा कि बैठक में संगठनात्मक, राजनीतिक और जनकल्याण से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पिता के विरुद्ध कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा की गई अशोभनीय टिप्पणी की कोर कमेटी ने घोर निंदा करते हुए निंदा प्रस्ताव पारित किया है। बैठक में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान, भगवान बिरसा मुंडा जयंती के कार्यक्रमों, राज्यसभा उम्मीदवार के चयन, केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा प्रदेश सरकार के तीन वर्ष की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने सहित विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पिताजी पर की गई अशोभनीय एवं अपमानजनक टिप्पणी अत्यंत निंदनीय है। इस तरह की टिप्पणी राजनीतिक मर्यादाओं का उल्लंघन है।

तीन बड़े शहरों में होंगी बड़ी रैलियां

खण्डेलवाल ने कहा कि कांग्रेस की राजनीति और उसके रवैये के विरोध में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत प्रदेश में व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान के अंतर्गत भोपाल, इंदौर और जबलपुर में बड़ी रैलियां आयोजित होंगी, जिनमें लगभग एक लाख लोगों की सहभागिता का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि अभियान का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जा सके।

खाली सीट के लिए 4-5 नामों पर विचार-विमर्श

खण्डेलवाल ने कहा कि राज्यसभा की रिक्त हुई एक सीट के लिए उम्मीदवार के चयन को लेकर कोर कमेटी की बैठक में विस्तार से चर्चा हुई। प्रदेश और प्रदेश के बाहर के संभावित उम्मीदवारों सहित चार-पांच नामों पर विचार-विमर्श किया गया। इन नामों का पैनल तैयार कर केंद्रीय नेतृत्व को भेजने पर सहमति बनी है। उम्मीदवार के संबंध में अंतिम निर्णय केंद्रीय नेतृत्व द्वारा लिया जाएगा।

पति के साथ सोनोग्राफी कराने बाइक पर धमतरी जा रही थी महिला

हाईवे पेट्रोलिंग और स्वास्थ्य विभाग की तत्परता गर्भवती महिला का सड़क किनारे कराया प्रसव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद



छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में हाईवे पेट्रोलिंग और स्वास्थ्य विभाग की तत्परता से एक गर्भवती महिला का सड़क किनारे सुरक्षित प्रसव कराया गया। महिला अपने पति के साथ सोनोग्राफी कराने बाइक से धमतरी जा रही थी। इसी दौरान नेशनल हाईवे पर फागुनदहा चौक के पास उसे अचानक तेज प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। सूचना मिलते ही हाईवे पेट्रोलिंग की टीम पुरूर सरकारी अस्पताल से डॉक्टर और स्टाफ नर्स को लेकर मौके पर पहुंची और सुरक्षित प्रसव कराया। महिला ने 3 किलो 200 ग्राम के स्वस्थ बालक को जन्म दिया। फिलहाल जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं।

नेशनल हाईवे पर फागुनदहा चौक के पास हुई पीड़ा

जानकारी के अनुसार, गुरुर थाना क्षेत्र के ग्राम टेंगनाबरपारा निवासी कुसुमलता सिन्हा अपने पति सतीश सिन्हा के साथ रूटीन चेकअप और सोनोग्राफी कराने बाइक से धमतरी जा रही थीं। रास्ते में नेशनल हाईवे पर फागुनदहा चौक के पास अचानक उन्हें असहनीय प्रसव पीड़ा होने लगी। दर्द बढ़ने के कारण महिला सड़क किनारे बैठ गई। स्थिति को देखते हुए वहां मौजूद राहगीरों ने तत्काल हाईवे पेट्रोलिंग टीम को सूचना दी। सूचना मिलते ही हाईवे पेट्रोलिंग दल ने बिना देरी किए पुरूर सरकारी अस्पताल पहुंचकर डॉक्टर और स्टाफ नर्स को अपने वाहन में बैठाया और घटनास्थल पर पहुंच गया। महिला की स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य कर्मियों ने मौके पर ही प्रसव कराने का निर्णय लिया। मेडिकल टीम ने सड़क किनारे ही सुरक्षित प्रसव कराया। महिला ने 3 किलो 200 ग्राम वजन के स्वस्थ बेटे को जन्म दिया। प्रसव के बाद हाईवे पेट्रोलिंग दल और स्वास्थ्य कर्मियों ने जच्चा-बच्चा को पुरूर सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां उन्हें भर्ती कराया गया। इस दौरान हाईवे पेट्रोलिंग और स्वास्थ्य विभाग की त्वरित कार्रवाई से महिला को समय पर चिकित्सा सहायता मिल सकी। परिजनों और स्थानीय ग्रामीणों ने इस तत्परता और मानवीय पहल की सराहना की है।

हिंदू धर्म के चिंतन, सनातन मूल्यों और ज्ञान परंपरा का महाअनुष्ठान है अखिल भारतीय प्राच्यविद्या सम्मेलन : स्वामी रामदेव

कल से पतंजलि विवि में सजेगा भारतीय ज्ञान परंपरा का महाकुंभ

एजेंसी ⏭ हरिद्वार



भारतीय ज्ञान परंपरा, सनातन मूल्यों और हिंदू दर्शन की वैश्विक प्रासंगिकता को नई दिशा देने के उद्देश्य को लेकर आयोजित होने जा रहे 52वें अखिल भारतीय प्राच्यविद्या सम्मेलन की तैयारियां अंतिम दौर में है। सम्मेलन 29 से 31 अक्टूबर तक पतंजलि विश्वविद्यालय, हरिद्वार में आयोजित किया जाएगा। इसमें देश-विदेश के विद्वान प्राच्यविद्या, भारतीय दर्शन, संस्कृति, इतिहास, संस्कृत और भारतीय ज्ञान परंपरा के विविध आयामों पर विचार-विमर्श करेंगे।योगगुरु स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने मंगलवार को पतंजलि विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में होने जा रहे दिव्य और भव्य अखिल भारतीय प्राच्य विद्या सम्मेलन के महाकुंभ की तैयारियों की समीक्षा की। स्वामी रामदेव ने कहा कि अखिल भारतीय प्राच्य विद्या सम्मेलन केवल एक अकादमिक सम्मेलन नहीं, बल्कि सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति और प्राच्य ज्ञान परंपरा के चिंतन, संरक्षण एवं प्रसार का एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान है। उन्होंने कहा कि वेद, दर्शन, संस्कृत, आध्यात्मिक चिंतन और नैतिक मूल्यों से समृद्ध भारतीय ज्ञान परंपरा आज के वैश्विक समाज को भी दिशा देने की क्षमता रखती है। उन्होंने कहा कि भारतीय दर्शन की समत्वबुद्धि, धर्म, कर्तव्य और मानव कल्याण की अवधारणाएं सार्वकालिक हैं। भारतीय संस्कृति की निरंतरता और व्यापकता को समझने के लिए प्राच्यविद्या का गंभीर अध्ययन आवश्यक है

सीएम नायब सैनी ने गुजरात में उद्योगपतियों का जीता विश्वास

गुजरात दौरे के पहले दिन 12 हजार करोड़ के निवेश प्रस्तावों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंडीगढ़



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के गुजरात दौरे से प्रदेश में निवेश के नए रास्ते खुले हैं। गुजरात दौरे के पहले दिन विभिन्न कंपनियों के साथ लगभग 12 हजार करोड़ रुपये के निवेश से संबंधित समझौता ज्ञापनों यानी एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। यह पहल हरियाणा में निवेश की बढ़ती संभावनाओं, उद्योग जगत के विश्वास और राज्य सरकार के निवेश प्रोत्साहन प्रयासों को नई मजबूती प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हरियाणा का एक प्रतिनिधिमंडल गुजरात के दौरे पर है। पहले दिन मुख्यमंत्री ने विभिन्न कंपनियों के फाउंडर्स, प्रबंध निदेशकों और मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ वन-टू-वन बैठकें कीं। इस अवसर पर उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने और निवेशकों को अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही है।

इस अवसर पर सीएम के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के महानिदेशक यश गर्ग, हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम प्रबंध निदेशक विनय प्रताप सिंह, अतिरिक्त प्रबंध निदेशक अनिरुद्ध यादव, सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के संयुक्त निदेशक मानव मालिक सहित अन्य उपस्थित रहे।

हरियाणा ग्लोबल समिट का दिया निमंत्रण

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुजरात दौरे के दौरान सूरत में आयोजित प्रवासी मिलन समारोह में हरियाणा के प्रवासी उद्यमियों और गुजरात के उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा आज पारंपरिक उद्योगों के साथ आधुनिक विनिर्माण, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी, डेटा सेंटर, लॉजिस्टिक्स, फार्मा और खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों में तेजी से अपनी क्षमता बढ़ा रहा है। उन्होंने टेक्सटाइल उद्यमियों को नई उत्पादन इकाइयों और तकनीकी टेक्सटाइल में संभावनाएं तलाशने तथा हीरा एवं आभूषण उद्यमियों को हरियाणा में जेम्स एंड ज्वेलरी पार्क की संभावनाओं पर विचार के लिए आमंत्रित किया। सीएम ने सभी को अप्रैल 2027 में होने वाले 'हैपनिंग हरियाणा ग्लोबल समिट' के लिए आमंत्रित किया।

टेक्सटाइल व वेस्ट टू एनर्जी में निवेश मिला

एमओयू में डिफेंस टेक्सटाइल के क्षेत्र में 5 हजार करोड़, टेक्निकल टेक्सटाइल में 2 हजार करोड़ तथा औद्योगिक मशीनरी के क्षेत्र में 500 करोड़ रुपये के निवेश से संबंधित समझौते शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, सौर ऊर्जा और कॉस्मेटिक निर्माण के क्षेत्र में हरियाणा में 400 करोड़ रुपये और वेस्ट-टू-एनर्जी क्षेत्र में 4 हजार करोड़ के निवेश पर सहमति भी बनी है।

पांच पुरस्कारों पर रहेंगी गायकों की निगाहें

नगर में 30 अक्टूबर को गूंजेंगे भजन, स्पर्धा में मिलेंगे 71 हजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

30 अक्टूबर को हेलीपैड दशहरा मैदान में राज्य स्तरीय विशाल भजन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। भजन प्रतियोगिता समिति के आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों के भजन गायक अपनी प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर करेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य भजन प्रतिभाओं को मंच देने के साथ धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करना है। इस प्रतियोगिता को लेकर भजन गायकों में खासा उत्साह है। वे लगातार अपनी मंडली के साथ रिहर्सल में जुटे हुए हैं।

पहला इनाम 71 हजार का

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों के लिए आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं। प्रथम पुरस्कार 71 हजार, द्वितीय 51 हजार, तृतीय 41 हजार, चतुर्थ 31 हजार और पांचवां पुरस्कार 25 हजार रुपये निर्धारित किया गया है। इसके अलावा अन्य प्रतिभागियों के लिए भी पुरस्कारों की व्यवस्था रहेगी। आयोजकों के अनुसार, कार्यक्रम में धार्मिक संतों के आगमन का भी उल्लेख है। संजय सिंह चौहान, सुमित पचौरी, पर्वत सिंह राजपूत, द्वारका पटेल, केशव पचौरी, योगेश नागर, दशरथ सिंह राजपूत, नरोत्तम पटेल सहित आयोजन से जुड़े लोगों ने श्रद्धालुओं और भजन मंडलियों से शामिल होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने की अपील की है।

चिंतन

सिर्फ हंगामे की बजाय ठोस प्रमाण दे विपक्ष



मुद्दा
प्रो. (डॉ.) मनोज दयाल

लोकतंत्र में विरोध करना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन हर विरोध को विश्वसनीय बनाने के लिए तथ्यों और प्रमाणों की कसौटी पर खरा उतरना भी जरूरी है। चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाना जितना आसान है, उतना ही महत्वपूर्ण उन सवालों के पीछे ठोस आधार प्रस्तुत करना है। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विपक्ष जिस तरह चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहा है, उसमें राजनीतिक आरोपों से आगे बढ़कर प्रमाणों के साथ अपना पक्ष रखने की जरूरत है। चुनावी सुधारों को संदेह के घेरे में खड़ा करना और पूरी व्यवस्था की निष्पक्षता पर सवाल उठाना गंभीर विषय है। यदि कहीं अनियमितता हुई है तो उसे तथ्यों के साथ उजागर किया जाना चाहिए, लेकिन आशंकाओं को ही आरोप और आरोपों को ही सच मान लेना लोकतांत्रिक विमर्श को कमजोर करता है। सुप्रीम कोर्ट में जारी सुनवाई ने विपक्ष को अपने दावों की पुष्टि करने का अवसर दिया है। अब उसे सिर्फ हंगामे या शोर से नहीं, बल्कि ठोस प्रमाणों से अपनी बात साबित करनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं की याचिका पर सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ताओं को चुनाव आयोग के हलफनामे का जवाब देने के लिए 10 दिन का समय दिया। अगली सुनवाई 17 नवंबर को निर्धारित की गई है। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने दलील दी कि आयोग ने एक दिन पहले ही अपना जवाब दाखिल किया है, इसलिए उसका अध्ययन करने के लिए समय चाहिए। इस पर मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा, 'हमें सब पता है। हम जांच करेंगे।' इस टिप्पणी से स्पष्ट है कि अदालत मामले को गंभीरता से सुन रही है। चुनाव आयोग ने अपने हलफनामे में एसआईआर से जुड़े फैसलों को तीनों चुनाव आयुक्तों की सर्वसम्मति से लिया गया बताया है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी के हस्ताक्षर वाले हलफनामे में आयोग ने यह भी कहा कि फाइलों पर दर्ज सवाल, सुझाव या आपत्तियां अपने आप में अंतिम निर्णय के विरोध का प्रमाण नहीं हैं। आयोग के मुताबिक, एसआईआर के फॉर्म-6 में उसने कोई बदलाव नहीं किया है और नियमों के अनुसार उसमें संशोधन का अधिकार केंद्र सरकार के पास है। आयोग ने मतदाताओं की सुविधा और प्रक्रिया की निष्पक्षता से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण स्पष्टीकरण भी दिए हैं। जिन मतदाताओं के नाम का पुरानी मतदाता सूची से मिलान नहीं हो पाया है, उनके जरूरी दस्तावेज बीएलओ घर जाकर जुटा सकेंगे और ऑनलाइन अपलोड करेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से हटाने के संबंध में आयोग ने संवैधानिक प्रावधानों का हवाला देते हुए कहा कि इसके लिए सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश को हटाने जैसी प्रक्रिया और आधार लागू होते हैं। दूसरी ओर, विपक्ष को भी यह बताना होगा कि उसकी आपत्तियां किन तथ्यों पर आधारित हैं, कहां नियमों का उल्लंघन हुआ है और किन मतदाताओं के अधिकार प्रभावित हुए हैं। केवल आशंका जताने या राजनीतिक आरोप लगाने से किसी दावे की पुष्टि नहीं होती। कुल मिलाकर मतदाता सूची का शुद्धिकरण लोकतंत्र की आवश्यकता है, लेकिन इस प्रक्रिया में किसी पात्र नागरिक का मताधिकार प्रभावित नहीं होना चाहिए। विपक्ष को समझना होगा कि केवल हंगामा करने से संदेह प्रमाण में नहीं बदलते। यदि अनियमितता हुई है तो उसके ठोस प्रमाण दें। सिर्फ राजनीतिक लाभ के लिए चुनावी व्यवस्था की विश्वसनीयता पर अनावश्यक चोट करने से बचें।

एआई आधारित साइबर अपराध की चुनौती

> शेयर बाजार की स्क्रीन पर हरा रंग...! उम्मीद जगाता है...! पर उसी स्क्रीन के पीछे एक अदृश्य युद्ध भी चल रहा है। यह युद्ध टैंकों का नहीं। मिसाइलों का भी नहीं। यह तो एल्गोरिदम का युद्ध है। कृत्रिम मेंधा ने जहां बाजार को तेज किया है, पारदर्शिता लाया है और समावेशी बनाया है। वहीं, इसी एआई ने साइबर अपराध को एक स्वचालित, बुद्धिमान और अजेय-सा हथियार भी दे दिया है। यही कारण है कि आज एआई आधारित साइबर अपराध, बैंक खाते की चोरी से कहीं आगे निकल कर, भारत के पूंजी बाजार की स्थिरता के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गया है। पूंजी बाजार के लिए अस्तित्व का खतरा मंडरा रहा है। बैंक में सेंध लगती है, तो एक ग्राहक प्रभावित होता है।

शेयर बाजार की स्क्रीन पर हरा रंग...! उम्मीद जगाता है...! पर उसी स्क्रीन के पीछे एक अदृश्य युद्ध भी चल रहा है। यह युद्ध टैंकों का नहीं। मिसाइलों का भी नहीं। यह तो एल्गोरिदम का युद्ध है। कृत्रिम मेंधा ने जहां बाजार को तेज किया है, पारदर्शिता लाया है और समावेशी बनाया है। वहीं, इसी एआई ने साइबर अपराध को एक स्वचालित, बुद्धिमान और अजेय-सा हथियार भी दे दिया है। यही कारण है कि आज एआई आधारित साइबर अपराध, बैंक खाते की चोरी से कहीं आगे निकल कर, भारत के पूंजी बाजार की स्थिरता के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गया है। पूंजी बाजार के लिए अस्तित्व का खतरा मंडरा रहा है। बैंक में सेंध लगती है, तो एक ग्राहक प्रभावित होता है।

बाजार में सेंध लगती है, तो 11 करोड़ डीमैट खाताधारकों का भरोसा डगमगा जाता है। एआई अपराध की यही मारक क्षमता इसे सबसे बड़ा खतरा बनाती है। कैसे करता है वार? पहला, डीपफेक मैनिपुलेशन। मान लीजिए किसी दिग्गज कंपनी के सीईओ का डीपफेक वीडियो बनाकर यह फैला दिया जाए कि कंपनी के नतीजे खराब हैं। वह दिवालिया होने वाली है। सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल होते ही पैनिक सेलिंग शुरू हो जाएगी। निवेशक मिनटों में हजारों करोड़ गंवा देंगे। यह अब कल्पना नहीं...! 2024 में अमेरिकी बाजार में एक बड़ी कंपनी के साथ ऐसा प्रयास हो चुका है। दूसरा, हाइपर-पर्सनलाइज्ड फिशिंग। पहले फर्जी ईमेल की भाषा टूटी-फूटी होती थी। अब एआई आपके ट्रेडिंग व्यवहार, आपके ब्रोकर का नाम, आपके पोर्टफोलियो का विश्लेषण कर आपके ही ब्रोकर की भाषा में ईमेल बनाता है - 'आपका ट्रेडिंग अकाउंट वेरिफिकेशन के लिए रोका गया है। तुरंत इस लिंक पर केवाईसी करें।' एक क्लिक और आपका पासवर्ड, ओटीपी सब हैकर के पास। तीसरा, एल्गो-स्पूफिंग। एआई बॉट्स एक सेकंड में हजारों नकली खरीद-बिक्री के ऑर्डर लगाकर किसी शेयर की कीमत को कृत्रिम रूप से ऊपर-नीचे करते हैं। आपके स्टॉप-लॉस को ट्रिगर कराते हैं। आपको बाजार से बाहर कर अपना मुनाफा कमा लेते हैं। यह माइक्रो-सेकंड का लूटतंत्र है। इसे ही इंसानी आंख पकड़ ही नहीं सकती। यही वजह है कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा है कि पूंजी बाजार अब केवल 'मार्केट रिस्क' से नहीं, 'साइबर सिस्टमिक रिस्क' से भी जूझ रहा है। एनएसई की अति सराहनीय पहल है। एएनएमआई के साथ मिलकर विशेष कार्यबल का आह्वान इस चुनौती की गंभीरता को समझते हुए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने रक्षात्मक से आगे बढ़कर आक्रामक सुरक्षा की रणनीति अपनाई है। एनएसई के प्रमुख ने हाल ही में एसोसिएशन ऑफ नेशनल एक्सचेंज मेंबर्स ऑफ इंडिया (एएनएमआई) के सदस्यों के साथ बैठक में एक अत्यंत महत्वपूर्ण आह्वान किया है -'साइबर सुरक्षा पर एक विशेष संयुक्त कार्यबल का गठन।' इस कार्यबल का उद्देश्य क्या होगा? केवल दिशा-निर्देश जारी करना नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर ब्रोकर हाउस की साइबर सुरक्षा को मजबूत करना। एक्सचेंज अकेले सुरक्षित नहीं हो सकता, जब तक उसका हर सदस्य, हर टर्मिनल सुरक्षित न हो। एनएसई प्रमुख का स्पष्ट संदेश था - 'एक्सचेंज की सुरक्षा उतनी ही मजबूत है, जितना उसका सबसे कमजोर ब्रोकर।'



इसलिए अब एक्सचेंज और ब्रोकर एक ही टीम के रूप में इस खतरे से लड़ेंगे। यह एक स्वागतयोग्य बदलाव है।यहां नियामक केवल दंड नहीं, बल्कि साझेदारी की बात कर रहा है। एक से तीन वर्ष का रोडमैप करने की काबिलेतारीफ पहल। हर सदस्य की तकनीकी जांच और सुरक्षा कवच। इस कार्यबल का सबसे व्यावहारिक और प्रभावी पहलू इसका समयबद्ध रोडमैप है। योजना के तहत सदस्यों का चरणबद्ध मार्गदर्शन किया जाने का प्रावधान है जिसका लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि अगले एक से तीन वर्षों में एएनएमआई के सभी सदस्यों को उचित साइबर मार्गदर्शन मिले, उनकी तकनीकी कमजोरियों की गहन जांच हो। उन्हें भविष्य के खतरों से सुरक्षित रखा जाए। यह कैसे संभव होगा? वर्ष 1 में ऑडिट और जागरूकता का उद्देश्य है। सभी सदस्यों के सिस्टम का साइबर सिक्योरिटी ऑडिट, उनके कर्मचारियों के लिए डीपफेक और फिशिंग पहचान का प्रशिक्षण। छोटे शहरों के सब-ब्रोकर, जो अक्सर पुराने सॉफ्टवेयर पर काम करते हैं, उनकी पहचान और प्राथमिक सहायता। वर्ष 2 में अपग्रेडेशन और मानकीकरण पर बल देने की योजना है। कमजोर पाए गए सिस्टम को अनिवार्य रूप से अपग्रेड करना, सभी टर्मिनलों पर मल्टी-फैक्टर ऑथेंटिकेशन और एंड-टू-एंड एंक्रिप्शन को अनिवार्य बनाना। ड्रिल, यानी नकली एआई हमला करके यह परखना कि ब्रोकर हाउस कितनी जल्दी रिकवर होता है। यह एक से तीन साल का यह 'सुरक्षा कवच' कार्यक्रम भारतीय पूंजी बाजार को केवल प्रतिक्रिया देने वाला नहीं, बल्कि भविष्य के लिए तैयार रहने वाला बाजार बनाएगा। सबसे आश्चर्य की बात... ! अमेरिका और जापान जैसे विकसित देश भी इससे अछूते नहीं हैं। यह तो वैश्विक महामारी बन चुका है। समाचारपत्रों, पत्रिकाओं व एआई पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार अमेरिका में 2024 में सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन के आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट को हैक कर एआई-जनरेटेड पोस्ट से बिटकॉइन ईटीएफ की मंजूरी की झूठी खबर फैलाई गई, जिससे 5 मिनट में बिटकॉइन की कीमत 1,000 डॉलर उछल गई। एफबीआई के अनुसार, अमेरिका में वॉइस क्लोनिंग से सीईओ फ्रॉड के मामलों में पिछले साल 400% की वृद्धि हुई है। जापान में, टोक्यो स्टॉक एक्सचेंज ने माना है कि उसके ब्रोकर सदस्यों पर एआई-आधारित डी-डॉस हमले बढ़े हैं, जहां बॉट्स नकली ट्रैफिक से सिस्टम को जाम कर देते हैं ताकि उसी दौरान दूसरे रास्ते से सेंध लगाई जा सके। जब दुनिया के दो सबसे उन्नत तकनीक वाले बाजार भी इससे जूझ रहे हैं, तो भारत को और अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है। यह लड़ाई वैश्विक है और इसका समाधान भी वैश्विक सहयोग से ही निकलेगा। भविष्य की ढाल क्रिप्टोग्राफीक सुरक्षा हो सकती है? साथ साथ क्वांटम तैयारी भी।

विशेषज्ञों का मानना है कि अगले 5 से 7 वर्षों में क्वांटम कंप्यूटर इतने शक्तिशाली हो जाएंगे कि वे मौजूदा एसएसएल ताले को सेकंड में तोड़ देंगे। तब आज का एंक्रिप्टेड डेटा भी असुरक्षित हो जाएगा। अतः यह निचोड़ निकाल सकते हैं कि एआई आधारित साइबर अपराध कोई दूर की आशंका नहीं, बल्कि हमारे ट्रेडिंग टर्मिनल के दरवाजे पर खड़ा एक वास्तविक खतरा है। एनएसई द्वारा एएनएमआई के साथ विशेष कार्यबल का गठन, एक से तीन साल का व्यावहारिक रोडमैप और क्वांटम-रेडी सुरक्षा की तैयारी - ये तीनों कदम बताते हैं कि भारत का पूंजी बाजार इस खतरे को गंभीरता से ले रहा है। याद रखिए, बाजार में सबसे बड़ा मुनाफा तेज ट्रेडिंग से नहीं, बल्कि सुरक्षित ट्रेडिंग से आता है। तकनीक के इस युग में निवेशक की सबसे बड़ी पूंजी उसका रिटर्न नहीं, उसकी सतर्कता है।

(लेखक कुशभाऊ ठाकरे वि.वि., रायपुर के कुलगुरु हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

भाजपा बनाम कांग्रेस
डॉ. घनश्याम बादल



विचारधारा, मतभेद बदजुबानी और टकराव

लोकतंत्र में विचारों का टकराव स्वाभाविक है, लेकिन जब विचारों की जगह विद्वेष, तर्क की जगह तंज और राजनीतिक विरोध की जगह व्यक्तिगत चरित्रहनन ले ले, तब समझ लेना चाहिए कि राजनीति अपनी मर्यादा खो रही है। कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच वैचारिक संघर्ष पुराना है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में यह संघर्ष जिस तरह कटुता, अमर्यादित भाषा और संस्थाओं पर अविश्वास तक पहुंचा है, वह लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिए शुभ संकेत नहीं है। सवाल यह नहीं कि कौन-सा दल सही है और कौन गलत; सवाल यह है कि सत्ता और विपक्ष की लड़ाई में देश की सामाजिक एकता कहीं दांव पर तो नहीं लग रही? कांग्रेस और भाजपा दो अलग राजनीतिक धाराओं का प्रतिनिधित्व करती हैं। कांग्रेस की वैचारिक परंपरा स्वतंत्रता आंदोलन, धर्मनिरपेक्षता, बहुलतावाद, सामाजिक न्याय और विविधता में एकता की अवधारणा से जुड़ी रही है तो भाजपा की राजनीति सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, हिंदुत्व, राष्ट्रीय अस्मिता, मजबूत नेतृत्व और एकात्म मानववाद की वैचारिक धारा से प्रेरणा लेती है। इन दोनों विचारधाराओं के बीच मतभेद होना अस्वाभाविक नहीं। लोकतंत्र में यही मतभेद विकल्प पैदा करते हैं मगर समस्या तब शुरू होती है, जब कोई दल अपनी विचारधारा को ही राष्ट्रभक्ति का प्रमाणपत्र बताने लगे और विरोधी विचारधारा को देश-विरोध का पर्याय बना दे। राष्ट्र कोई एक दल, विचार या नेता नहीं है।

कांग्रेस के समर्थक भी उतने ही भारतीय हैं, जितने भाजपा के समर्थक; और किसी दल का विरोध करना अपने आप में राष्ट्र का विरोध करना नहीं है। विडंबना यह है कि दोनों दल लोकतंत्र, संविधान और देशहित की दुहाई देते हैं, लेकिन उनके नेताओं की भाषा बार-बार इन्हीं मूल्यों पर चोट करती दिखाई देती है। सत्ता से सवाल पूछना विपक्ष का धर्म है और विपक्ष की आलोचना का उत्तर देना सरकार की जिम्मेदारी। किंतु आलोचना और अपमान के बीच एक महीन रेखा है। उस रेखा को लांघते ही बहस का स्तर गिरता है और लोकतांत्रिक संवाद की जगह शत्रुता लेने लगती है। नेता भूल जाते हैं कि उनके शब्द केवल विरोधी दल तक सीमित नहीं रहते; वे समाज के व्यवहार, युवाओं की भाषा और आम नागरिकों की सोच को भी प्रभावित करते हैं। इसी कटु राजनीतिक वातावरण में एसआईआर यानी मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण जैसे मुद्दे टकराव का कारण बन रहे हैं। मतदाता सूची की शुद्धता चुनावी लोकतंत्र की बुनियादी आवश्यकता है। फर्जी, दोहराव वाले या अपात्र नामों को हटाना और पात्र मतदाताओं का नाम सुनिश्चित करना निर्वाचन प्रक्रिया की विश्वसनीयता के लिए जरूरी है। दूसरी ओर, यदि पुनरीक्षण की प्रक्रिया में किसी पात्र नागरिक का नाम छूटने, दस्तावेजों की कठिनाइयों या वास्तविक मतदाताओं के मताधिकार से वंचित होने की आशंका पैदा होती है, तो उस पर सवाल उठाना भी उतना ही आवश्यक है। इसलिए एसआईआर को केवल सरकार या निर्वाचन व्यवस्था के समर्थन-विरोध का प्रश्न बनाना उचित नहीं। प्रक्रिया पारदर्शी हो, पात्र मतदाताओं को पर्याप्त अवसर मिले, आपत्तियों का निष्पक्ष निस्तारण हो और गलतियों के सुधार की प्रभावी व्यवस्था हो-ये सभी पक्ष लोकतंत्र के हित में हैं। विपक्ष को बिना प्रमाण हर कार्रवाई को साजिश नहीं बताना चाहिए, तो निर्वाचन व्यवस्था को भी आलोचनाओं का उत्तर तथ्यों और पारदर्शिता से देना चाहिए। मताधिकार पर अविश्वास की स्थिति लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर कर सकती है। एसआईआर के अतिरिक्त चुनावी निष्पक्षता, संवैधानिक संस्थाओं की भूमिका, आरक्षण, जातिगत गणना, धार्मिक पहचान, नागरिकता और केंद्र-राज्य संबंधों जैसे मुद्दों पर भी राजनीतिक खींचतान तीखी हुई है। अंततः, कांग्रेस हो या भाजपा, दोनों को याद रखना चाहिए कि विचारधाराएं लोकतंत्र को दिशा देती हैं, जबकि अहंकार और बदजुबानी उसे कमजोर करते हैं। भारत की शक्ति उसकी विविधता, सहिष्णुता और संवाद की परंपरा में है। राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी को शत्रु मानने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाना समय की मांग है। देश की एकता और अखंडता केवल नारों से सुरक्षित नहीं रहती; उन्हें व्यवहार, भाषा और निर्णयों में भी उतारना पड़ता है। अस्तु, लोकतंत्र में लड़ाई विचारों की होनी चाहिए, व्यक्तियों के अपमान की नहीं; नीतियों की होनी चाहिए, नागरिकों को बांटकर वोट झपटने की नहीं। सत्ता बदल सकती है, सरकारें आ-जा सकती हैं और विचारधाराओं के बीच संघर्ष चलता रह सकता है, लेकिन यदि इस संघर्ष में समाज का विश्वास, राष्ट्रीय एकता और संवैधानिक मर्यादा टूट गई, तो जीत भले ही किसी किसी दल की नहीं हो जाए, पर, हार पूरे देश की होगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

जीवन-विकास का आधार सत्पुरुषार्थ



संकलित
दर्शन

यदि व्यक्ति समुचित दिशा में समुचित पुरुषार्थ करता रहे तो जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता अर्जित की जा सकती है। जीवन में सफल होने के लिए पुरुषार्थ का महत्त्वपूर्ण स्थान है। पुरुषार्थ के अभाव में किसी भी उद्देश्य को पूर्ण नहीं किया जा सकता। पुरुषार्थ जीवन में हर समय अनिवार्य है। जीवन-विकास की आधारशिला पुरुषार्थ है, जो व्यक्ति अपने बुद्धि बल, मनोबल तथा शारीरिक बल पर विश्वास नहीं करके पराश्रित अथवा निष्क्रिय बन जाते हैं, उन्हें कदम-कदम पर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है और अन्त में असफलता ही हाथ लगती है। इसके विपरीत जो जीवन में उल्लासपूर्वक सक्रिय रहते हैं, वे कभी भी असफल नहीं होते। सफल होने के लिए यह सुनिश्चित है कि व्यक्ति को तपना और खपना पड़ता है। पुरुषार्थ आत्म-विकास की रीढ़ है। जीवन में पुरुषार्थ की जो अनिवार्यता है, इसे एक क्षण के लिए भी नकारा नहीं जा सकता। कर्मबंधन से मुक्ति का हेतु ही पुरुषार्थ है। जड़ता एवं निष्क्रियता के धरातल से ऊपर उठकर जब व्यक्ति पुरुषार्थ करता है तो वह व्यावहारिक एवं आध्यात्मिक क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण उपलब्धियों से समृद्ध बनने लगता है। कोई कुछ भी करे ही नहीं एवं मन में बड़ी-बड़ी कल्पनाएं करता रहे तो केवल कल्पनाओं से कुछ भी नहीं होता। मंजिल पर पथिक तभी तो पहुँच पाएगा, जब वह लक्ष्य की ओर गतिशील होगा। पथिक अपने घर-आँगन में बैठा हुआ नक्शा देखता रहे कि अमुक गाँव इतनी दूर है, अमुक रास्ते से होकर मुझे जाना पड़ेगा। केवल इस तरह का गणित करता रहे और मंजिल की ओर एक कदम भी न बढ़ाए तो घर-आँगन में बैठे रहने से तो मंजिल मिलने से रही। मंजिल को पाने के लिए कदमों को बढ़ाना पड़ता है। यह सत्य है कि चलने वालों ने ही मंजिल से मुलाकात की है। -*कांतिलाल मांडोत*

हनुमान जी से सीखें सफल होने के मंत्र



संकलित
प्रेरणा

हिंदू धर्म में हनुमान जी को शक्ति, भक्ति, साहस और सेवा का प्रतीक माना जाता है। उनका जीवन केवल प्रभु श्रीराम के प्रति अटूट भक्ति की सीख नहीं देता, बल्कि मुश्किल समय में सही फैसला लेने, जिम्मेदारी निभाने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा भी देता है। रामायण में हनुमान जी से जुड़ी कई ऐसी घटनाएं हैं, जो जीवन की चुनौतियों का सामना करने का रास्ता दिखाती हैं। उनके व्यक्तित्व के 8 गुण ऐसे हैं, जिन्हें अपनाकर इंसान अपने काम और रिश्तों में बेहतर बदलाव ला सकता है। हनुमान जी का संवाद कौशल उनके व्यक्तित्व की बड़ी विशेषता था। अशोक वाटिका में माता सीता से मिलते समय उन्होंने अपनी वाणी और व्यवहार से उनका विश्वास जीता। इससे सीख मिलती है कि बात केवल अपनी बात रखने की नहीं, बल्कि सामने वाले की भावनाओं को समझने की भी है। सही शब्दों और विनम्र व्यवहार से कठिन बातचीत को भी आसान बनाया जा सकता है। समुद्र पार करते समय सुरसा ने हनुमान जी का रास्ता रोक लिया था। इस बाधा को उन्होंने केवल बल से नहीं, बल्कि अपनी बुद्धि और सूझबूझ से पार किया। उनका यह प्रसंग बताता है कि हर परेशानी का हल ताकत दिखाने में नहीं होता है। कई बार शांत रहकर परिस्थिति को समझना और समय के अनुसार फैसला लेना ही सबसे बेहतर रास्ता होता है।

अंतर्मन



आज की पाती

अनूठा लोक पर्व है छठ पूजा

भारत की सांस्कृतिक चेतना में कुछ पर्व ऐसे हैं, जिनमें लोक, धर्म, प्रकृति और तपस्या का अद्भुत संगम दिखाई देता है। छठ महापर्व उन्हीं में से एक है। यह एक ऐसा पर्व है जो अब किसी एक क्षेत्र की सीमाओं में नहीं बंधा बल्कि भारतीय आस्था के विशाल सागर में अपनी गहरी जड़ें जमा चुका है। वास्तव में यह आत्मशुद्धि, संयम और कृतज्ञता की वह साधना है, जिसमें मनुष्य सूर्य और प्रकृति के प्रति अपनी निष्ठा प्रकट करता है। बिहार, झारखण्ड, पूर्वी उत्तर प्रदेश और नेपाल के तराई क्षेत्रों से शुरू होकर अब यह पर्व देश और विदेश के असंख्य भारतीयों के जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। चार दिनों तक चलने वाला यह महापर्व कार्तिक शुक्ल चतुर्थी से आरंभ होकर षष्ठी और सप्तमी को चरम पर पहुंचता है। – *विनय तिवारी, रायपुर*

ट्रेंड

प्रकाश पर्व पर बधाई



सिख धर्म के चौथे गुरु श्री रामदास के प्रकाश पर्व पर बधाई। उन्होंने अमृतसर शहर की नींव रखी और दुनिया को आस्था का एक ऐसा केंद्र दिया, जो आज भी पूरी दुनिया को सेवा और सद्भाव का संदेश दे रहा है। -**अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

वोट चोरी



दिल्ली के हर व्यापारी से: हम आपसे प्यार करते हैं, आपकी बात सुन रहे हैं। मेट्रो सरकार ने बंद की, सड़कें सरकार ने सील की, राजधानी पर ताला सरकार ने लगाया। जब वोट ही चोरी हो जाए, तो कुछ भी सुरक्षित नहीं - न आपकी दुकान, न आपकी बचत, न आपके बच्चों का भविष्य। - **राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

युवाओं के सपने



जिन युवाओं ने कभी देश की आजादी के लिए अपना खून बहाया था, वे आज बेरोजगारी के कारण अपना खून बहाने को मजबूर हैं। बीजेपी ने युवाओं के सपनों को कुचल दिया है। यूपी इस समय बेरोजगारी और काम न मिलने के संकट से गुजर रहा है। - **अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

ज़िंदगी की सच्चाई



ज़िंदगी की सच्चाई यह है कि जिन लोगों की आप परवाह करते हैं, वे कभी न कभी आपको दुख ज़रूर पहुंचाएंगे। आपकी समझदारी इसी में है कि आप सोच-समझकर चुनें कि आप किसे खुद को दुख पहुंचाने की इजाज़त देते हैं!
- **रामगोपाल वर्मा,** फिल्मकार

करंट अफेयर

डेमोक्रेटिक उम्मीदवारों का समर्थन कर सकते हैं ट्रंप समर्थक



अमेरिका में 2024 के राष्ट्रपति पद के चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को वोट देने वाले कम से कम 25 प्रतिशत दक्षिण एशियाई अमेरिकी मतदाता तीन नवंबर को होने वाले मध्यावधि चुनावों में डेमोक्रेटिक उम्मीदवारों का समर्थन करने की योजना बना रहे हैं। एक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। लोगों के अधिकारों के लिए काम करने वाले संगठन 'इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट' द्वारा कराए गए इस सर्वेक्षण में जीवनयापन की लागत (65 प्रतिशत), स्वास्थ्य सेवा (53 प्रतिशत), रोजगार और वेतन (33 प्रतिशत) तथा शिक्षा (28 प्रतिशत) को मध्यावधि चुनावों के प्रमुख मुद्दों के रूप में पहचाना गया है। सर्वेक्षण में शामिल 800 पंजीकृत दक्षिण एशियाई मतदाताओं में से 87 प्रतिशत भारतीय-अमेरिकी हैं जबकि शेष 13 प्रतिशत पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल, भूटान, मालदीव, अफगानिस्तान और म्यांमा के अलावा कंबोडिया के खमेर समुदाय से संबंधित हैं। वर्ष 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में कमला हैरिस को वोट देने वालों में से 96 प्रतिशत आगामी चुनावों में डेमोक्रेटिक उम्मीदवारों के पक्ष में अपना वोट डालने की योजना बना रहे हैं। सर्वेक्षण में पाया गया कि ट्रंप को वोट देने वाले 67 प्रतिशत दक्षिण एशियाई अमेरिकी अब भी रिपब्लिकन पार्टी का समर्थन करते हैं, लेकिन 25 प्रतिशत ने कहा कि वे डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवारों का समर्थन करेंगे।

ऑफ बीट

संभवत: यूरोप में हुई थी चमगादड़ों की उत्पत्ति



दशकों से वैज्ञानिक इस सवाल पर बहस करते रहे हैं कि चमगादड़ों की उत्पत्ति कहां हुई थी। 'नेचर' पत्रिका में हाल में प्रकाशित एक अध्ययन इस सवाल का जवाब तलाशने के लिए नए साक्ष्य प्रस्तुत करता है। 'डीएनए' और जीवाश्मों के साथ किए गए अंतरराष्ट्रीय अध्ययन इस बात का समर्थन करते हैं कि चमगादड़ों की जन्मस्थली संभवत: यूरोप है। अब तक इस सवाल का जवाब तलाशने में एक बड़ी मुश्किल यह रही है कि पक्षियों के विपरीत, चमगादड़ों के जीवाश्मों में उनके विकास की शुरुआती अवस्थाओं के प्रमाण बहुत कम मिलते हैं। पक्षियों के जीवाश्मों का रिकॉर्ड इतना समृद्ध है कि उससे डायनासोर से मुर्गी तक जैसे पक्षियों एवं जानवरों के विकास की कड़ी को समझा जा सकता है, लेकिन जब वैज्ञानिकों को चमगादड़ों के जीवाश्म मिलते हैं, तो वे लगभग पूरी तरह विकसित चमगादड़ों के ही होते हैं। चमगादड़ उड़ान भरने और हवा में बने रहने के लिए सक्रिय रूप से अपने पंखों का इस्तेमाल करने वाले इकलौते स्तनधारी हैं। पहले किए गए अध्ययनों में अमेरिका, अफ्रीका या एशिया को उनकी संभावित जन्मस्थली बताया गया था। अलग-अलग आंकड़ों और गणना के तरीकों से अलग-अलग नतीजे सामने आए।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

सुको में एसआईआर और सीईसी के संबंध में सुनवाई पूरी

चुनाव आयोग के हलफनामे पर जवाब देने को याचिकाकर्ताओं को 10 दिन की मोहलत दी, फॉर्म-6 में बदलाव पर ईसी से मांगा जवाब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और चुनाव आयोग के कामकाज को लेकर दायर याचिकाओं पर मंगलवार की सुनवाई पूरी हो गई है। चुनाव आयोग की तरफ से दाखिल हलफनामे पर जवाब देने के लिए याचिकाकर्ताओं ने सर्वोच्च अदालत से 10 दिन का समय मांगा है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता की इस मांग को स्वीकार कर लिया। कोर्ट ने चुनाव आयोग को भी अतिरिक्त हलफनामे के लिए 14 दिन का समय दिया है। इस मामले की सुनवाई सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली 3सदस्यों वाली बेंच ने की। बेंच में जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना भी शामिल हैं





नई याचिका पर चुनाव आयोग को नोटिस

उच्चतम न्यायालय ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान फॉर्म-6 में बदलाव करने का निर्वाचन आयोग पर आरोप लगाने वाली सांसद डोला सेन की नई याचिका पर आयोग को नोटिस जारी किया।

एकतरफा निर्णय लेने के आरोप लगाए

याचिकाओं में आरोप लगाया गया है कि उन्होंने एसआईआर की प्रक्रिया से जुड़े फैसले लेते समय चुनाव आयुक्तों सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी की राय को नजरअंदाज किया। इस दौरान एकतरफा और मनमाने तरीके से निर्णय लिए गए। याचिकाओं में नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए इस्तेमाल होने वाले फॉर्म-6 के साथ अतिरिक्त घोषणा पत्र जोड़ने के फैसले पर भी सवाल उठाए गए हैं। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि इस शर्त के कारण नए और युवा मतदाताओं के लिए मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराना मुश्किल हो सकता है।

चुनाव आयोग ने सर्वसम्मति से निर्णय लिए गए

चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे में इन आरोपों को खारिज किया है। आयोग के अनुसार एसआईआर से संबंधित तीनों आदेश सर्वसम्मति से जारी किए गए थे। उनमें इसे लेकर कोई आपसी मतभेद नहीं था। आयोग ने स्पष्ट किया कि इन फैसलों में किसी तरह की एकतरफा कार्रवाई नहीं की गई।

कर्नाटक में फाइनल वोटर लिस्ट जारी

एसआईआर के बाद लगभग 1 करोड़ मतदाता घटे

बेंगलुरु। कर्नाटक में एसआईआर) 27 अक्टूबर को पूरा हुआ। इसके चलते राज्य के मूल 5.5 करोड़ मतदाताओं की सूची से लगभग 99.76 लाख मतदाता कम हो गए हैं, जिससे अब कुल मतदाताओं की संख्या 4,54,55,689 यानी 4.54 रह गई है। इनमें से लगभग 86.56 लाख मतदाता 20-29 आयु वर्ग के हैं, जबकि नए मतदाताओं की संख्या 6.83 लाख है। 16 जून को, जब प्रक्रिया के लिए मतदाता सूची के फ्रीज कर किया गया था, तब राज्य में लगभग 5.5 करोड़ मतदाता थे। इसके बाद हुई जांच प्रक्रिया के दौरान, 24 अगस्त को जारी ड्राफ्ट सूची में लगभग



19.48 प्रतिशत यानी 1.08 करोड़ मतदाताओं को हटा दिया गया। इन्हें अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत, डुप्लिकेट और अन्य श्रेणी में रखा गया था।

खबर संक्षेप

कांगड़ा में चिट्टा तस्करी में 1.01 करोड़ की संपत्ति फ्रीज

कांगड़ा। हिमाचल प्रदेश में चिट्टा तस्करी के खिलाफ नूरपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने



इंदौरा के छन्नी गांव में 1 करोड़ 1 लाख 55 हजार 718 रुपए मूल्य की संपत्तियों को फ्रीज करने संबंधी आदेश का बोर्ड लगाया है। यह कार्रवाई पुलिस थाना इंदौरा में वर्ष 2017 में दर्ज चिट्टा तस्करी के मामले में की गई है।

मुस्कान-साहिल की फांसी पर अब 30 को सुनवाई

मेरठ। उत्तर प्रदेश के मेरठ के बहुचर्चित नीले ड्रम हत्याकांड में इलाहाबाद हाई कोर्ट में सुनवाई हुई।



सौरभ राजपूत हत्याकांड में दोषी ठहराए गए मुस्कान रस्तोगी और साहिल शुक्ला की ओर से दाखिल याचिका पर हाई कोर्ट की डबल बेंच ने सुनवाई की। कोर्ट ने संवेदनशीलता को देखते हुए अगली सुनवाई के लिए 30 नवंबर की तारीख दी है।

मोइत्रा ने हाई कोर्ट से कहा, 'हटा दूंगी पोस्ट'

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट में टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा कि वे भाजपा सांसद



निशिकांत दुबे पर की गई विवादित टिप्पणी सोशल मीडिया से हटा देंगी। महुआ के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट में मानहानि का केस किया किया है। पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग के खिलाफ भी केस किया है।

मिजोरम में एक किलो मेथामफेटामाइन बरामद

आइजोल। मिजोरम के आइजोल जिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से एक किलोग्राम



मेथामफेटामाइन बरामद किया गया है। मंगलवार को पुलिस ने बताया कि सोमवार को ब्वांगकॉन थाना क्षेत्र में जेमाबॉक वन जांच चौकी के पास एक वैन को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें से मादक पदार्थ बरामद किया गया।

राहुल ने की जन सुनवाई, एक नवंबर को रामलीला मैदान में महारैली पर अड़े

ज्ञानेश के इस्तीफे तक आंदोलन जारी रखा जाएगा, सरकार-ईसी की जवाबदारी तय हो



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विपक्ष के जारी विरोध के बीच आए हैं। इंडिया ब्लॉक के दल मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं और नाम हटाए जाने के मुद्दे पर चुनाव आयोग से जवाबदेही तय करने की मांग कर रहे हैं। एक नवंबर को रामलीला मैदान में 'दिल्ली चलो' मार्च और जनसभा प्रस्तावित है।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी दिल्ली के त्रिलोकपुरी स्थित ब्लॉक 20 में 'वोट अधिकार जीने का अधिकार' जन सुनवाई में शामिल हुए। इस दौरान राहुल गांधी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर हमला तेज करते हुए आरोप लगाया कि देश में ऊपर के स्तर से वोट चोरी की जा रही है और गरीबों के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं। जब तक ज्ञानेश कुमार इस्तीफा नहीं देते या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन्हें पद से नहीं हटाते, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

वोट चोरी की जा रही और गरीबों के नाम जानबूझकर मतदाता सूची से हटाए जा रहे



4 बूथों से 416 नाम हटाने का आरोप

राहुल ने कहा कि इस जन सुनवाई के जरिए लोगों ने बताया कि चार बूथों से 416 नाम कथित तौर पर अवैध तरीके से हटाए गए हैं। भारत के हर नागरिक को वोट देने का अधिकार है। हम लंबे समय से इस मुद्दे को उठा रहे हैं। आज लोगों को समझ आ गया है कि वोट चोरी हो रही है और गरीबों के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं।

वेणुगोपाल ने महारैली और तैयारियों का जायजा लिया

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने रामलीला मैदान का निरीक्षण किया और तैयारियों की समीक्षा की। यह विरोध प्रदर्शन मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और एसआईआर में कथित अनियमितताओं के खिलाफ किया जा रहा है। वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि कार्यक्रमों को रोकने की कोशिश कर रही है, लेकिन इंडिया गठबंधन पीछे नहीं हटेगा।



व्यापारियों की बढ़ी चिंता राहुल को लिखा पत्र

राहुल गांधी ने साफ कर दिया कि दिवाली के पीक सीजन में 1 नवंबर को रामलीला मैदान में प्रस्तावित महारैली होकर रहेगी। उनके इस रुख के बाद रामलीला मैदान के आसपास के प्रमुख बाजारों के व्यापारियों में चिंता और निराशा बढ़ गई है। दिल्ली के व्यापारियों और उद्यमियों के संगठन चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री के चेयरमैन बृजेश गोयल ने राहुल को पत्र लिखकर रैली दिवाली के बाद कराने की मांग की है।



रैली पर दिल्ली पुलिस ने लगाई शर्तें

शाम 5 बजे तक खत्म करना होगा कार्यक्रम



रामलीला मैदान में होने वाली कांग्रेस की रैली के लिए कानून-व्यवस्था के लिहाज से अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी कर दिया है। हालांकि, इसके लिए जमीन के मालिकाना हक वाले विभाग से पहले अनुमति लेनी होगी और पुलिस की कई शर्तों का पालन करना होगा। रैली सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक होगी।

पुलिस ने रखी ये प्रमुख शर्तें

- *सुरक्षा के कड़े इंतजाम: आयोजकों को रामलीला मैदान के प्रवेश/निकास द्वारों, मंच, आसपास के क्षेत्रों और बैठने की जगहों पर पर्याप्त संख्या में हाई-डेफिनेशन सीसीटीवी कैमरे लगाने होंगे। इनकी रिकॉर्डिंग, कम से कम 5 स्क्रीनों के साथ एक मॉनिटरिंग सिस्टम और एक अलग सीसीटीवी कंट्रोल रूम बनाना अनिवार्य होगा।*
- *बुनियादी सुविधाएं: रैली में शामिल होने वाले लोगों के लिए पानी के टैंकर और पर्याप्त संख्या में शौचालय (महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग) उपलब्ध कराने होंगे।*
- *स्वयंसेवक: रैली को सुचारू रूप से चलाने के लिए कांग्रेस को पर्याप्त संख्या में स्वयंसेवक तैनात करने होंगे, जो एक जैसी ड्रेस या बैज पहनें, ताकि उनकी पहचान हो सके।*
- *समय सीमा: रैली को 1 नवंबर 2026 को शाम 5 बजे तक हर हाल में समाप्त करना होगा, जिसके बाद भीड़ को तितर-बितर होना शुरू हो जाना चाहिए. किसी भी परिस्थिति में समय विस्तार की अनुमति नहीं दी जाएगी।*
- *रात को रुकने पर रोक: रैली से पहले या बाद में, किसी भी प्रतिभागी को रामलीला मैदान में रात को रुकने की अनुमति नहीं होगी।*
- *मार्च निकालने की मनाही: रामलीला मैदान के अलावा किसी अन्य स्थान के लिए कोई मार्च निकालने की अनुमति नहीं दी गई है।*

राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा बताएं, केरलम में 114 दिनों से प्रदर्शन कर रहे युवाओं की आवाज उन्हें क्यों नहीं सुनाई देती: जीवीएल नरसिम्हा राव

केरलम में 114 दिनों से नौकरी मांग रहे युवाओं की आवाज कांग्रेस सरकार ने अनसुनी की: भाजपा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं पूर्व सांसद जीवीएल नरसिम्हा राव ने मंगलवार को तिरुवनंतपुरम में पीएससी परीक्षा पास कर रैंक हासिल करने के बावजूद नियुक्ति न मिलने पर युवाओं द्वारा पिछले 114 दिनों से सचिवालय के सामने हो रहे प्रदर्शन पर कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। ज्ञात हो कि बारिश में शेड बनाने की अनुमति नहीं मिलने पर आंदोलनकारी वलारमथी ने बाल मुंडवाकर विरोध जताया। राव ने कांग्रेस, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा से वलारमथी से माफी मांगने और युवाओं को न्याय दिलाने की पहल करने की मांग की।

राव ने कहा कि केरलम की राजधानी तिरुवनंतपुरम में कुछ युवा पिछले 114 दिनों से लगातार प्रदेश के सचिवालय के सामने विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं।

उनकी मांग है कि पीएससी (पब्लिक सर्विस कमीशन) की परीक्षा पास करके रैंक हासिल करने के आधार पर उन्हें नौकरी दी जाए, लेकिन उन्हें नियुक्ति नहीं दी जा रही है। केरलम की पब्लिक सर्विस कमीशन भ्रष्टाचार और लेफ्ट तथा कांग्रेस कैडर के लोगों की नियुक्ति के लिए जाना जाता है, लेकिन केरलम के आम युवाओं के लिए शायद वहां कोई जगह नहीं है। ये युवा मांग कर रहे हैं कि जब उन्होंने परीक्षा पास करके रैंक हासिल की है, तो उन्हें नौकरी दी जाए और प्राइमरी स्कूल में शिक्षक के पद पर नियुक्त किया जाए। लेकिन उनकी मांग पूरी नहीं की गई। बीते दिन, बारिश के दौरान इन युवाओं ने अपने लिए एक शेड बनाने की योजना बनाई, लेकिन पुलिस और वहां के प्रशासन ने इसकी अनुमति नहीं दी। इसके बाद मजबूर होकर इस आंदोलन से जुड़ी एक प्रमुख महिला ने अपने बाल मुंडवाकर विरोध-प्रदर्शन किया। ये दृश्य बेहद चौंकाने वाले, दर्दनाक और शर्मनाक हैं, लेकिन कांग्रेस को इससे कोई शर्मिंदगी महसूस नहीं होती।



भाजपा नेता ने कहा कि हमारा कांग्रेस पार्टी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा से सवाल है कि जिस राज्य में आप बार-बार चुनाव जीतने के लिए जाते हैं, जहां कांग्रेस की सरकार है और कांग्रेस पार्टी के मुख्यमंत्री हैं, वहां पिछले 114 दिनों से युवा विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। क्या उन युवाओं की आवाज आप तक नहीं पहुंचती है या आप उनकी आवाज सुनना ही नहीं चाहते? क्या आपने कोई ऐसा फिल्टर लगा रखा है कि कांग्रेस शासन वाले राज्यों में हो रहे विरोध-प्रदर्शनों की आवाज नहीं सुनेंगे और केवल वहीं सुनेंगे, जहां आपको राजनीति करनी है? राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा पहले इस आंदोलन का नेतृत्व कर रही महिला से माफी मांगें और उन्हें न्याय दिलाने के लिए कम से कम अब सामने आकर पहल करें। यह हमारी मांग है।

20 किमी के दायरे के वाहन स्वामियों को मिलेगा लाभ

केंद्र ने टोल प्लाज़ा के पास रहने वाले लोगों के लिए 'रियायती स्थानीय पास' की शुरुआत की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजमार्ग टोल प्लाज़ा के पास रहने वाले नागरिकों के जीवन को आसान बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, भारत सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग टोल प्लाज़ा से 20 किमी के दायरे में रहने वाले पात्र गैरवाणिज्यिक वाहन मालिकों के लिए 'रियायती स्थानीय पास' शुरू किया है। यह नियम 1 नवंबर 2026 से लागू होगा।

रियायती स्थानीय पास का वार्षिक शुल्क नगर पालिका या स्थानीय शहर क्षेत्र के बाहर स्थित टोल प्लाज़ा के लिए 1,500 रुपये और इन सीमाओं के भीतर स्थित टोल प्लाज़ा के लिए 3,000 रुपये होगा। नए प्रावधान के तहत, वैध और चालू फ़ास्ट टैग वाले और 20 किमी के दायरे में रहने वाले पात्र गैरवाणिज्यिक वाहन मालिक किसी विशिष्ट टोल प्लाज़ा से आवाजाही के लिए मौजूदा मासिक पास और रियायती स्थानीय पास में से किसी एक को चुन सकते हैं। यह पास केवल उसी विशिष्ट टोल प्लाज़ा के लिए मान्य होगा और इसे किसी अन्य टोल प्लाज़ा पर स्थानांतरित नहीं किया जा सकेगा।

यह रियायती स्थानीय पास उन राष्ट्रीय राजमार्गों या एक्सप्रेसवे पर उपलब्ध नहीं होगा जहाँ टोल शुल्क संग्रह 'क्लोज्ड यूजर-फी कलेक्शन सिस्टम' (दूरी-आधारित टोल टैक्स वसूली प्रणाली) पर आधारित है। इसके अलावा, यह उन स्थानों पर भी जारी नहीं किया जाएगा जहाँ यात्रियों के उपयोग के लिए सर्विस रोड या कोई वैकल्पिक सड़क उपलब्ध है। वार्षिक स्थानीय पास पात्र टोल प्लाज़ाओं पर 1 नवंबर 2026 से उपलब्ध होगा। इसके अलावा, यह वार्षिक स्थानीय पास 1 दिसंबर 2026 से 'राजमार्गयात्रा ऐप' के माध्यम से भी उपलब्ध होगा। यह संशोधन राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 द्वारा प्रदत्त शक्तियों के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरों का निर्धारण और संग्रह) (पांचवां संशोधन) नियम, 2026 के माध्यम से अधिसूचित किया गया है। इन दरों को केंद्र सरकार द्वारा प्रतिवर्ष संशोधित किया जा सकता है, ये बदलाव 01 अप्रैल से लागू होंगे। देश भर में 13 करोड़ से अधिक जारी किए गए फ़ास्ट टैग के साथ, इस नए प्रावधान का उद्देश्य टोल प्लाज़ा के पास रहने वाले पात्र निवासियों को एक ऐसा विकल्प प्रदान करना है जिससे उनकी यात्रा अधिक किफ़ायती बन सके और स्थानीय निवासियों के लिए आवागमन आसान बन सके।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार के प्रति कड़ी नाराजगी जताई

सवाल-कीमतों में इतना अंतर क्यों?

कैंसर की 11 हजार की दवा 1.30 लाख में,लूट का कारण तो बताएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कैंसर की दवाओं की कीमतों को नियंत्रित करने के मुद्दे पर केंद्र सरकार के प्रति कड़ी नाराजगी जताई। अदालत ने एक घटना का जिक्र करते हुए बताया कि कीमोथेरेपी में इस्तेमाल होने वाला एक इंजेक्शन एक मेडिकल डिस्ट्रीब्यूटर की कैंसर पीड़ित पत्नी को लगाया जाना था, जिनका इलाज एक प्रतिष्ठित निजी अस्पताल में चल रहा था। डिस्ट्रीब्यूटर ने अस्पताल प्रशासन को बताया कि



वह स्वयं दवा कारोबारी हैं और यह इंजेक्शन उन्हें 11,000 में उपलब्ध हो जाता है। अस्पताल ने बाहर से लाया गया इंजेक्शन लगाने से इनकार कर दिया और उसी इंजेक्शन के लिए 1.30 लाख शुल्क वसूलने की बात कही। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से सवाल किया कि क्या आप इस लूट का कोई उचित कारण बता सकते हैं? इतना अंतर क्यों है?

कीमतों में इस अंतर का जवाब दें

कोर्ट ने पूछा कि क्या अस्पतालों के पास मरीजों को इस तरह से कंट्रोल करने का अधिकार है.।ड्रिप लाइन जैसी मामूली सी चीज जिसकी रिटेलर के लिए कीमत 15 रुपए, और बिक रही है 250 रुपए में, फिर डीपीसीओलागू ही क्यों है? सरकार खुद ऐसा होने दे रही है, जबकि इस मुद्दे पर तीन संसदीय समितियां बन चुकी हैं। कोर्ट ने केंद्र से पूछा कि हमें इसका तर्क बताएं। बताइए कि पिछले 30 सालों में भारतीय फार्मा इंडस्ट्री ने 5 नए मॉलिक्यूल कौन से विकसित किए हैं?

चक्रवाती तूफान 'अर्नब' के पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी की ओर बढ़ा

राज्य में कई ऐहतियाती कदम उठाए, लोगों को भी किया आगाह

ओडिशा में कई हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश शुरू, सेना तैनात

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

चक्रवाती तूफान 'अर्नब' के पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी की ओर बढ़ने के बीच, घने



बादलों से ढेके आसमान के नीचे ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में भारी बारिश हो रही है। ओडिशा राज्य के गंजाम जिले में स्थित गोपालपुर बंदरगाह ने एहतियाती कदम उठाए हैं। आंध्र प्रदेश की लगभग 34 मछली पकड़ने वाली नावों को बंदरगाह के भीतर सुरक्षित आश्रय दिया गया है। 29 तक समुद्र में जाने पर



पूरी तरह से रोक है। हम लगातार गश्त भी कर रहे हैं। अब तक 34 मछली पकड़ने वाली नावें यहां पहुंची हैं । बंदरगाह के कर्मचारियों ने उन्हें आश्रय उपलब्ध कराया है।

मौसम विभाग ने 'बेहद गंभीर' श्रेणी की चेतावनी की जारी

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने चेतावनी जारी करते हुए बताया कि 'अर्नब' 'बेहद गंभीर चक्रवाती तूफान' के रूप में आंध्र प्रदेश के तट से टकराने वाला है। इसका लैंडफॉल बापटला और विशाखापत्तनम के बीच, यानम के करीब होने का अनुमान है। तट से टकराते समय हवा की अधिकतम गति 125 से 135 किलोमीटर प्रति घंटे तक रह सकती है, जबकि झोंकों की रफ्तार 150 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है।

राज्यों में 31 टीमों को तैनात किया : एनडीआरएफ

राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) ने कहा कि आने वाले साइक्लोन 'अर्नब' से प्रभावित होने वाले राज्यों में 31 टीमों को तैनात किया गया है और स्थिति के लिए एक रणनीति फाइनल कर दिया गया है। डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल (डीआईजी) मोहसेन शाहेदी ने इस दौरान बात करते हुए कहा कि एनडीएमए के तहत एक कोऑर्डिनेशन मीटिंग हुई, जिसमें सभी स्टेकहोल्डर्स ने हिस्सा लिया।

ओडिशा में 48,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा जाएगा

'अर्नब' के पूर्वी तट की ओर बढ़ने के साथ ही ओडिशा में तेज हवाएं चलने और भारी बारिश होने के कारण राज्य सरकार ने लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के प्रयास तेज कर दिए है। विशेष राहत आयुक्त (एसआरसी) राजेश पी. पाटिल ने कहा कि राज्य सरकार ने शाम तक निचले इलाकों और भूस्खलन की आशंका वाले स्थानों से कम से कम 48,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की योजना बनाई है।

दक्षिण मध्य रेलवे ने 11 ट्रेनें रद्द कीं

दक्षिण मध्य रेलवे ने बंगाल की खाड़ी में बने अत्यंत गंभीर चक्रवात 'अर्नब' के मद्देनजर 11 ट्रेनें रद्द कर दी हैं। इस चक्रवात के बुधवार को आंध्र प्रदेश के तट से टकराने की संभावना है। दक्षिण मध्य रेलवे ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ट्रेनों को रद्द किया गया है।

तमिलनाडु की राजनीति में 'गरमी'

सरकार की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए, कानून ठप

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु की राजनीति में अन्नाद्रमुक के महासचिव एडप्पादी के. पलानीस्वामी और द्रमुक के अध्यक्ष एमके स्टालिन के बीच अक्सर तीखी जुबानी जंग और राजनीतिक तकरार बढ़ी है।

थेनी जिला उप-जेल से 17 कैदियों के फरार होने के मामले पर दोनों नेताओं ने सरकार की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए हैं और इसे कानून-व्यवस्था की नाकामी बताया है।

पलानीस्वामी ने राज्य में बढ़ते अपराधों, बच्चों के लापता होने और



हत्या की घटनाओं को लेकर स्टालिन के नेतृत्व वाली तत्कालीन कानून-व्यवस्था पर तीखा हमला बोला।

तमिलनाडु विधानसभा चुनावों के प्रचार के दौरान पलानीस्वामी ने स्टालिन सरकार को 'विफलता का मॉडल' बताया। उन्होंने रोजगार, चेन्नई बाढ़ प्रबंधन और बढ़ते कर्ज को लेकर द्रमुक शासन को घेरा।

माइक्रोसॉफ्ट की पात्र कर्मचारियों को 'स्वैच्छिक' नौकरी छोड़ने की पेशकश



नई दिल्ली (एजेंसी)। वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने भारत, अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा में पात्र कर्मचारियों के लिए स्वैच्छिक रूप से नौकरी छोड़ने की योजना पेश की। इसके तहत कंपनी छोड़ने का विकल्प चुनने वाले कर्मचारियों को वित्तीय सहायता और करियर संबंधी मार्गदर्शन दिया जाएगा। माइक्रोसॉफ्ट की कार्यकारी उपाध्यक्ष और मुख्य मानव संसाधन अधिकारी एमी कोलमैन ने एक ब्लॉग पोस्ट में कहा कि यह योजना चारों देशों में चुनिंदा टीमों के उन कर्मचारियों के लिए उपलब्ध होगी, जिनका आंतरिक नौकरी ग्रेड 70 या उससे नीचे है। कंपनी में वैश्विक स्तर पर करीब 60,000 कर्मचारी ''स्वैच्छिक निकासी पेशकश'' (वीईओ) के पात्र हैं।

भारत में है 23,000 कर्मचारी

भारत में माइक्रोसॉफ्ट के लगभग 23,000 कर्मचारी हैं लेकिन तत्काल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि देश में योजना के लिए पात्र कर्मचारियों की संख्या कितनी है। सूत्रों के मुताबिक, भारत में पात्र कर्मचारियों को इस प्रस्ताव पर फैसला करने के लिए एक दिसंबर तक का समय मिलेगा। कंपनी ने 2025 से 2029 के दौरान क्लाउड और कृत्रिम मेधा (एआई) बुनियादी ढांचे, कौशल विकास और परिचालन के लिए 20.5 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। प्रवक्ता ने कहा कि कंपनी 2030 तक भारत में दो करोड़ लोगों को एआई कौशल से लैस करने के अपने लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में भी आगे बढ़ रही है।

आरपीएफ ने ट्रेनों व रेल परिसर में आपराधिक मामलों पर कसी लगाम

नई दिल्ली। उत्तर-पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक पंकज शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा ट्रेन और रेल परिसर में कानून और व्यवस्था बनाए रखने की प्रतिबद्धता के साथ-साथ सेवा ही संकल्प अन्तर्गत आईजी-सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त ज्योति कुमार सतीजा के कुशल नेतृत्व में निरन्तर अग्रसर रहकर रेलवे परिसर, रेल यात्रियों और बुनियादी ढांचे की सुरक्षा सुनिश्चित करने में समर्पण और दक्षता का उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है, जिसके तहत विभिन्न अभियानों में रेलवे सुरक्षा बल द्वारा रेल यात्रियों को भिन्न-भिन्न तरीकों से सेवा प्रदान कर रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा एकीकृत सुरक्षा प्रणाली लागू कर ट्रेनों और रेल परिसर में अपराधों की रोकथाम में अत्यधिक सफलता प्राप्त की है। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा एक माह में रेलवे अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए इन नियमों के उल्लंघन करने के 1407 मामले दर्ज कर 1330 व्यक्तियों के विरुद्ध रेल अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही की गई तथा ₹3,43,300 जुर्माना वसूल किया गया। साथ ही 15 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर 99,323 रुपए की रेल संपत्ति बरामद की गई, यात्री विषयक अपराध की रोकथाम में भी उल्लेखनीय सफलता मिल रही है। सूरतगढ़ स्टेशन पर गत माह रेल परिसर में सोए हुए यात्री की जेब से दो मोबाइल फोन चोरी की वारदात का सीसीटीवी फुटेज के आधार पर खुलासा हुआ जिससे अपराधी तो तुरंत पकड़ कर फोन बरामद किया गया।

दक्षिण गोवा में 29वें ऊर्जा सम्मेलन में बोले केंद्रीय मंत्री

ईंधन में एथेनॉल मिश्रण 20% से अधिक बढ़ाने की अभी कोई योजना नहीं : पुरी

एजेंसी ▶▶ पणजी

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि केंद्र की फिलहाल पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण की मात्रा मौजूदा 20 प्रतिशत से अधिक बढ़ाने की कोई योजना नहीं है। दक्षिण गोवा में 29वें ऊर्जा प्रौद्योगिकी एवं नवाचार सम्मेलन के उद्घाटन के मौके पर बातचीत के दौरान पुरी ने यह भी दावा किया कि जैव ईंधन को लेकर गलत जानकारी फैलाई जा रही है।

पुरी ने कहा कि ई20 (20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल) को लेकर गलत जानकारी एक ''मनगढंत कहानी'' है। ई20 ईंधन को लेकर जारी चर्चाओं के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ''जहां तक जैव ईंधन का सवाल है... हां, एथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य 20 प्रतिशत था और फिलहाल इसे 20 प्रतिशत से अधिक बढ़ाने की कोई इच्छा नहीं है।'' उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर गलत जानकारी फैलाई जा रही है।

आयातित कच्चा तेल देश के चालू खाते में घाटे का प्रमुख कारण

एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल को बढ़ावा दिया जा रहा

सरकार आयातित कच्चे तेल पर निर्भरता कम करने की अपनी रणनीति के तहत एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल को बढ़ावा दे रही है। आयातित कच्चा तेल देश के चालू खाते के घाटे के प्रमुख कारणों में से एक है। देश में ई20 ईंधन पहले ही शुरू किया जा चुका है, जिसमें 20 प्रतिशत एथेनॉल और 80 प्रतिशत पेट्रोल होता है।

- जैव ईंधन को लेकर गलत जानकारी फैलाई जा रही
- ई20 में 20 फीसदी एथेनॉल और 80 प्रतिशत पेट्रोल होता है



सोशल मीडिया की पोस्ट देखी

'अनुसंधान से व्यावसायीकरण तक ऊर्जा नवाचार को गति देना' विषय पर आयोजित तीन दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन दक्षिण गोवा के बेतुल गांव में किया गया। इसका आयोजन केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय कर रहा है। पुरी ने कहा कि उन्होंने सोशल मीडिया पर एक 'पोस्ट' देखी थी, जिसमें दावा किया गया था कि वाहन बंद पड़ गए हैं और उनमें खराबी आ रही है।

2003 से पहले बने वाहनों में कुछ समस्या थी

इससे यह संकेत मिलता था कि सरकार ने मिश्रित ईंधन की बिक्री बंद कर दी है। उन्होंने कहा कि ई20 मिश्रित ईंधन का इस्तेमाल इसके अनुरूप बने वाहनों के लिए है। उन्होंने कहा, ''2003 से पहले बने पुराने वाहनों में कुछ समस्या थी।''

सरकार को 1,60,000 करोड़ रुपये की बचत हुई

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ई20 पेट्रोल की शुरुआत से केंद्र सरकार को 1,60,000 करोड़ रुपये की बचत हुई, जिसमें से 1,40,000 करोड़ रुपये किसानों को वापस दिए गए। उन्होंने कहा, ''किसान अन्नदाता (भोजन देने वाले) से ऊर्जादाता (ऊर्जा देने वाले) बन गए हैं।''

तनिष्क ने पेश किया 'अध्यंतरा' कलेक्शन आभूषणों में उतरी ब्रह्माण्ड की सुंदरता

बैंगलुरु। टाटा परिवार का एक सदस्य और भारत का सबसे बड़ा ज्वेलरी रिटेल ब्रांड तनिष्क ने धनतेरस के शुभ अवसर के लिए अपना नया कलेक्शन 'अध्यंतरा' पेश किया है। नए कलेक्शन के लिए बनाए गए विशेष कैम्पेन में मशहूर अभिनेत्री तृप्ति डिमरी नजर आ रही हैं। 'अध्यंतरा' असीम ब्रह्मांड की खूबसूरती और उसके रहस्यों से प्रेरित है। दूर चमकते सितारों की अनूठी रोशनी से लेकर खगोलीय आकृतियों की कलात्मकता तक 'अध्यंतरा' का हर आभूषण अपने आप में कुछ असाधारण समेटे हुए है। यह हर महिला को एक ऐसी जादुई दुनिया तलाशने का न्योता देता है, जहां उसकी कल्पनाओं की कोई सीमा न हो। ब्रह्मांड हमेशा से एक अनोखे जादू और रहस्यों का प्रतीक रहा है। चार अलग-अलग श्रेणियों ग्लास कुंदन, स्टोन जड़े हुए प्लेन आभूषण, प्लेन गोल्ड और अनकट डायमंड्स में 100 से अधिक शानदार डिजाइनों के साथ यह कलेक्शन तैयार किया गया है। नेकलेस सेट, चूड़ियां, अंगूठियां और मंगलसूत्रों तक फैले इस कलेक्शन में 18 कैरेट और 22 कैरेट सोने के आभूषण शामिल हैं, जिनका वजन 30 ग्राम से 120 ग्राम के बीच है। इसका हर एक आभूषण कल्पना और सटीकता का एक अनूठा संगम है, जिसे 3डी आकृतियों, परतों वाली 'बादरूम' कारीगरी, पेटेंट किए गए 3डी ग्लास कुंदन, हाथ से तराशे गए स्टोन और इनेमल की बेमिसाल तकनीकों के जरिए जीवंत किया गया है। बारीक परतों, आयामी कला और रंगों, रोशनी व टेक्स्चर के बेहतरीन तालमेल से हमारी पारंपरिक कारीगरी को एक आधुनिक रूप दिया गया है, जो ब्रह्मांड की गहराई और उसकी दिव्य चमक को दर्शाता है। इस कलेक्शन में एक नया आयाम जोड़ते हुए, कुछ चुनिंदा आभूषणों को वर्सटाइल 3-इन-1, 4-इन-1 और 5-इन-1 मॉड्यूलर डिजाइनों में तैयार किया गया है। इनके अलग होने वाले पेंडेंट और अलग की जा सकने वाली परतें आपको एक ही आभूषण को कई अलग-अलग तरीकों से स्टाइल करने की आजादी देते हैं।



कच्चे तेल में तेजी, बैंक शेयरों में बिकवाली से बाजार स्थिर बंद

मुंबई (भाषा)। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, बैंक एवं आईटी शेयरों में बिकवाली और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत फैसले से पहले निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में लगभग स्थिर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 8.08 अंक यानी 0.01 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 73,598.67 अंक पर बंद हुआ। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में यह 73,762.98 अंक के ऊपरी और 73,179.41 अंक के निचले स्तर तक गया। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 3.45 अंक यानी 0.02 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 22,749.75 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर प्रमुख रूप से गिरावट में रहे।

चांदी में 4,000 रुपये की गिरावट सोना भी 500 रुपये टूटा

नई दिल्ली (भाषा)। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को चांदी की कीमत दो लाख रुपये प्रति किलोग्राम से नीचे आ गई। 10 महीने से अधिक समय में यह पहला मौका है जब चांदी की कीमत इस स्तर पर आई है। सोने की कीमत में भी 500 रुपये की गिरावट दर्ज की गई। वैश्विक सर्राफा बाजारों में कमजोर रुख और डॉलर में मजबूती के कारण सोना और चांदी के भाव में नरमी आई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 4,000 रुपये टूटकर सभी करों सहित 1.98 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रही। यह 10 महीने का इसका सबसे निचला स्तर है। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 2.02 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इससे पहले 16 दिसंबर को चांदी का भाव 1,98,500 रुपये प्रति किलोग्राम था। इसी तरह, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी सोमवार के बंद भाव 1,46,300 रुपये प्रति 10 ग्राम से 500 रुपये घटकर सभी करों सहित 1,45,800 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई।

रेलवे के सम्बलपुर मंडल के कर्मचारियों ने ली सत्यनिष्ठा की शपथ



सम्बलपुर। पूर्व तट रेलवे के सम्बलपुर मंडल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2026 का शुभारंभ 26 अक्टूबर, 2026 को सम्बलपुर स्थित मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर के प्रगति धारा में सत्यनिष्ठा शपथ ग्रहण समारोह के आयोजन के साथ किया गया। सम्बलपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक, श्री सुबाष सी. चौधरी ने मंडल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कता एवं सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। इस शपथ का उद्देश्य सभी कार्यालयीन कार्यों में सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता, ईमानदारी एवं जवाबदेही बनाए रखने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ करना था। समारोह में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया तथा उच्चतम नैतिक मानकों का पालन करने, लोक सेवा में पारदर्शिता को बढ़ावा देने और भ्रष्टाचार की रोकथाम में योगदान देने की शपथ ली। सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2026 का आयोजन 26 अक्टूबर, से 1 नवंबर, 2026 तक किया जा रहा है। इसका उद्देश्य सार्वजनिक जीवन में सत्यनिष्ठा, नैतिक आचरण एवं जवाबदेही के महत्व के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है।

नजारा टेक्नोलॉजीज दूसरी तिमाही में मुनाफे में लौटी

नई दिल्ली। गेमिंग कंपनी नजारा टेक्नोलॉजीज को चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में करीब 35.3 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ है। कंपनी को वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में करीब 34 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। कंपनी ने इस दौरान राजस्व के लिहाज से रिकॉर्ड तिमाही दर्ज की। वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में कंपनी का राजस्व सालाना आधार पर 53 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 803 करोड़ रुपये हो गया।

रुपया आठ पैसे मजबूत होकर 95.07 प्रति डॉलर पर बंद

मुंबई (भाषा)। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को डॉलर के मुकाबले रुपया आठ पैसे मजबूत होकर 95.07 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कच्चे तेल की ऊंची कीमत और डॉलर मजबूत होने के बीच आरबीआई के संभावित हस्तक्षेप से रुपये को समर्थन मिला। रिजर्व बैंक के हस्तक्षेप से रुपये में कुछ सुधार आया। लेकिन विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 95.17 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 95.02 से 95.24 प्रति डॉलर के दायरे में रहा और अंत में पिछले बंद भाव से आठ पैसे मजबूत होकर 95.07 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

ज्योतिष

दुआ भी तकदीर बदल देती है तांत्रिक मास्टर किंग का एलान भटको चाहे जिधर काम होगा इधर
2 घंटे में समाधान
प्रेम विवाह, सौतन-दुश्मन से छुटकारा, पति-पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा, रूठे को मनाना, नौकरी, कारोबार में बाधा आदि।
स्पेशलिस्ट वशीकरण, मूठकरनी
मियां मलिक जी
9711428545
सारे इल्मों के माहिर

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

एलजी इंडिया को लगातार तीसरे साल मिला वर्कप्लेस सर्टिफिकेशन

नोएडा। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड ने लगातार तीसरे वर्ष ग्रेट प्लेस टू वर्क® सर्टिफिकेशन हासिल किया है। कंपनी को यह मान्यता कर्मचारियों के फीडबैक और कार्यस्थल की संस्कृति के मूल्यांकन के आधार पर मिली है।ग्रेट प्लेस टू वर्क® कर्मचारियों के अनुभव और संगठन में विश्वास के स्तर का आकलन करने वाली वैश्विक संस्था है। एलजी इंडिया का मूल्यांकन ट्रस्ट इंडेक्स™ सर्वे के माध्यम से किया गया। इसमें कर्मचारियों के अनुभव, कार्यस्थल पर आपसी विश्वास, जुड़ाव और संगठन की संस्कृति से जुड़े पहलुओं को शामिल किया गया।

युवाओं को रोजगार देने वाले उद्यमी बनने की सलाह दी

नई दिल्ली। सैमसंग के 'सॉल्व फॉर टुमॉरो 2026' कार्यक्रम में सरकार, संयुक्त राष्ट्र और नवाचार क्षेत्र के विशेषज्ञों ने युवाओं को तकनीक के जरिए सामाजिक समस्याओं के समाधान विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के वैंड फिनाले में वक्ताओं ने रोजगार सृजन, उद्यमिता और आम लोगों के जीवन में सुधार लाने वाले नवाचारों पर जोर दिया। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के संयुक्त सचिव सुशील पाल ने कहा कि नवाचार की सफलता इस बात से तय होनी चाहिए कि उससे आम लोगों के जीवन में कितना बदलाव आता है।

LOST & FOUND

I, KESHAV AGGARWAL S/o LATE PRADEEP KUMAR AGGARWAL R/o 1226/18 FIRST FLOOR GALI TELIAN, TILAK BAZAR, DELHI- 110006 do hereby solemnly affirm and inform that I have lost/ misplaced my original paper chain and incomplete GPA of property No. 1/40 Plot No. 7185 to 7193E, Word No. XII Roop Nagar Block A, Delhi and not traceable by my best efforts. I have already lodge a Lost Report in this regard, on dated 13-10-2026 vide L.R. No. 718517/2026. I have not mortgage the above said original documents with any Bank or any other financial institution in any manner, and I have not taken any loan against the above said property. For genuine claims contact at 9811585436
KESHAV AGGARWAL

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-टेंडरिंग निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (समाडि), पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निविदा सूचना सं.– MCWIZNOT143Hydra2026 के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य के लिए 'सिंगल पैकेट सिस्टम' के आधार पर खुली ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं :
कार्य का नाम : "हायरिंग ऑफ वन हाइड्रोलिक रोड मोबाइल क्रेन, कपेसिटी एप्रोक्स 12 टन्स, फॉर लोडिंग/अनलोडिंग ऑफ कोच असेम्बल्ड बोगिस टु/फ्रोम द ट्रेलर एट कोचिंग डिपो काठगोदाम एंड रामनगर फॉर ए पीरियड ऑफ थ्री ईयर्स, **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 30,24,158.40, **बयाना राशि :** रु. 60,500.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** निल, **कार्य की अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 36 महीने तक, **ई-निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** दिनांक 17.11.2026 को समय 17.00 बजे।
• निविदाकार ई-निविदा को दिनांक 17.11.2026 को समय 17.00 बजे तक ऑनलाइन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं ई-निविदा को प्रस्तुत करने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।
वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजी. (समाडि)
मुजाधि/यांत्रिक-98 पूर्वोत्तर रेलवे/इज्जतनगर
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

उत्तर रेलवे
खुली ई–निविदा सूचना
पत्र संख्या :128-डब्ल्यू/वं.मं.अधि./सं/निविदा आमंत्रण सूचना-19-2026-27-डब्लूसी दिनांक: 26.10.2026
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल इंजीनियर – ट्रैक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

1	कार्य का नाम	दिल्ली मंडल में लूप लाइनों को SWR/LWR में परिवर्तित करने के कार्य हेतु 60 किलोग्राम रेलों की फ्लैश बट वेल्डिंग, रेल–कम–रोड मोबाइल फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट का उपयोग करके, मौके पर ही (In Situ) या रेलवे लाइन के किनारे (Cess) पर की जाएगी (निविदा आमंत्रण सूचना– 19–2026–27–डब्ल्यू–सी)
2	अनुमानित लागत	रु. 6,73,33,736.26/-
3	धरोहर राशि	रु. 13,46,700.00/-
4	ई–निविदा भरने का दिनांक और समय & ई–निविदा खुलने का दिनांक और समय	ई–निविदा भरने का समय शुरू दिनांक 03.11.2026 को 15.00 बजे से निविदा खुलने का समय & निविदा खोलने की पूर्व निर्धारित 06.11.2026 के स्थान पर संशोधित कर 18.11.2026 निर्धारित की गई है।
5	निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है	www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
3729/26

उत्तर रेलवे
सूचना
दिनांक 08.11.2026 (रविवार) दीपावली के उपलक्ष्य में दिल्ली क्षेत्र के आरक्षण कार्यालय जो कि मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक/यात्री विपणन के अधीन कार्यरत हैं, उनके कार्य करने हेतु निम्नलिखित प्रबन्ध किये गये हैं:–
(ए) आंशिक सेवा:–
(1) आई0आर0सी0ए0 भवन (2) दिल्ली जंक्शन व (3) हजरतनिजामुद्दीन आरक्षण कार्यालयों में सांयकालीन पारी में आंशिक सेवायें 18:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगी।
(बी) सांयकालीन पारी में निम्न आरक्षण केन्द्र बन्द रहेंगे:–
(1) सरोजनीनगर (2) कीर्तिनगर (3) शकूरबस्ती (4) दिल्लीशाहदरा (5) गाजियाबाद (6) कड़कड़डूमा (7) ओखला (8) नोएड़ा (9) तुगलकाबाद (10) सब्जीमण्डी (11) आदर्श नगर (12) लाजपत नगर (13) रोहिणी (14) अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS) (15) अन्तर्राष्ट्रीय टूरिस्ट ब्यूरो (आई0आर0सी0ए0 भवन)
उपरोक्त सभी कार्यालय प्रातः कालीन पारी में यथावत कार्यरत रहेंगे।
(सी) निम्नलिखित आरक्षण केन्द्र पूरे दिन बन्द रहेंगे:–
(1) संसद भवन (2) प्रेस–क्लब आफ इण्डिया (3) रेलवे बोर्ड (4) सुप्रीम कोर्ट (5) हाई कोर्ट (6) जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय
3739/2026 उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक/आईटी
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाद मिल सकता है दूसरा स्थान

लिस्ट होते ही मार्केट कैप में नंबर 2 बन सकती है जियो

- ग्रे मार्केट के संकेतों पर जियो की वैल्यूएशन करीब 12 .61 लाख करोड़ पहुंचने की संभावना

मुंबई। बुधवार को शेयर बाजार में उतरते ही जियो प्लेटफॉर्म्स देश की दूसरी सबसे मूल्यवान कंपनी बन सकती है। ग्रे मार्केट के मौजूदा प्रीमियम के आधार पर जियो का मार्केट कैप करीब 12.61 लाख करोड़ रुपये पहुंच सकता है, जो भारती एयरटेल से लगभग 25,700 करोड़ रुपये ज्यादा होगा। इस तरह जियो मार्केट कैप के मामले में रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाद दूसरे स्थान पर काबिज हो सकती है। एयरटेल को पीछे छोड़ने के लिए जियो को करीब 1,342 रुपये या उससे अधिक के भाव पर लिस्ट होना होगा। जियो आईपीओ का इश्यू प्राइस 1,119 रुपये प्रति शेयर है। ग्रे मार्केट में इस पर करीब 245 से 255 रुपये तक के प्रीमियम के संकेत हैं। बीच का 250 रुपये प्रीमियम लेकर गणना करें तो संभावित लिस्टिंग प्राइस 1,369 रुपये बैठता है। मंगलवार को एनएसई पर भारती एयरटेल का आखिरी ट्रेडेड भाव 1,978.80 रुपये रहा। इस भाव पर कंपनी का मार्केट कैप करीब 12.35 लाख करोड़ रुपये बैठता है। ग्रे मार्केट के संकेत सही साबित हुए तो देश की सबसे मूल्यवान कंपनियों की सूची में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। करीब 16.19 लाख करोड़ रुपये के मार्केट कैप के साथ रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले और जियो प्लेटफॉर्म्स दूसरे स्थान पर होंगी। इसके बाद भारती एयरटेल 12.35 लाख करोड़ रुपये , एचडीएफसी बैंक 10.49 लाख करोड़ और आईसीआईसीआई बैंक 9.96 लाख करोड़ रुपये के साथ क्रमशः तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर होंगे। इस तरह टॉप-5 में रिलायंस समूह की दो कंपनियां शामिल हो सकती हैं। इस संभावित सूची में टेलीकॉम और डिजिटल सेवाओं से जुड़ी दो कंपनियां, निजी क्षेत्र के दो बैंक और विविध कारोबार वाली एक कंपनी होगी। यह देश के शेयर बाजार में इन क्षेत्रों की अहमियत की एक दिलचस्प तस्वीर पेश करेगी। इस संभावित बदलाव की एक और खास बात है। टाटा समूह की प्रमुख आईटी कंपनी टीसीएस, जो फिलहाल देश की पांच सबसे मूल्यवान लिस्टेड कंपनियों में शामिल है, छठे स्थान पर खिसक सकती है। मंगलवार के शेयर भाव पर टीसीएस का मार्केट कैप करीब 9.03 लाख करोड़ रुपये बैठता है। ऐसे में देश की टॉप-5 कंपनियों में टाटा या अदाणी समूह की कोई कंपनी नहीं होगी। अदाणी समूह की कोई कंपनी अभी भी इस सूची में शामिल नहीं है। हालांकि जियो का वास्तविक लिस्टिंग प्राइस ग्रे मार्केट के संकेतों से अलग हो सकता है। ग्रे मार्केट प्रीमियम अनौपचारिक होता है और इससे लिस्टिंग की निश्चित कीमत का पता नहीं चलता। बुधवार, 28 अक्टूबर को बीएसई और एनएसई पर शेयरों की ट्रेडिंग शुरू होने के बाद ही स्पष्ट होगा कि मार्केट कैप के मामले में जियो किस स्थान पर पहुंचती है।



टॉप-5 से बाहर हो सकती है टाटा की टीसीएस, अदाणी समूह की भी कोई कंपनी नहीं होगी शामिल

राशिफल

मेष धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

वृष वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

मिथुन शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

कर्क आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

सिंह सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

कन्या किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

तुला मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

वृश्चिक शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

धनु आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

मकर व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

कुंभ मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

मीन परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

शब्द पहेली - 6391



■ मंगल सैणचा, बैंगलोर

बाएँ से दाए-
1. हाईकमान-5
4. बुशर्ट, शर्ट-3
6. लाख, गोंद-2
7. प्रतिज्ञा-3
8. मां का भाई-2
10. धनवान, रईस-3
11. मरने के बाद शरीर को परीक्षण के लिये दान करना-4
14. जिज्ञासा, उत्साह-3
16. अनगिनत-4
17. वर्ष, बरस-2
18. लय, स्वर-2
19. गदर, बलवा-4
21. ईर्ष्या-3
22. गरुर, घमंड-4
24. राजा, सम्राट-3
25. पानी से सराबोर-2
27. व्यर्थ, फिजूल-3
28. चतुर्थ, चौथा-2
29. बहने का भाव-3
30. मन मोहने वाला-5

ऊपर से नीचे
1. आरामदायी-5
2. एक अनमोल रत्न, दुलारा-2
3. सेवा शुल्क-4
4. अभिव्यक्ति-3
5. बचत, जोड़-2
7. वहम-2
9. स्वामी-3
12. प्रवेश-3
13. धरोहर, थाती-4
15. तरंग, हिलोर-3
16. निरंकुश, मुंहजोर-4
17. किनारा, तट
18. कामधेनू, सुगंध-3
20. नुकसानदेह-5
21. दुनिया, जग-3
22. कहासुनी-4
23. चयन-3
24. चट्टान, शिला (अंग्रेजी-2)
26. ईश्वर, भगवान-2
28. प्रेम, लगन-2

शब्द पहेली -6390 का हल

	बं	दा	न	वा	ज		आ	स	मा	न
न	दी		र		ल	बा	दा		र	जा
व		ज	म	ज	म		ब	री		क
जी	म	ना			ह	ठ		ता	क	त
व		चा		जे	ल		पे		ता	
न	ग	र	से	ठ		फ	ट	का	र	ना
	री		ना		स	ना		रो		म
सु	ब	ह		दा	म			बा	री	क
र		क	श		झ	न	का	र		र
ता	प		प	र	दा		म		क	ण
ल	थ	प	थ		र	च	ना	का	र	





लॉस एंजिलिस ओलंपिक तक टीम में रहना चाहते हैं जरमनप्रीत

एजेंसी ▶▶| जालंधर

हॉकी इंडिया ने एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) के बाद जिन चार सीनियर खिलाड़ियों को बाहर करने की योजना बनाई है उनमें जरमनप्रीत सिंह भी शामिल हैं लेकिन इस डिफेंडर का अभी संन्यास लेने का मूड नहीं है और उनकी नजरें 2028 में लॉस एंजिलिस में होने वाले ओलंपिक खेलों पर टिकी हैं।

हॉकी इंडिया के सूत्रों ने इस महीने की शुरुआत में बताया था कि जरमनप्रीत, मनदीप सिंह, अमित रोहिदास और नीलकांत शर्मा एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में भारत के लिए अपना अंतिम टूर्नामेंट खेलेंगे। भारत ने एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

मैं खेलना जारी रखना चाहता हूं: जरमनप्रीत

अमृतसर के रहने वाले 30 वर्षीय जरमनप्रीत ने कहा, ''मैं खेलना जारी रखना चाहता हूं और लॉस एंजिलिस ओलंपिक में अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं। मैं टीम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहता हूं।''उन्होंने कहा, ''एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना हमारी टीम के लिए बड़ी उपलब्धि है।

टीम ने इस बारे में कोई चर्चा नहीं की : हरमनप्रीत



हरमनप्रीत ने सोमवार को टूर्नामेंट पूर्व संध्या पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ''मुझे नहीं लगता कि यह सही खबर है और हमने टीम में इस बारे में कोई चर्चा नहीं की। मुझे लगता है कि यह महज अफवाह है।''जरमनप्रीत ने अब तक 171 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं।

संन्सास की अटकलों को खारिज किया

यह हमारे लिए शानदार अवसर है और हम लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।'' जरमनप्रीत ने कहा, ''इस टूर्नामेंट के बाद हम ओलंपिक के लिए अपनी तैयारी शुरू करेंगे। मैं चाहता हूं कि टीम वहां अच्छा प्रदर्शन करे और स्वर्ण पदक जीते।''भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने भी संन्यास की अटकलों को खारिज करते हुए इसे 'अफवाह' करार दिया।

पेरिस ओलंपिक में टीम के प्रमुख सदस्य रहे : वह पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के एक प्रमुख सदस्य थे। वह 2022 और 2026 में एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे। अर्जुन पुरस्कार विजेता का मानना है कि उन्होंने एक डिफेंडर के रूप में अपने खेल में महत्वपूर्ण सुधार किए हैं।

खेल में सुधार की कोशिश करता रहूंगा

जरमनप्रीत ने कहा, ''मैंने अपने रक्षात्मक कौशल को बेहतर बनाने, अच्छे अवसर पैदा करने और टीम की जीत में योगदान देने की कोशिश की है। मैं एक डिफेंडर के रूप में अपने खेल में लगातार सुधार करने की कोशिश करता रहूंगा।''

खबर संक्षेप



काजल व नीलम ने विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाई

अस्ताना। भारतीय महिला कुश्ती खिलाड़ियों ने मंगलवार को विश्व चैंपियनशिप में नया इतिहास रचा जब पदार्पण कर रही काजल ढोचक और नीलम सिरोही ने स्वर्ण पदक के मुकाबलों में जगह बनाकर सुनिश्चित किया कि पहली बार इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के एक ही सत्र में देश की दो महिला पहलवान विश्व खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगी। छब्बीस साल की नीलम ने 50 किग्रा वर्ग में कजाखस्तान की जेनेप बायानोवा को 7-3 से हराकर फाइनल में जगह बनाई जहां उनका सामना जापान की दिग्गज पहलवान यूई सुसाकी से होगा। वह विश्व चैंपियनशिप के खिताबी मुकाबले में पहुंचने वाली भारत की दूसरी महिला पहलवान बन गईं। इसके तुरंत बाद 18 वर्षीय काजल ने भी यह उपलब्धि हासिल कर ली। उन्होंने 76 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में किर्गिस्तान की अनुभवी पहलवान आइपेरी मेडेट काइजी को 10-7 से हराकर शानदार वापसी की।

राष्ट्रीय बधिर टी-20 चैंपियनशिप सूरत में

सूरत। भारतीय बधिर क्रिकेट संघ (आईडीसीए) यहां 10वीं राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप का आयोजन कर रहा है, जिसमें 14 टीमें भाग ले रही हैं। सूरत बधिर क्रिकेट एसोसिएशन (डीसीएएस) के सहयोग से आयोजित की जा रही यह चैंपियनशिप सोमवार से शुरू हुई और एक नवंबर तक चलेगी। इसके मैच बावाजी क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित किए जा रहे हैं। इस बार आंध्र प्रदेश, हरियाणा, मुंबई, विदर्भ, राजस्थान, छत्तीसगढ़, केरल, दिल्ली, चंडीगढ़, जम्मू और कश्मीर, तमिलनाडु, कर्नाटक, गुजरात और उत्तर प्रदेश की टीमें इसमें भाग ले रही हैं।

न्यूजीलैंड को छह विकेट से हराया, पांच मैचों की श्रृंखला में 3-0 की अजय बढ़त बनाई

अभिषेक के तूफानी शतक से भारत ने न्यूजीलैंड से टी-20 श्रृंखला जीती



अभिषेक शर्मा
प्लेयर ऑफ द मैच
113 रन
38 गेंद
09 चौके
11 छक्के

- अभिषेक ने महज 38 गेंदों में 113 रन की पारी खेली
- भारत ने 199 रन का लक्ष्य केवल 13 .2 ओवर में चार विकेट खोकर पाया
- वैभव ने भी 19 गेंद में 45 रन की शानदार पारी खेली



एजेंसी ▶▶| वेलिंगटन

अभिषेक शर्मा की तूफानी बल्लेबाजी के सामने न्यूजीलैंड के गेंदबाज पूरी तरह बेबस नजर आए और भारत ने मंगलवार को तीसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में न्यूजीलैंड को 40 गेंद शेष रहते छह विकेट से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 3-0 की अजेय बढ़त बना ली। दुनिया के शीर्ष रैंकिंग वाले टी-20 बल्लेबाज अभिषेक ने महज 38 गेंदों पर 113 रन की अविश्वसनीय पारी खेल प्लेयर ऑफ द मैच बने, उन्होंने केवल 15 गेंदों में अर्धशतक पूरा कर न्यूजीलैंड की गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ा दीं भारत ने 199 रन के मुश्किल दिख रहे लक्ष्य को महज 13.2 ओवर में चार विकेट खोकर हासिल कर लिया।

35 गेंदों में पूरा किया शतक

अभिषेक की विस्फोटक पारी के सामने युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी (19 गेंद में 45 रन) की शानदार बल्लेबाजी भी कई मौकों पर फीकी नजर आई। अभिषेक ने 35 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। शतक लगाने के बाद उन्होंने अपने चिर-परिचित अंदाज में ध्यान मुद्रा बनाकर जश्न मनाया।

भारत ने पावर प्ले में विश्व रिकॉर्ड बनाया

भारत ने इसके साथ ही पांच ओवर में सबसे तेज टीम शतक और टी-20 अंतरराष्ट्रीय में पावरप्ले के दौरान सर्वोच्च स्कोर का विश्व रिकॉर्ड बनाया। अभिषेक और सूर्यवंशी ने पहले विकेट के लिए महज सात ओवर में 133 रन जोड़ दिए।

दोनों बल्लेबाजों ने मिलकर 12 छक्के लगाए

वेलिंगटन के वेस्टपैक ट्रस्ट स्टेडियम में मौजूद दर्शकों के लिए यह साझेदारी लंबे समय तक यादगार रहेगी। दोनों बल्लेबाजों ने मिलकर 12 छक्के लगाए। सूर्यवंशी ने चार तो वहीं अभिषेक ने आठ छक्के जड़े। जब ग्लेन फिलिप्स ने अभिषेक का कैच लपका, तब तक भारतीय बल्लेबाज 11 छक्के और नौ चौके लगा चुका था।

अभिषेक की बल्लेबाजी से न्यूजीलैंड का मनोबल टूटा

अभिषेक के विकेट के बाद न्यूजीलैंड की टीम का मनोबल इस कदर टूट चुका था कि उसके खिलाड़ी विकेट मिलने का जश्न मनाने के लिए भी उत्साहित नजर नहीं आए। भारतीय पारी की शुरुआत जैकब डफी के ओवर में 26 रन के साथ हुई। एडम मिल्ने ने दूसरे ओवर में 17 रन दिए। इसके बाद माइकल ब्रेसवेल और काइल जैमीसन ने क्रमशः 21 और 20 रन लुटाए। चार ओवर के भीतर ही न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर के चेहरे पर बेबसी साफ दिखाई देने लगी थी। न्यूजीलैंड की पारी के दौरान गेंद जिस पिच पर रुककर आ रही थी, वही भारतीय बल्लेबाजों के सामने बेहद सपाट नजर आई। अभिषेक और सूर्यवंशी ने गेंद की लाइन से हटकर ऑफ साइड में जगह बनाई या फिर गेंद की दिशा के अनुरूप लेग साइड में जोरदार प्रहार किए।

पावर प्ले के छह ओवर में 118 रन बनाए

भारत ने इस जीत के साथ न्यूजीलैंड की धरती पर लगातार तीसरी टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीतने की उपलब्धि हासिल की। इससे पहले भारतीय टीम ने 2020 में 5-0 और 2022 में 1-0 से श्रृंखला अपने नाम की थी। महज 15 साल के सूर्यवंशी ने भी आक्रामक पारी खेली। दोनों ने मिलकर भारतीय टीम को पांच ओवर में 100 रन के पार पहुंचाया और पावरप्ले के छह ओवर में रिकॉर्ड 118 रन बनाए।

स्कोर बोर्ड

न्यूजीलैंड पारी	रन	गेंद	4	6
टिम सीफर्ट का अक्षर बो अर्शदीप	02	06	0	0
फिन एलन का नमन बो रेड्डी	40	25	0	5
डेरिल मिचेल नाबाद	89	52	5	5
ग्लेन फिलिप्स का एवं बो अक्षर	17	14	3	0
बेवन जैकब्स नाबाद	39	23	4	1
अतिरिक्त: 11, कुल योग : 20 ओवर में 198/3 रन				
विकेट पतन: 1-4, 2-90, 3-123				
गेंदबाजी: भुवनेश्वर 4-0-40-0, अर्शदीप 4-0-33-1, प्रिंस यादव 4-0-44-0 अक्षर 4-0-36-1, रेड्डी 4-0-38-1				
भारत पारी	**रन**	**गेंद**	**4**	**6**
वैभव सूर्यवंशी का मिचेल बो फिशर	45	19	4	4
अभिषेक का फिलिप्स बो जैमीसन	113	38	9	11
संजू सैमसन बो जैमीसन	18	13	2	0
श्रेयस अय्यर का फिलिप्स बो सैंटनर	05	10	0	0
तिलक वर्मा नाबाद	01	01	0	0
नमन धीर नाबाद	04	01	1	0
अतिरिक्त : कुल योग: 13.2 ओवर में 199/4 रन				
विकेट पतन: 1-133, 2-178, 3-193, 4-195				
गेंदबाजी: डफी 2-0-44-0, मिल्ने 2-0-33-0, ब्रेसवेल 2-0-36-0, जैमीसन 3.2-0-45-2 फिशर 1-0-23-1, सैंटनर 3-0-17-1				



वनडे में भी क्लीन स्वीप करने उतरेगी टीम इंडिया

वडोदरा। टी20 में क्लीन स्वीप करने वाली भारतीय टीम अपना विजय अभियान जारी रखकर जिम्बाब्वे के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में भी इसे दोहराने की कोशिश करेगी। पहले दो मैचों में जीत के बाद भारत ने सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। अब उसका लक्ष्य क्लीन स्वीप करना होगा, जो टी20 सीरीज में 3-0 की जीत के बाद एक और बड़ी उपलब्धि होगी। भारत को पहले दो वनडे मैच में किसी तरह की खास चुनौती नहीं मिली। पहले मैच में प्रतिका रावल के नाबाद शतक और श्री चरणी के चार विकेट की बदौलत भारत ने नौ विकेट से जीत हासिल की। दूसरे मैच में हरमनप्रीत कौर के 126 और दीप्ति शर्मा के नाबाद 106 रन की मदद से भारत ने छह विकेट पर 328 रन बनाए। स्मृति मंधाना ने पूर्णकालिक कप्तान बनने के बाद टीम को अच्छी सफलता दिलाई है लेकिन वह बल्लेबाजी में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई हैं। ऐसे में वह अंतिम मैच में बड़ी पारी खेलने के लिए प्रतिबद्ध होंगी।

श्रीलंका ने पाक को 8 विकेट से हराया

इंग्लैंड त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल की दौड़ से बाहर

एजेंसी ▶▶| लाहौर

श्रीलंका ने मंगलवार को पाकिस्तान को आठ विकेट से करारी शिकस्त देकर इंग्लैंड की त्रिकोणीय एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के फाइनल में जगह बनाने की उम्मीदों को खत्म कर दिया। तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 34 रन देकर पांच विकेट झटके जिससे टॉस गंवाने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम सिर्फ 110 रन पर सिमट गई।

श्रीलंका ने इसके बाद 18.1 ओवर में दो विकेट पर 114 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। यह मुकाबला दिन-रात का था और गद्दाफी स्टेडियम की फ्लडलाइट के पूरी तरह जलने से पहले ही श्रीलंकाई टीम जीत दर्ज कर चुकी थी। श्रीलंका ने इससे पहले रावलपिंडी में इंग्लैंड के खिलाफ 430 रन के लक्ष्य का पीछा करके एकदिवसीय इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा



लक्ष्य हासिल किया था। श्रीलंका की ओर से कामिंदु मेंडिस ने 60 गेंद में नाबाद 62 रन बनाए। उन्हें खाता खोलने से पहले ही विकेटकीपर ने जीवनदान दे दिया था। इसके अलावा 44 रन के निजी स्कोर पर उन्होंने रिव्यू लेकर मैदानी अंपायर के पगबाधा के फैसले को पलटवा दिया। बायें हाथ के इस बल्लेबाज ने अपनी पारी में आठ चौके और दो छक्के लगाए।

विश्व अंडर-19 मुक्केबाजी

आदित्य ने 55 किग्रा में जीता स्वर्ण, मेघा को रजत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एशियाई चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता आदित्य ने मंगलवार को मोंटेनेग्रो के बुडवा में विश्व मुक्केबाजी अंडर-19 चैंपियनशिप में पुरुषों के 55 किग्रा वर्ग का खिताब अपने नाम किया।

शुरुआती राउंड में मामूली अंतर से पिछड़ने के बाद भारतीय मुक्केबाज ने शानदार वापसी करते हुए फाइनल में रूस के इस्लाम मागोमेदोव को 4-1 से हराया। भारत ने प्रतियोगिता में एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक सहित कुल चार पदक जीते। जीत के बाद आदित्य ने कहा, ''मैं पहले राउंड के बाद 2-3 से पिछड़ रहा था लेकिन मैंने अगले राउंड में बेहतर प्रदर्शन करते हुए इसे 4-1 से अपने नाम किया। तभी मुझे विश्वास हुआ कि मैं यह मुकाबला जीत सकता हूं।''

हालांकि दूसरे स्वर्ण पदक की भारत की उम्मीदों को झटका लगा जब महिला 80 किग्रा वर्ग के फाइनल में मेघा श्योकंद को रूस की एकातेरिना फ्रोलोवा के खिलाफ 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। भारत के दो कांस्य पदक हर्षिका (महिला 65 किग्रा) और प्राची टोकस (महिला 80 किग्रा से अधिक) ने जीते।

गुजरना पड़ेगा कड़ी जांच से

वाडा ने आईसीसी को टियर-1 में रखा, भारत शीर्ष श्रेणी में बरकरार

- आईसीसी अब तक टियर-2 पर थी
- खिलाड़ियों को अब अधिक कड़ी जांच से गुजरना पड़ेगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) ने क्रिकेट को ओलंपिक में शामिल किए जाने के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को अपनी प्राथमिकता नीति के तहत पहली श्रेणी में शामिल कर दिया है, जबकि भारत उन शीर्ष देशों में बना हुआ है जिन्हें संस्था के निगरानी कार्यक्रम में सबसे कड़ी जांच का सामना करना पड़ता है। आईसीसी अब तक टियर2 पर थी, लेकिन अब उसे टियर1 में रख दिया गया है जिसमें खिलाड़ियों को अधिक कड़ी जांच से गुजरना पड़ता है। यह व्यवस्था अगले वर्ष एक जनवरी से लागू होगी। वाडा ने कहा, ''खेलों के वर्गीकरण का आधार यह है कि क्या खेल ओलंपिक या पैरालंपिक कार्यक्रमों में शामिल हैं।'' क्रिकेट 100 से अधिक वर्षों के बाद 2028 में लॉस एंजिलिस ओलंपिक खेलों में वापसी करेगा। इस स्तरीय प्रणाली का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि वाडा के संसाधनों का उपयोग उन देशों और खेलों में डोपिंग के जोखिम का सामना करने के लिए किया जा सके जहां धोखाधड़ी का जोखिम और प्रभाव सबसे अधिक माना जाता है। वाडा के 38 सदस्यीय शीर्ष स्तर में अन्य प्रमुख अंतरराष्ट्रीय संघों में विश्व बैडमिंटन महासंघ, अंतरराष्ट्रीय साइकिलिंग संघ, अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ, अंतरराष्ट्रीय जिम्नास्टिक महासंघ, अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ, अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक समिति, अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ, वर्ल्ड बॉक्सिंग और विश्व एथलेटिक्स शामिल हैं।

भारत स्क्वाश में शीर्ष श्रेणी में शामिल हुआ

ओलंपिक खेलों में स्क्वाश को शामिल किए जाने के कारण विश्व स्क्वाश महासंघ को भी टियर3 से टियर1 में रखा गया है। इस बीच डोपिंग के अधिक मामले पाए जाने के कारण भारत पिछले तीन वर्षों से शीर्ष श्रेणी में बना हुआ है। इस श्रेणी में कुल 50 देश शामिल हैं जिनमें अमेरिका और चीन भी हैं। हर दो साल में अपडेट करेगा : वाडा हर दो साल में स्तर (टियर) को अपडेट करेगा और इससे जुड़े देशों और खेल संघों को उनकी स्थिति में बदलाव होने पर कम से कम दो महीने का नोटिस मिलेगा।

केन ने पिछले सत्र में क्लब की और से देश के लिए 73 गोल किए, महिला वर्ग में पुटेलस को तीसरा खिताब

केन 25 वर्षों में बैलोन डी ओर जीतने वाले इंग्लैंड के पहले खिलाड़ी बने

एजेंसी ▶▶| लंदन

पिछले सत्र में शानदार प्रदर्शन करने वाले हैरी केन पिछले 25 वर्षों में बैलोन डी ओर जीतने वाले इंग्लैंड के पहले खिलाड़ी बन गए हैं जबकि महिला वर्ग में स्पेन की स्टार खिलाड़ी एलेक्सिया पुटेलस ने तीसरी बार यह प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीती। केन ने पिछले सत्र में क्लब और देश के लिए 73 गोल किए और वह यूरोप में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी रहे। केन ने जर्मनी के अपने क्लब बायर्न म्यूनिख और विश्व कप में गोल करने का नया रिकॉर्ड बनाया था। विश्व कप में वह इंग्लैंड के कप्तान थे और उनकी टीम तीसरे स्थान पर रही थी। इस 33 वर्षीय खिलाड़ी ने इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुने जाने के बाद कहा, ''कड़ी मेहनत से सब कुछ संभव है। मेरा सफर आसान नहीं था। मैं वो बच्चा नहीं था जो सीधे शिखर पर पहुंच गया हो। मुझे उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ा।''

विश्व कप में केन ने छह गोल दागे थे

विश्व कप में उन्होंने छह गोल करके गैरी लाइनकर को पीछे छोड़ते हुए इंग्लैंड की तरफ से विश्व कप में सर्वाधिक गोल करने का रिकॉर्ड बनाया था। उनकी टीम सेमीफाइनल में अर्जेंटीना से हार गई, लेकिन उसने तीसरे स्थान के मैच में फ्रांस को हराया जो पिछले 60 वर्षों में इंग्लैंड का विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।



पुटेलस ने 2021 व 2022 में यह पुरस्कार जीता

पुटेलस ने 2021 और 2022 में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता था। महिलाओं के लिए इस पुरस्कार की शुरुआत 2018 में हुई थी। उन्होंने पुरस्कार के लिए चुने जाने के बाद युवा खिलाड़ियों के लिए संदेश में कहा, ''खुद पर विश्वास रखो। यही सबसे महत्वपूर्ण बात है। अगर आपका कोई सपना है, तो उसे पूरा करने की कोशिश करो, भले ही कभी-कभी आपको शून्य से शुरुआत करनी पड़े।''

केन के बाद एमबाप्पे का नंबर रहा

केन ने कहा, ''मुझे इस मुकाम पर पहुंचने के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ा। मुझे उम्मीद है कि इससे युवा खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी।''इस पुरस्कार की दौड़ में शामिल अन्य खिलाड़ियों में मतदान में केन के बाद किलियन एमबाप्पे, लामिन यामल (जिन्हें लगातार तीसरे वर्ष सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी चुना गया), 2024 के विजेता रोड्रि और रिकॉर्ड आठ बार के विजेता लियोनेल मेस्सी का नंबर रहा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109



यह जानकारी मंगलवार को विदेश मंत्रालय के अधिकारी सिबी जॉर्ज ने एक मीडिया ब्रीफिंग में दी है

लिचेंस्टाइन से मिले दोहरे कराधान निवारण समझौते के प्रारूप की समीक्षा करेगा भारत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अगर सारी परिस्थितियां ठीक रही तो आगामी समय में भारत और मध्य-यूरोप के एक छोटे व समृद्ध देश लिंचेस्टाइन के बीच दोहरे कराधान निवारण समझौते (डीटीएए) को अमलीजामा पहनाया जाएगा। अभी फिलहाल इसे लेकर लिंचेस्टाइन ने एक महत्वपूर्ण प्रारूप नई दिल्ली को सौंप दिया है। जिसकी समीक्षा की जाएगी। यह जानकारी मंगलवार को राजधानी में हुई एक मीडिया ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज ने दी है। दरअसल इस ब्रीफिंग का आयोजन लिंचेस्टाइन के कार्यवाहक राष्ट्राध्यक्ष प्रिंस अलोइस की 25 से 28 अक्टूबर तक जारी भारत की यात्रा और 27 अक्टूबर को राजधानी में हुई उनकी उच्च-स्तरीय बैठकों के संदर्भ में किया गया था।



वित्त मंत्रालय को देंगे सहयोग

सिबी ने ये भी बताया कि भारत में डीटीएए मूल रूप से वित्त मंत्रालय के अधीन आने वाला एक मामला है। वह ही इस प्रारूप की समीक्षा करेगा। लेकिन आवश्यकता पड़ने पर विदेश मंत्रालय, वित्त मंत्रालय को जरूरी सहयोग प्रदान करने के लिए तैयार है। हां, इतना जरूर है कि दोहरे कराधान निवारण समझौते की मदद से भारत और लिंचेस्टाइन के बीच आर्थिक गतिविधियों में बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। जिसमें व्यापार तथा निवेश बढ़ाने पर खासतौर पर मदद मिलेगी।

94 देशों संग है दोहरा कराधान समझौता

यहां बता दें कि भारत का वर्तमान में दुनिया के कुल करीब 94 से अधिक देशों के साथ दोहरा कराधान निवारण समझौता है। जिनमें अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, सिंगापुर, यूएई, मॉरीशस जैसे देश शामिल हैं। समझौते का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी व्यक्ति या कंपनी की आय पर (जहां आय अर्जित की गई हो और निवास का देश) दोनों देशों में दो बार कर न लगे।

प्रिंस अलोइस की 5वीं यात्रा

उन्होंने कहा कि लिंचेस्टाइन के प्रिंस अलोइस की यह पांचवीं भारत यात्रा है। पूर्व में वह इस साल फरवरी महीने में राजधानी में हुए एआई समिट के लिए भारत यात्रा पर आए थे। जबकि इससे पहले वर्ष 2010, 2013 और 2018 में भी प्रिंस अलोइस भारत की यात्रा कर चुके हैं।

जल्द होगा टीईपीए सम्मेलन

उन्होंने बताया कि भारत व यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के बीच 2024 में हस्ताक्षरित और 2025 से लागू हुए व्यापार एवं आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) के जरिए आगामी डेढ़ दशक (15 वर्षों) में भारत में कुल करीब 100 बिलियन डॉलर का विदेशी निवेश आएगा। साथ ही इससे स्वदेश में 10 लाख प्रत्यक्ष नौकरियों का सृजन भी होगा। सिबि ने लिंचेस्टाइन के एलजीटी समूह द्वारा भारत में किए गए निवेश का भी उल्लेख किया और कहा कि एलजीटी एक परिसंपत्ति प्रबंधन समूह है, जिसका पूर्ण नियंत्रण लिचेंस्टाइन के राजपरिवार के पास है। उन्होंने टीईपीए-2 सम्मेलन के जल्द आयोजन की उम्मीद जताई।

जवानों का दिया निर्देश, चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए प्रौद्योगिकी के समावेश पर दें जोर

सेनाप्रमुख ने माणा और जोशीमठ में परखी सैन्य तैयारियां



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अरुणाचल प्रदेश में सैन्य झड़पों की अपुष्ट खबरों के बीच सेनाप्रमुख जनरल धीरज सेठ ने मंगलवार को उत्तराखंड के माणा और जोशीमठ में भारतीय सेना की रणनीतिक तैयारियों की व्यापक आधार पर समीक्षा की है। यह दोनों क्षेत्र भी चीन के साथ केंद्रीय सेक्टर में मौजूद वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से निकट दूरी पर स्थित हैं। सेना ने एक बयान में बताया कि जनरल सेठ को अपनी यात्रा में न केवल सेना की युद्धक तैयारियों का विस्तृत रूप से जायजा लिया। बल्कि उन्होंने सीमाई क्षेत्रों के विकास, स्थानीय समुदायों के सशक्तिकरण प्रयासों का भी आकलन किया है। सेना के अधिकारियों ने उन्हें इस मामले से अवगत कराया।

चुनौती का तत्परता संग करें मुकाबला

सेनाप्रमुख ने इलाके में तैनात सेना के जवानों से मुलाकात की। जिसमें एक ओर देश की सरहदों की रक्षा में पूर्ण समर्पण के साथ उनके द्वारा प्रदर्शित की जा रही पेशेवर दक्षता और दृढ़ता को सराहा। वहीं दूसरी ओर बदलते सुरक्षा परिदृश्य के बीच सामने आ रही सुरक्षा चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए ज्यादा से ज्यादा प्रौद्योगिकी के समावेश के साथ इस्तेमाल, सतत परिचालन सतर्कता को बनाए रखने पर जोर दिया है। भारत के प्रथम गांव कहे जाने वाले माणा में सेनाप्रमुख ने वहां बसे स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने और उनकी आजीविका में बढ़ोतरी के लिए सेना के जवानों और आम निवासियों के साझा प्रयासों की प्रशंसा की।

6 हजार वर्ग फीट में फैले इस केंद्र में हैं 12 खंड और 21 प्रदर्शनियां

द्वारका में देश के पहले सीबीएसई अनुभव केंद्र का जोशी ने किया उद्घाटन



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मंगलवार को राजधानी स्थित द्वारका में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के पहले अनुभव केंद्र का उद्घाटन किया है। यह केंद्र आकार में देखें तो कुल छह हजार वर्गफीट में फैला हुआ है। इसके अलावा इसमें 12 खंड और 21 जीवंत प्रदर्शनियां हैं। मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि अनुभव केंद्र का असल उद्देश्य बच्चों और अभिभावकों को शिक्षा के बदलते स्वरूप, आधुनिक तकनीक और अनुभव आधारित शिक्षण पद्धति से प्रत्यक्ष रूप से रूबरू कराना है। इसकी एक खास बात ये भी है कि इसमें बोर्ड से जुड़े हुए दुर्लभ दस्तावेज और पुरानी ऐतिहासिक तस्वीरों को भी बड़े ही शानदार अंदाज में प्रदर्शित किया गया है। 1935 के ऐतिहासिक अभिलेख यहां आने वाले लोगों के लिए बड़ा आकर्षण साबित होंगे।

नवाचारों को प्रदर्शित करने का माध्यम

केंद्र के उद्घाटन के बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि यह केंद्र स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में सीबीएसई द्वारा किए जा रहे नवाचारों को बखूबी प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। साथ ही पारंपरिक ज्ञान, ऐतिहासिक विरासत और आधुनिक तकनीक को एक मंच पर प्रदर्शित करेगा। जिससे देश में अनुभव आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। अपने संबोधन में उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के मुताबिक शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक, पारदर्शी तथा विद्यार्थियों की जरूरतों के अनुरूप बनाने के संकल्प पर भी जोर दिया है।

यूएन में सुधारों को रोकने वाले 'छिपे हुए वीटो' पर भारत ने जताई आपत्ति

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के सुधारों को आगे बढ़ने से रोकने वाले 'छिपे हुए, व्यावहारिक वीटो' की कड़ी आलोचना की है। महासभा में पांच स्थायी सदस्यों के वीटो अधिकारों पर हुई बहस के दौरान भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने कहा कि सुधार प्रक्रिया में 'आम सहमति' की शर्त को अप्रत्यक्ष वीटो की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। हरीश ने बताया कि सुरक्षा परिषद सुधारों के लिए चल रही अंतर-सरकारी वार्ता (आईजीएन) में यह मुद्दा शामिल था, लेकिन कुछ देशों द्वारा अपनाए जा रहे प्रक्रियागत पैंतरों के कारण यह अटक गई है। उन्होंने कहा कि आईजीएन प्रक्रिया में भी 'आम सहमति' की दलील का इस्तेमाल एक छिपे हुए, व्यावहारिक वीटो के रूप में किया जा रहा है। 'यूनाइटिंग फॉर कंसेंसस' नाम के देशों के एक छोटे समूह ने प्रक्रिया संबंधी दांव-पेंच अपनाकर आईजीएन को बातचीत का कोई मसौदा अपनाने से रोक रखा है। इस समूह का नेतृत्व इटली कर रहा है और इसमें पाकिस्तान भी शामिल है। पी. हरीश ने याद दिलाया कि 2008 का महासभा प्रस्ताव, जो आईजीएन का आधार है, बिल्कुल स्पष्ट है। इसका सिद्धांत अधिकतम राजनीतिक स्वीकृति है, न कि पूर्ण आम सहमति। उन्होंने कहा कि 17 दौर की बातचीत के बाद भी कोई ठोस नतीजा नहीं निकला है, क्योंकि यह व्यावहारिक वीटो उस प्रस्ताव में कहीं दर्ज ही नहीं है। भारत ने व्यापक सुधारों की शुरुआत के लिए स्पष्ट समय-सीमा और लक्ष्यों के साथ मसौदे पर आधारित बातचीत जल्द शुरू करने की मांग की है।



ट्रंप प्रशासन ने किया फिर दावा, भारत-यूएस व्यापार समझौता अंतिम चरण में

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

व्हाइट हाउस ने मंगलवार को कहा है कि ट्रंप प्रशासन भारत के साथ एक ऐतिहासिक व्यापार समझौते को लेकर सार्थक बातचीत कर रहा है। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता मैथ्यू मिडलटन ने बताया कि ट्रंप प्रशासन के प्रतिनिधि भारतीय अधिकारियों के साथ सार्थक बातचीत कर रहे हैं, ताकि एक ऐसा ऐतिहासिक व्यापार समझौता किया जा सके जो अमेरिकियों और अमेरिका को प्राथमिकता दे। उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और पीएम नरेंद्र मोदी के बीच करीबी व्यक्तिगत संबंधों का भी जिक्र करते हुए कहा कि दोनों नेता द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

